संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, मंगलवार, 11 जून 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने राष्ट्रपति द्रौपदी से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 160 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# नई सरकार में भी पीएम मोदी ने नहीं बदली अपनी कोर टीम

- सीसीसीएस में रिपीट हुए सभी मंत्रीः शिवराज को कृषि, खट्टर को आवास; शाह-गडकरी समेत पांच वरिष्ठ मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं










## विभागों का बंटवारा

**सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। सूची के मुताबिक नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंत्रिपरिषद सहयोगियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। मंत्रियों के विभागों की सूची राष्ट्रपति भवन के सचिवालय की ओर से जारी कर दी गई है। सूची के मुताबिक नितिन गडकरी को लगातार तीसरी बार सड़क परिवहन मंत्रालय सौंपा गया है। अब तक की जानकारी के अनुसार पिछली सरकार में भाजपा के पांच प्रमुख मंत्रियों के विभागों को नई सरकार में भी जस का तस रखा गया है। इनमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, वित्त मंत्री निर्मला सीतारणम, विदेश मंत्री एस जयशंकर के नाम शामिल हैं। प्रधानमंत्री ने अन्य कैबिनेट सहयोगियों के बीच भी मंत्रालय बांट दिए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने कैबिनेट की पहली बैठक में पीएम आवास योजना को लेकर बड़े फैसले लिए। अजय टम्टा को सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाया है। हर्ष मल्होत्रा भी सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री बनाए गए हैं।

**चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालयः** सीआर पाटिल को जलशक्ति मंत्रालय, गजेंद्र शेखावत को संस्कृति-पर्यटन और चिराग पासवान को खाद्य प्रसंस्करण मंत्रालय मिला है। सबानंद सोनोवाल को बंदरगाह और जहाजरानी, राम मोहन नायडू को नागरिक उड्डयन, किरेन रिजिजू को संसदीय कार्य और भूपेंद्र यादव को पर्यावरण मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। चुनाव हारने के बावजूद मंत्री बनाए गए रवनीत सिंह बिट्टू को अल्पसंख्यक मामलों का मंत्रालय दिया गया है। पिछली सरकार में स्वास्थ्य मंत्री रहे मनसुख मांडविया को श्रम व रोजगार मंत्रालय के साथ-साथ युवा कल्याण एवं खेल मंत्रालय का भी जिम्मा सौंपा गया है।

**रक्षा, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे अहम विभाग भाजपा ने अपने पास ही रखा :** राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री बरकरार रहेंगे। भाजपा के वर्तमान अध्यक्ष जेपी नड्डा को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय का जिम्मा मिला है। जीतनराम मांझी को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय की जिम्मेदारी मिली है।

**मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय मिलाः** पांच बड़े मंत्रालय यानी गृह, रक्षा, वित्त, परिवहन और विदेश में कोई बदलाव नहीं किया गया है। राजनाथ सिंह रक्षा मंत्री, अमित शाह गृह मंत्री, निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ले चुके मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि मंत्रालय मिला है। अश्विनी वैष्णव को सूचना और प्रसारण मंत्रालय के साथ-साथ सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय भी दिया गया है।

**हरियाणा के पूर्व सीएम को भी अहम जिम्मेदारी मिलीः** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और मोदी मंत्रिपरिषद में बतौर कैबिनेट मंत्री शपथ लेने वाले मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा व आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय का जिम्मा मिला है। उनके साथ तोखन साहू आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री और श्रीपद नाईक ऊर्जा राज्य मंत्री बने हैं।

## मोदी कैबिनेट का पहला फैसला- 3 करोड़ नए घर बनेंगे



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** मोदी कैबिनेट ने पहली बैठक में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए घर बनाने को मंजूरी दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत गांवों और शहरों में बनने वाले इन घरों में टॉयलेट, बिजली, पानी और गैस कनेक्शन होगा। इस स्कीम के तहत पिछले 10 साल में कुल 4.21 करोड़ घर पहले ही बनाए जा चुके हैं। योजना के तहत घर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार से आर्थिक मदद दी जाती है। मोदी 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक सोमवार 10 जून को पीएम आवास पर हुई। इसमें सभी कैबिनेट मंत्री शामिल हुए।

**पीएम ने पहली फाइल पर साइन किए - 20 हजार करोड़ की किसान सम्मान निधि को मंजूरी:** पीएम मोदी ने सोमवार को प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर कार्यभार संभाला। उन्होंने सबसे पहले किसान सम्मान निधि की फाइल पर साइन किए। केंद्र की किसान कल्याण योजना के तहत देश के 9.3 करोड़ किसानों को सालाना 6 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाती है। इसे ही किसान सम्मान निधि कहा जाता है। मोदी ने सोमवार को इसकी 17वीं किश्त को मंजूरी दी। मोदी पीएमओ के अफसरों से बोले- बताएं कि हम और बेहतर काम कैसे कर सकते हैं

## मोदी कैबिनेट नहीं मिलने से एकनाथ शिंदे गुट सांसद नाराज



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई**

**महाराष्ट्र** में एनडीए की सहयोगी पार्टी शिवसेना (शिंदे गुट) के सांसद ने मोदी कैबिनेट में पार्टी के किसी सांसद को शामिल नहीं करने पर नाराजगी जाहिर की। पार्टी सांसद श्रीरंग बारणे ने कहा कि 7 सांसद होने के बावजूद हमें एक भी कैबिनेट पद नहीं दिया गया। शिवसेना (शिंदे गुट) के प्रतापराव जाधव ने मोदी 3.0 में राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि, "हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे। चिराग पासवान के 5 सांसद हैं, जीतन राम मांझी का एक सांसद हैं, जेडीएस के 2 सांसद हैं, फिर भी उन्हें एक कैबिनेट मंत्रालय मिला। फिर 7 लोकसभा सीटें मिलने के बावजूद शिवसेना (शिंदे) को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) क्यों मिला।" बारणे ने आगे कहा कि शिवसेना, भाजपा की पुरानी सहयोगी है। कम से कम इसके लिए तो शिवसेना को कैबिनेट पद मिलना चाहिए था। उन्होंने कैबिनेट पद बांटने में पक्षपात का आरोप भी लगाया है। बारणे ने कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना ने 15 सीटों पर चुनाव लड़ा था, जिसमें से 7 सीटें जीतीं, जबकि भाजपा ने 28 में से नौ सीटें जीतीं हैं। भाजपा को ध्यान में रखना चाहिए एकनाथ शिंदे के साहसिक कदम के कारण महाराष्ट्र में सत्ता परिवर्तन

## ओडिशा सीएम के लिए 3 नाम पर चर्चा

**भुवनेश्वर: ओडिशा** विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने बहुमत हासिल किया है। राज्य की 147 सीटों में से बहुमत का आंकड़े 74 को पार करते हुए बीजेपी ने 78 सीटें हासिल की। अब राज्य का सीएम कौन होगा, इसको लेकर कयास लगाए जाने शुरू हो गए हैं। पार्टी के तीन नेताओं सुरेश पुजारी, मनमोहन सामल और गिरीश मुर्मू के नाम सीएम की रेस में चल रहे हैं। इनमें भी सुरेश पुजारी सीएम पोस्ट के लिए मजबूत कैंडिडेट माने जा रहे हैं। सुरेश ब्रजराजनगर विधानसभा सीट से जीते हैं। वहीं, मनमोहन सामल ओडिशा बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। वहीं, गिरीश मुर्मू को पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का करीबी बताया जाता है। पहले केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का नाम भी इस लिस्ट में शामिल था, लेकिन मोदी 3.0 कैबिनेट में उन्हें जगह दी गई। लिहाजा वे सीएम की रेस से बाहर हैं। इधर, बीजेपी ने ओडिशा के नए सीएम के चयन के लिए केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव को ओडिशा का पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। भाजपा के ओडिशा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर ने बताया कि पार्टी विधायक दल की मंगलवार 11 जून को बैठक होगी। नई सरकार का शपथ ग्रहण 12 जून को होगा। ब्रजराजनगर के विधायक सुरेश कुमार पुजारी पिछले लोकसभा चुनाव में बरगढ़ लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीतकर संसद पहुंचे थे।

# प्रेम सिंह ने सिक्किम के सीएम के रूप में शपथ ली

**टीम एक्शन इंडिया**

**गंगटोक:** सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) के अध्यक्ष प्रेम सिंह तमांग ने राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। यह लगातार दूसरी बार है, जब तमांग सिक्किम के मुख्यमंत्री बने हैं। शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन सिक्किम के पालजोर स्टेडियम में आयोजित कराया गया। राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने तमांग को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।




**एसकेएम ने 32 में से 31 सीटों पर दर्ज की थी जीत:** इस वर्ष अप्रैल के महीने में सिक्किम में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए और 2 जून को नतीजे आए। एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है। इस बार विधानसभा चुनाव में तमांग ने जिन दो सीटों से उन्होंने चुनाव लड़ा, वहां उन्हें जीत हासिल हुई।

**कार्यभार संभाला**

**एसकेएम ने प्रेम सिंह तमांग के नेतृत्व में राज्य में 32 में से 31 सीटों पर प्रचंड जीत हासिल की है।**

# भारत सरकार के कर्मचारी भी इस जीत के हकदार पदभारः मोदी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को पीएमओ में कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आने वाले वर्षों में वैश्विक मापदंडों से भी आगे जाकर काम करना है। उन्होंने उन्होंने कहा कि जहां कोई नहीं पहुंचा, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा, "मेरा शुरू से प्रयास रहा है कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान और जनता का प्रधानमंत्री कार्यालय बने।

सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। हमारी टीम के लिए ना तो समय का बंधन है, ना सोचने की सीमाएं और ना ही पुरुषार्थ के लिए कोई तय मानदंड।

# भारत के साथ काम करना चाहता है बांग्लादेशः हसीना



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** नरेंद्र मोदी ने ने राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। इसके बाद से उनको देश -विदेश हर जगह से बधाई मिल रही है। कल शपथ समारोह में 7 विदेशी नेता भी मौजूद थे। इनमें बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अब शेख हसीना भारत और बांग्लादेश के संबंधों को और मजबूत करने के लिए भविष्य में नई सरकार के साथ काम करना चाहती हैं। बांग्लादेश के विदेश मंत्री, मुहम्मद हसन महमूद ने इस बारे में जानकारी दी है।

हसन महमूद ने आगे बताया, शेख हसीना ने समारोह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी से वन-टू-वन मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने एक बार फिर उन्हें और एनडीए को चुनाव जीतने के लिए बधाई दी। वह संबंधों को मजबूत करने के लिए भविष्य में नई सरकार के साथ काम करना चाहती हैं।

**शेख हसीना ने दिया बांग्लादेश आने का निमंत्रणः** हसन महमूद कहते हैं, शेख हसीना ने पीएम मोदी को बांग्लादेश आने का भी निमंत्रण दिया है। उन्होंने ये भी कहा, 'एक पड़ोसी के रूप में, हमारे पास कई अवसर हैं। हमें अपने लोगों के बीच संपर्क को मजबूत करना होगा, कनेक्टिविटी के मामले में,हमें और अधिक काम करना होगा क्योंकि इससे बांग्लादेश और भारत दोनों को लाभ मिलता है।'

# मणिपुर के सीएम की अग्रिम सुरक्षा टीम पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया**

**इंफाल:** हिंसाग्रस्त मणिपुर में मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह के काफिले पर उग्रवादियों ने हमला कर दिया। हालांकि, काफिले में मुख्यमंत्री शामिल नहीं थे। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की अग्रिम सुरक्षा टीम पर घात लगाकर किए गए हमले में दो सुरक्षाकर्मी घायल हो गया है। घटना सोमवार की सुबह की है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री मौजूदा स्थिति का जायजा लेने के लिए मंगलवार को संकटग्रस्त जिरीबाम जिले का दौरा करने वाले थे। घटना के बाद मणिपुर पुलिस कमांडो और असम राइफल्स ने एक संयुक्त टीम बनाई है और अपराधियों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को सीएम एन.बीरेन सिंह हिंसाग्रस्त जिरीबाम का दौरे पर जाने का कार्यक्रम था। इसी सिलसिले में सीएम की अग्रिम सुरक्षा टीम हालात का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जा रही थी।

# भारत-मालदीव साथ मिलकर करेंगे कामः जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** रविवार को केंद्रीय मंत्री पद की शपथ लेने के बाद एस जयशंकर ने सोमवार को विभिन्न विदेशी राष्ट्राध्यक्षों से मुलाकात की। वह मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से भी मिले। इसके अलावा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ अलग-अलग द्विपक्षीय बैठकें कीं। गौरतलब है कि भारत ने नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी एवं हिंद महासागर क्षेत्र के सात देशों के राष्ट्राध्यक्ष को बुलाया था। मालदीव, श्रीलंका,



बंग्लादेश के अलावा मॉरीशस, नेपाल, और भूटान के राष्ट्राध्यक्ष शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

**मिलकर करेंगे कामः** एस जयशंकर ने मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात के बाद कहा कि उम्मीद है कि भारत और मालदीव मिलकर काम करेंगे। एक्स पर उन्होंने लिखा "आज नई दिल्ली में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ. मोहम्मद मुइज्जू से मुलाकात करके खुशी हुई। भारत और मालदीव के साथ मिलकर काम करने की उम्मीद है।"

पिछले साल मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद मोहम्मद मुइज्जू की यह पहली भारत यात्रा है।

**भारत यात्रा**

**पिछले साल मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद मोहम्मद मुइज्जू की यह पहली भारत यात्रा है।**

**ऐतिहासिक**

## सूरज की सतह से उठने वाले तूफान को कैमरे में किया कैद

# सौर मिशन 'आदित्य एल-1' ने हासिल की उपलब्धि

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** इसरो के सौर मिशन आदित्य एल1 एक उपलब्धि हासिल की है। दरअसल आदित्य एल1 पर लगे दो उपकरणों ने सूर्य की सतह से उठने वाले सौर तूफान की घटना को कैमरे में कैद किया है। इसरो ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। इन सौर तूफानों का पृथ्वी पर भी असर होता है। हालांकि अभी तक वैज्ञानिक इस बात का पता नहीं लगा सके हैं कि सूर्य की सतह से उठने वाले इन सौर तूफानों का कारण क्या है।

**आदित्य एल1 पर लगे उपकरणों ने कैद की सौर तूफान की घटनाः** आदित्य एल1 पर लगे उपकरण द सोलर अल्ट्रा वॉयलेट इमेजिंग




टेलीस्कोप और अन्य उपकरण द विजिबल एमीशन लाइन कोरोनाग्राफ ने सूरज की सतह से उठे सौर तूफान को कैमरे में कैद किया। इसरो ने बताया कि मई 2024 को आदित्य एल1 पर लगे उपकरणों ने सौर तूफान को कैमरे में कैद किया था। इसरो ने बताया कि सूरज की सतह से विशाल तरंगे उठती हैं, इसे कोरोनल मास इजेक्शन या सौर तूफान भी कहा जाता है। ये तरंगे छोटी, मध्यम और विशाल आकार की होती हैं। माना जाता है कि सूर्य पर मौजूद चुंबकीय क्षेत्र की वजह से ये सौर तूफान उठते हैं। विशाल आकार की तरंगों का पृथ्वी पर भी असर होता है और कई बार इनकी वजहों से पृथ्वी पर पूरा संचार तंत्र और सैटेलाइट, ऊर्जा ग्रिड आदि पर असर हो सकता है और इन चुंबकीय तरंगों के असर से ये तबाह हो सकते हैं। आदित्य एल1 ने जो सौर तूफान कैमरे में कैद किया, वह विशाल और मध्यम आकार का था। यह घटना 8 और 9 मई को दर्ज की गई और इसके असर से 11 मई को बड़ा चुंबकीय तूफान दर्ज किया गया। इसरो ने सौर तूफान की ये तस्वीरें 17 मई को जारी की थीं। इसरो ने अपने पहले सौर मिशन आदित्य एल1 को सितंबर 2023 में लॉन्च किया था। करीब 127 दिन का सफर करने के बाद आदित्य एल1 अंतरिक्षयान इस साल जनवरी में लैंग्रेजियन पॉइंट पर पहुंचा। लैंग्रेजियन पॉइंट पृथ्वी से 15 लाख किलोमीटर दूर स्थित है।

**कैमरे में कैद**

**अभी तक वैज्ञानिक इस बात का पता नहीं लगा सके हैं कि सूर्य की सतह से उठने वाले इन सौर तूफानों का कारण क्या है।**

# सोनिया की पीएम हसीना से हुई मुलाकात

**गर्मजोशी से**

**रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान उनके साथ रायबरेली से कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे। इस बात की जानकारी कांग्रेस ने आधिकारिक



सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर दी। बांग्लादेश की प्रधानमंत्री सोनिया गांधी से गले लगाकर मिलीं। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी गले लगाया। शेख हसीना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को दिल्ली पहुंचीं। इसके बाद उन्होंने रविवार को राष्ट्रपति प्रांगण में पीएम मोदी की शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे सहित भारत के पड़ोसी देशों और हिंद महासागर क्षेत्र के शीर्ष नेताओं ने हिस्सा लिया।

## गुमशुदा की तलाश



कोमल

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नाम: कोमल पुत्री** छट्टू चौधरी **निवासी:** जुग्गी नं0 एन–28/25, गली नं0–7, मच्छी बाज़ार, डब्लयू.पी.आई.ए., दिल्ली **उम्र:** 19 वर्ष, जो कि अपने घर से 11.05.2024 दोपहर: 01.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **डीडी नं0 78A दिनांक 08.06.2024 के तहत पुलिस स्टेशन, अशोक विहार, दिल्ली** में पंजीकृत किया गया।

शारीरिक विवरण इस प्रकार है:–

**रंग:** सांवला, **कद:** 4'5" **चेहरा:** गोल, **शरीर:** मज़बूत, **पहनावा:** हरे रंग का कुर्ता और सलवार एवं पैरों में हवाई चप्पल पहनी है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़की के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**मो. नं.: 8750870221**
**वेबसाईट: http://cbi.nic.in**
**DP/7183/NW/2024**

थाना प्रभारी,
पुलिस स्टेशन
अशोक विहार, दिल्ली

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा यू/एस 82 (2) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अक्षय गुप्ता पुत्र शशि कांत गुप्ता निवासी ए-274, ऊपरी भूतल मंजिल, सूरजमल विहार, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No: 142/21 दिनांक 22/09/2021 U/s 419/420/467/468/471/120B IPC** के तहत एक मामला **थाना ईओडब्ल्यू** में दर्ज किया गया और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि उक्त **अक्षय गुप्ता** नहीं मिला और मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **अक्षय गुप्ता** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है), इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि अभियुक्त **अक्षय गुप्ता** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेश से
रश्मी गुप्ता
एलडी. सीएमएम/सेंट्रल,
तीस हजारी कोर्ट, नई दिल्ली

DP/6390/EOW/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr.P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सलीम, पुत्रः मोहसीन, पताः सी–442/2, बुलन्द मस्जिद, शास्त्री पार्क, दिल्ली** ने **E-FIR No. 00354/2018 दिनांकः 24.10.2018, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस थाना सिविल लाइन्स, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सलीम** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सलीम** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **E-FIR No. 00354/2018 दिनांकः 24.10.2018, U/S 379/411/34 IPC, पुलिस थाना सिविल लाइन्स, दिल्ली** के अभियुक्त **सलीम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **02.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री गौरव गोयल
महानगर दण्डाधिकारी (केन्द्रीय जिला)
कमरा नं. 247, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6853/N/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### (धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरीश अरोड़ा प्रो. मेसर्स जय हिंद स्टोर्स, दुकान नं.–23, सेवा नगर मार्केट, लोधी रोड़ रेलवे स्टेशन के नजदीक, दिल्ली** और **28/17 L, तीसरी मंजिल, विक्रम विहार, दिल्ली ने सीटी केस सं. 628994/2016 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत** थानाः गोविंदपुरी, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरीश अरोडा** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरीश अरोडा** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीटी केस सं. 628994/2016 धारा 138 एनआई एक्ट के तहत थानाः गोविंदपुरी, दिल्ली के उक्त हरीश अरोड़ा** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **16.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
दीपाक्षी राणा,
महानगर दण्डाधिकारी–01,
कमरा नं. 610, दक्षिणी–पूर्वी जिला,
साकेत न्यायालय कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली

DP/7081/SE/2024

## उत्तर रेलवे

### TENDER NOTICE

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railway, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below items:-

| Sr. No. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & time | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 98245319 | रेलवे बोर्ड के पत्र ओ. के अनुसार अंबाला मंडल/उत्तर रेलवे के विभिन्न स्थानों/मार्गों पर ट्रैक रिकॉर्डिंग के संबंध में आरएफआईडी टैग की आपूर्ति, कमीशनिंग और स्थापना। 2019/ट्रैक–III/सीएस/1 दिनांक 14/11/2022 और एकीकृत ट्रैक मॉनिटरिंग सिस्टम के लिए आरडीएसओ तकनीकी विशिष्टता संख्या टीएम/आईएम/382 या नवीनतम। (वारंटी अवधि: डिलीवरी की तारीख के 30 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर: नहीं, स्टेज: 0) | 3954 Nos. | 01.07.2024 एवं 11.00 hrs | 88180.00 |

Note: 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details.
2. No manual offer will be entertained.

E-Tender Notice No. सं0 98245319 Dated: 07.06.2024 — 1729/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**
शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042
संपर्क सूत्र: 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


# गाजियाबाद से मुरादाबाद तक दो

**टीम एक्शन इंडिया**

**गाजियाबाद :** गाजियाबाद से मुरादाबाद स्टेशनों के बीच दो अतिरिक्त ट्रैक बिछाए जाएंगे। यात्रियों और ट्रेनों की संख्या लगातार बढ़ने से रेलवे प्रशासन ने यह निर्णय लिया है। ट्रैक बिछाने से पहले फिजिबिलिटी रिपोर्ट तैयार करने के लिए सर्वे शुरू हो गया है। मौजूदा समय में इस रूट पर दो ट्रैक पर ट्रेनें दौड़ रही हैं। इस रूट से रोजाना करीब 200 ट्रेनें आवागमन करती हैं। इस रूट से न केवल मुरादाबाद, बल्कि रामपुर, बरेली, लखनऊ के लिए सीधे ट्रेनें संचालित होती हैं। मुरादाबाद से ही उत्तराखंड और जम्मू के लिए भी ट्रेनें जाती हैं। काठगोदाम और रानी खेत के लिए भी ट्रेनें इस रूट से गुजरती हैं। भविष्य में बुलेट और हाईस्पीड ट्रेनें भी चलाने की योजनाएं चल रही हैं। ट्रेनों की संख्या बढ़ने से अक्सर लाइन क्लीयर नहीं रहती है। अक्सर गाड़ियों को बीच में या आउटर पर रोक दिया जाता है। सिग्नल के इंतजार में ट्रेनें घंटों खड़ी रहती हैं। इससे यात्रियों को गंतव्य में पहुंचने में देरी होती है। सबसे ज्यादा दिक्कत गर्मी के दिनों में होती है। जब ट्रेन के लेट होने से यात्रियों को गर्मी में परेशान करना पड़ता है। इस रेलखंड पर चार ट्रैक होने के बाद यात्रियों काफी सहूलियत होगी और ट्रेनों की रफ्तार भी बढ़ेगी।

**141 किलोमीटर में बिछेगा ट्रैक**

गाजियाबाद से मुरादाबाद जंक्शन की दूरी करीब 141 किलोमीटर है। इस रूट पर चार ट्रैक होने के बाद यह दूरी ट्रेनें डेढ़ घंटे में पूरा कर लेंगी। स्टेशनों को छोड़कर ट्रेनों को कहीं रुकना नहीं पड़ेगा।

**अक्तूबर-नवंबर तक शुरू हो सकता है काम**

सेक्शन इंजीनियर पीके पांडेय का कहना है कि सर्वे शुरू हो चुका है। रेलवे द्वारा नामित कंपनी अतिरिक्त ट्रैक के लिए सर्वे कर रही है। उम्मीद है कि जल्द ही सर्वे का काम पूरा हो जाएगा।

# कैदियों के हाथों में आईं किताबें

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** इनके दामन पर अपराध के दाग हैं। इनका नाम सुनकर अच्छे-अच्छे कांप जाते हैं। लेकिन अब इन कैदियों ने हथियार छोड़कर किताबों का दामन थाम लिया है और जीवन दर्शन बदलने का प्रयास कर रहे हैं। पिछले तीन साल में देशभर से राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) में दस हजार से ज्यादा कैदियों ने 10वीं और 12वीं के लिए पंजीकरण कराया है। सबसे ज्यादा पटना के कैदियों ने पढ़ाई के लिए पंजीकरण कराया है। हालांकि जिले की लुक्सर जेल में सिर्फ यूपी बोर्ड से दो कैदियों ने परीक्षा दी। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की ओर से देशभर में कैदियों की शिक्षा के लिए सेंटर चलाए जा रहे हैं। कई कैदियों में पढ़ाई का जनून है। जेल में रहकर भी वो 10वीं और 12वीं करके कल को संवारने की कोशिश में लगे हैं। एनआईओएस की ओर से देश भर के 13 रिजनल सेंटरों में जेल में संचालित सेंटर पर 10394 कैदियों ने पंजीकरण कराया है।

**चड़ीगढ़ के 2213 कैदियों ने कराया पंजीकरण:** पटना में सबसे ज्यादा 3989 कैदियों ने 10वीं और 12वीं के लिए पंजीकृरण कराया। दूसरे नंबर पर चड़ीगढ़ के 2213 और तीसरे नंबर दिल्ली से 2110 कैदियों ने पंजीकरण कराया है। प्रयागराज में 197 कैदियों ने पंजीकरण कराया। वहीं, सबसे कम धर्मशाला में सिर्फ दो कैदियों ने ही पंजीकरण कराया है।

**महिलाओं ने कम कराया पंजीकरण:** पिछले तीन सालों में सिर्फ 267 महिला कैदियों ने पंजीकरण कराया है। हालांकि जेल में पुरुषों की तुलना में महिलाओं की संख्या कम है। 2023 में सबसे कम प्रयागराज में केवल पांच महिलाओं ने पंजीकरण कराया है।

**अन्य बोर्ड की तुलना में एनआईओएस कैदियों के लिए आसान:** पिछले तीन सालों में शैक्षणिक सत्र बचाने के लिए एक लाख से ज्यादा छात्रों ने राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान में दाखिला लिया है।

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 82248836A | इंसुलिन बाइफैसिक एस्पार्ट इंज (इंसुलिन एस्पार्ट और इंसुलिन एस्पार्ट प्रोटामाइन 30/70) कैट्रिज 100IU प्रति एमएल 3 एमएल प्रत्येक (इंटरमीडिएट एक्टिंग) 15 कार्ट्रिज के साथ एक पेन डिवाइस | 7638 Nos. | 01-07-2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस स. दिनांक 08.06.2024 — 1727/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **जोशिम खान** पुत्रः अब्दुल कलाम **पताः** मकान नं. 713/9, गली न. 2, आनन्द पर्वत, दिल्ली ने **FIR No. 417/2022, U/s 380/457/411 IPC पुलिस थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोशिम खान,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **जोशिम खान,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त **जोशिम खान,** केस **FIR No. 417/2022, U/s 380/457/411 IPC पुलिस थाना पहाड़ गंज, दिल्ली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2024** को या उससे पहले हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री रिचा शर्मा
एसीएमएम–01, कमरा नं. 366
सेन्ट्रल, तीस हज़ारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7111/CD/2024
(Court Matter)

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **राकेश पुत्र राम प्रसाद निवासी मकान नं. डी-131, स्कूल ब्लॉक नत्थू कॉलोनी, नंद नगरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 177/2012 दिनांक 05.06.2012 भा.द.सं. की धारा 324/34 के तहत, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **राकेश** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 177/2012 दिनांक 05.06.2012 भा.द.सं. की धारा 324/34 के तहत, थाना नंद नगरी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **राकेश** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **18.07.2024** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अरिदमन सिंह चीमा,
महानगर दण्डाधिकारी-03, शाहदरा,
कोर्ट नं. 19, कड़कड़डूमा कोर्ट्स, दिल्ली

दि.पु./7026/उत्तर पूर्व/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

### धारा 82 Cr. P.C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शबाना,** पत्नी गुलाब, **निवासी** झुग्गी नंबर 62/277, खड्डे वाली झुग्गी, शिव बस्ती रामा रोड, नई दिल्ली ने केस **प्रथम सूचना रिर्पोट सं. 03/24 धारा 20 एनडीपीएस एक्ट, पुलिस थाना मोती नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध की है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शबाना** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शबाना** फरार हो गई हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)।

इसलिए इसके द्वारा उदघोषणा की जाती हैं कि केस **प्रथम सूचना रिर्पोट सं. 03/24 धारा 20 एनडीपीएस एक्ट, पुलिस थाना मोती नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **शबाना** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **15.07.2024** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
श्री सतवीर सिंह लांबा,
एएसजे वेस्ट, तीस हजारी कोर्ट,
नई दिल्ली

DP/6794/WD/2024(Court Matter)

## उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

### TENDER NOTICE

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing date & Time | EMD (IRs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 98245320 | संलग्न विनिर्देशों के अनुसार बेटरी चालित रिचार्जेबल/फ्लैशिंग ट्राई कलर एलईडी टॉर्च लाइट। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर: नहीं, स्टेज: 0) | 1990 Nos. | 03.07.2024 एवं 11:00 hrs | 67110.00 |
| 2 | | रिचार्जेबल एलईडी आधारित ट्राई कलर हैंड सिग्नल लैंप। बैटरी क्षमता 3000 एमएएच, लिथियम–आयन रिचार्जेबल बैटरी, रंग–लाल–हरा, सफेद, तिरंगा फ्लैशलाइट, एल्यूमिनियम सिलेंडर के साथ बॉडी–एबीएस सामग्री, वारंटी–न्यूनतम 24 महीने। लैम्प–वन हाई पावर L/ED whi8te (प्राकृतिक/ठंडा दिन का प्रकाश) >5 नग हरी एलईडी और >5 नग लाल फ्लैशिंग 5 मिमी गोल, फ्लैशिंग–लाल/हरा फ्लैशिंग 200–250 PM, उपयुक्त बैटरी चार्जर के साथ शामिल है। विस्तृत विशिष्टता संलग्न है। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर: नहीं, स्टेज: 0) | 1950 Nos. | | |
| 3 | | संलग्न अनुलग्नक ए के अनुसार उच्च शक्ति 3 वाट एलईडी आधारित त्रिरंग टॉर्च। (वारंटी अवधि : डिलीवरी की तारीख के 24 महीने बाद) (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, स्टेज इंस्पेक्टर: नहीं, स्टेज: 0) | 120 Nos. | | |

Note: -1) Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2) No manual offer will be entertained. E-Tender Notice सं0 98245320 Dated: 10.06.2024 — 1728/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## जना स्मॉल फाइनेंस बैंक

अनूसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड– द फेयरवे, ग्राऊंड & पहली मंजिल
सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071

### सोने के आभूषणों को बोली के लिए सार्वजनिक सूचना

निर्धारित समयसीमा के अंदर सोने के आभूषणों के एवज में नीचे उल्लेखित उधारकर्ता ऋण चुकाने में विफल साबित हुए हैं और कई बार याद स्मरण भी कराया गया। नीचे उल्लेखित उधारकर्ता द्वारा सोने के आभूषण/गहने ऋण खाता के नाम पर गिरवी रखे गए थे, वो सार्वजकि/प्राईवेट/ऑनलाईन बिक्री की जाएगी, हमारे शाखा परिसर में **20-06-2024 को सुबह 10:30 बजे**। जो भी इस नीलामी में भाग लेना चाहते हैं उनसे आग्रह है कि हमारे शाखा कार्यालय में संपर्क करें। बैंक के पास अधिकार होगा कि वो बोली स्वीकार करता है या अस्वीकार करता है बिना किसी कारण बताएं। कृप्या नोट करें कि अगर बोली उसी दिन पूरी नहीं हो पाती तो अगले दिन उन्हीं शर्तों पर बोली लगेगी। अगर ग्राहक नीलामी के सभी शर्तों का मानता है तो वो कानूनी रूप से हायर होगा। उधारकर्ता तो सूचित किया जाता है कि अभी तक का ब्याज और अन्य शुल्क चुकाना होगा नीलामी की तारीख से पहले, अगर चुकाने में असफल साबित होते हैं तो गिरवी रखे हुए सोने के आभूषण की बिक्री की जाएगी और बकाया राशि और अन्य शुल्क ब्याज सहित वसूला जाएगा। किसी भी तरह की जानकारी व अन्य शर्तों और नियमों को जानने के लिए शाखा में संपर्क कर सकते हैं। शाखा कार्यालय की अन्य जानकारी के लिए www.janabank.com पर जाएं।

| क्रमांक सं. | ऋण खाता सं. | उधारकर्ता/सहउधारकर्ता का नाम | सोने के आभूषणों के कुल वजन |
|---|---|---|---|
| 1 | 34428730005694 | Tara . | 4.76 |
| 2 | 34428730005464 | Payal Chaudhary | 5.04 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. 46-ए फर्स्ट फ्लोर, बाटा शोरूम के नजदीक, मसूदाबाद-110043 | | | |
| 3 | 32818740000764 | Sonu A | 32.4 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग फर्स्ट फ्लोर, यू-182/ए, उपाध्याय ब्लॉक, शकरपुर, विकास मार्ग, लक्ष्मी नगर, दिल्ली-110043 | | | |
| 4 | 31248730016830 | Mohammad Shamsher | 5.77 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, ग्राऊंड फ्लोर, संपत्ति नं. 2152, बवाना रोड़, नरेला, मंडी, दिल्ली- 110040 | | | |
| 5 | 30908730015061 | Aakash Aakash | 12.3 |
| 6 | 30908730014466 | Rekha | 3.8 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, डी 74, मेन मार्केट मालवीय नगर, नई दिल्ली- 110017 | | | |
| 7 | 30808730039802 | Poonam Tyagi | 3.84 |
| 8 | 30808730038657 | Sanju | 9.95 |
| 9 | 30808730037016 | Kuwar Pal Sharma | 6.88 |
| 10 | 30808730036996 | Kuwar Pal Sharma | 21.88 |
| 11 | 30808730029750 | Ravi Kumar | 5.05 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, बिल्डिंग नं. बी-109, ज्योति कॉलोनी, नियर दुर्गापुरी चौक, शहादरा, दिल्ली- 110032 | | | |
| 12 | 30218740001593 | Sabiran Khan | 41.31 |
| 13 | 30218740001567 | Abhishek Kumar | 20.1 |
| 14 | 30218740001541 | Jagdish | 48.25 |
| 15 | 30218740001531 | Abhishek Kumar | 129.7 |
| 16 | 30218740001389 | Pinky Bhagwan | 42.82 |
| 17 | 30218730015654 | Seema Sanjay | 4.51 |
| जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड, #8, पश्चिम एन्कलेव रोहतक रोड़, नियर, पीड़गढ़ी, चौक, मारुति शो रूम के सामने, पश्चिम विहार, नई दिल्ली- 110087 | | | |

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 11-06.2024

एसडी/-अधिकृत अधिकारी
जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड

# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश 9815119633, 9855577523**

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

मैं हर्षिता महरिया पुत्री श्री विजय कुमार महरिया , C-44, मनसा राम पार्क, उत्तम नगर, न्यू दिल्ली - 110059 स्कूल रिकॉर्ड्स में मेरा नाम हर्षिता पुत्री श्री विजय कुमार महरिया दर्ज है।' जबकि मेरा पूरा नाम हर्षिता महरिया पुत्री श्री विजय कुमार महरिया है जो सही हैं ।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं जो किरामकुमार पुत्र गोपाल दास निवासी गांव तेवडी , तहसील गन्नौर व जिला सोनीपत बयान करती हूं कि मेरा सगा पुत्र सतीश कुमार व उसकी पत्नी प्रियंका मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है और दोनों अपनी मनमानी करते हैं। मैं उपरोक्त दोनों को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल और सम्बंध विच्छेद करता हू। आज के बाद अगर कोई भी उपरोक्त दोनों से लेनदेन या व्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।









# सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

## आपने अभी तक याचिका की खामियों को दूर नहीं किया है? हम आपकी याचिका को खारिज कर देंगे: सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को दिल्ली सरकार को फटकार लगाई और जल संकट संबंधी याचिका में खामियों को ठीक न करने पर नाराजगी जताई। दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की है कि हरियाणा सरकार को निर्देश दिए जाएं कि वह हिमाचल प्रदेश के मिले अतिरिक्त पानी को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के लिए छोड़े ताकि दिल्ली में पानी के संकट से निपटा जा सके।

**रजिस्ट्री विभाग ने हलफनामा स्वीकार करने से किया इनकार:** जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वाराले की अवकाश पीठ को सुनवाई के दौरान पता चला कि सुप्रीम कोर्ट के रजिस्ट्री विभाग ने हलफनामा स्वीकार करने से इनकार कर दिया है क्योंकि दिल्ली सरकार ने अपनी याचिका में मौजूद खामियों को अभी तक दूर नहीं किया है। इस पर पीठ ने नाराजगी जताई और दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कहा 'आपने अभी तक याचिका की खामियों को दूर नहीं किया है? हम आपकी याचिका को खारिज कर देंगे। पिछली सुनवाई में भी बताया गया था, लेकिन उसके बावजूद आपने गलतियों को ठीक नहीं किया। आप कोर्ट की कार्यवाही को हल्के में नहीं ले सकते फिर चाहे आपका मामला कितना भी जरूरी क्यों न हो।'

**सुप्रीम कोर्ट 12 जून को करेगा सुनवाई:** 'हमें हल्के में न लें। हम दाखिल किए गए दस्तावेजों को स्वीकार नहीं कर रहे हैं। आप सीधे अदालत में कोई दस्तावेज सौंपते हैं और फिर आप कहते हैं कि आपको पानी की कमी है और आज ही आदेश पारित कर दें। आप जल्द कार्रवाई चाहते है, लेकिन खुद आराम से बैठे हैं। सबकुछ रिकॉर्ड पर आने दीजिए। हम परसों इस पर सुनवाई करेंगे।' सुप्रीम कोर्ट पीठ ने यह कहकर मामले की सुनवाई 12 जून तक टाल दी। पीठ ने ये भी कहा कि 'वह पहले मामले की फाइलें पढ़ना चाहते हैं क्योंकि अखबारों में इस मामले पर काफी कुछ लिखा जा रहा है। पीठ ने कहा कि अगर हम फाइलें नहीं पढ़ेंगे तो हम भी अखबारों में हो रही रिपोर्टिंग से प्रभावित हो सकते हैं। यह किसी भी पक्ष के लिए अच्छा नहीं है।'





### सुप्रीम कोर्ट ने हिमाचल प्रदेश सरकार को दिया है निर्देश

**हरियाणा** सरकार की ओर से सुनवाई के लिए पेश हुए वरिष्ठ वकील श्याम दीवान ने कोर्ट को हरियाणा सरकार के जवाब की जानकारी दी। इस पर कोर्ट ने पूछा कि वह अब क्यों जवाब दे रहे हैं। इस पर दीवान ने बताया कि दिल्ली सरकार ने अपनी याचिका में मौजूद खामियों को अभी तक ठीक नहीं किया है। ऐसे में कोर्ट के रजिस्ट्री विभाग ने हलफनामा स्वीकार नहीं किया है। जिसके बाद कोर्ट ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाई। दिल्ली में गर्मी के दिनों में जलसंकट अब आम हो गया है। सुप्रीम कोर्ट ने बीते दिनों हिमाचल प्रदेश की सरकार को निर्देश दिया था कि वह 137 क्यूसेक अतिरिक्त पानी दिल्ली के लिए छोड़े। यह पानी हिमाचल से बहकर हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगा। कोर्ट ने ये भी कहा कि पानी के मुद्दे पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

**लताड़ा**

**आज ही आदेश पारित कर दें। आप जल्द कार्रवाई चाहते है, लेकिन खुद आराम से बैठे हैं**

# धीरज शर्मा एनसीपी यूथ विंग के अध्यक्ष नियुक्त

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** युवा नेता धीरज शर्मा देशभर में एनसीपी की युवा टीम का नेतृत्व करेंगे। सोमवार को दिल्ली में आयोजित एक औपचारिक कार्यक्रम में एनसीपी प्रमुख अजीत पवार, वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल, रायगढ़ से सांसद सुनील तटकरे और धनंजय मुडे की उपस्थिति में धीरज शर्मा को एनसीपी यूथ विंग के अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र सौंपा गया। इसके साथ ही एनसीपी का 26वां स्थापना दिवस भी मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी ने अजीत युवा योद्धा कैंपेन की शुरूआत की, जिससे देश भर में दस लाख युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। लोकसभा चुनाव के बाद एनसीपी की दिल्ली में गतिविधियां तेज हो गई हैं। सोमवार को पार्टी ने वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थति में दो बड़े फैसले लिये। एनसीपी के स्थापना दिवस पर युवा नेता धीरज शर्मा को एनसीपी युवा विंग अजीत युवा योद्धा का अध्यक्ष चुना गया, इसके साथ ही अजीत युवा योद्धा कैंपेन भी लांच किया गया। लंबे समय से पार्टी की गतिविधियों से जुड़े धीरज शर्मा अब देशभर में एनसीपी की अजीत युवा योद्धाओं को एकजुट करने की कमान संभालेंगे। अजीत युवा योद्धा कैंपन सोमवार को औपचारिक रूप से लांच कर दिया गया, जिससे देशभर के युवाओं को जोड़ने का काम किया जाएगा। युवा योद्धा टीम गांव और जिला स्तर पर भी पार्टी के प्रचार प्रसार के साथ ही युवाओं के मुद्दों पर भी काम करेगी। इस अवसर पर एनसीपी अजीत युवा योद्धा के अध्यक्ष धीरज शर्मा ने बताया कि युवाओं को एकजुट कर देश के विकास से जोड़ने और जमीनी स्तर पर युवाओं की समस्याओं को सुनने उसका समाधान करने के लिए केंद्र तक उनकी बात पहुंचाने आदि का काम करेगी।

**जिम्मेदारी**

**धनंजय मुडे की उपस्थिति में धीरज शर्मा को एनसीपी यूथ विंग के अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र सौंपा**

# ट्रैफिक नियम तोड़ा तो खैर नहीं

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्लीवासियों को अपनी जान की परवाह नहीं है। राजधानी वासी ट्रैफिक नियमों का जमकर मजाक उड़ाते हैं। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण दोष पूर्ण (डिफेक्टिव नंबर प्लेट) नंबर के साथ चलने की प्रवृत्ति है। इस तरह की नंबर प्लेट के साथ चलने वालों की संख्या में पिछले साल की तुलना में 268 फीसदी की वृद्धि हुई है। माइनर ड्राइविंग के मामलों में भी रिकार्ड 573 फीसदी की वृद्धि हुई है। दिल्ली ट्रैफिक ने इस तरह के उल्लंघन के मामलों से निपटने के लिए चेकिंग अभियान तेज कर दिया है। ट्रैफिक पुलिस की ओर से रविवार को जारी किए गए वर्ष 2024 के आंकड़ों से पता चलता है कि पुलिस ने दोषपूर्ण नंबर प्लेट के लिए 16859 मालिकों के चालान किए गए हैं, जबकि 2023 में 4363 वाहन चालकों के चालान किए गए थे। इस तरह पिछले वर्ष की तुलना में ऐसे मामलों में लगभग 286 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 2024 में दोषपूर्ण नंबर प्लेट के सबसे अधिक चालान वाले शीर्ष दस ट्रैफिक सर्किलों का गहन विश्लेषण कर यहां चेकिंग से लेकर जागरूकता अभियान चलाना शुरू कर दिया है।



**खतरनाक होतीं दिल्ली की सड़कें**

माइनर राइडिंग के केस 573 फीसदी बढ़े।

अब ट्रिपल राइडिंग के मामले भी 66% बढ़े।

गलत दिशा में वाहन चलाने वाली की संख्या 67% बढ़ी।

दोषपूर्ण नंबर प्लेस के साथ चलने वालों की संख्या 268% बढ़ी।

लाइट जंपिंग व ओवर स्पीड के मामलों में भी बढ़ोत्तरी हुई है।

## कमरे में बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**टीम एक्शन इंडिया**

**गौतमबुद्ध** नगर के दादरी के मोहल्ला नई आबादी में युवती को बहला फुसला कर भगा ले जाने के बाद कमरे में बंधक बनाकर दुष्कर्म किया गया। विरोध करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। मामले में कोतवाली पुलिस ने दो महिला समेत पांच लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस ने मुख्य आरोपी मुस्तकीम को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि मोहल्ले का मुस्तकीम 12 मई की रात युवती को बहला फुसला कर अपने साथ कानपुर ले गया। वहां पर कमरे में बंधक बनाकर रखा। आरोप है कि युवती को नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करता रहा।

# सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को दी राहत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी को राहत देते हुए राउज एवेन्य स्थित पार्टी कार्यालय को खाली कराने की समय सीमा बढ़ा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने अब पार्टी को 10 अगस्त तक पार्टी कार्यालय खाली करने का आदेश दिया है। इससे पहले 4 मार्च को सर्वोच्च अदालत ने आम आदमी पार्टी को 15 जून तक कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था। समयसीमा खत्म होने से पहले ही आम आदमी पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर डेडलाइन बढ़ाने की मांग की थी।

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह अंतिम मौका:** अब आप की याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आम आदमी पार्टी की तरफ से पेश हुए वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर गौर करने के बाद समयसीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। पीठ ने साफ कर दिया कि यह अंतिम मौका है और आम आदमी पार्टी को 10 अगस्त या उससे पहले 206, राउज एवेन्यू स्थित इमारत से अपना कब्जा छोड़ना होगा। गौरतलब है कि राउज एवेन्यू में जिस जगह आम आदमी पार्टी का कार्यालय है, वह जगह दिल्ली हाईकोर्ट परिसर को आवंटित है और यहां जिला अदालतों के लिए इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित किया जाना प्रस्तावित है। सुप्रीम कोर्ट ने आप को लैंड एंड डेवलपमेंट ऑफिस में संपर्क करके उनके कार्यालय के लिए जमीन आवंटित करने की मांग करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने जमीन विकास विभाग को चार हफ्तों के भीतर आम आदमी पार्टी की अपील पर जवाब देने का निर्देश दिया था।



**समय सीमा**

**सुप्रीम कोर्ट ने राउज एवेन्य स्थित पार्टी कार्यालय को खाली कराने की समय सीमा बढ़ा दी है**

**मनी लॉन्ड्रिंग मामला: आप विधायक की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई 18 जून तक टली :** सुप्रीम कोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक जसवंत सिंह गज्जन माजरा की याचिका पर सुनवाई 18 जून तक टाल दी है। दरअसल याचिका में आप विधायक ने मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी है। आप विधायक ने अभी तक मामले में अपना जवाब कोर्ट में दाखिल नहीं किया है, जिसके बाद सोमवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय करोल और जस्टिस ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाश पीठ ने मामले की सुनवाई टाल दी।

# देशभर के व्यापारियों ने खंडेलवाल के सांसद बनने पर पीएम मोदी का किया धन्यवाद

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में सोमवार की सुबह बेहद खास थी। देशभर से आए व्यापारियों के जमावड़े ने चांदनी चौक सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जीत के उत्सव को और भी खास बना दिया। मौका था देश के 9 करोड़ व्यापारियों का प्रतिनिधित्व कर रहे चांदनी चौक से भाजपा सांसद प्रवीन खंडेलवाल के प्रति सम्मान और समर्थन व्यक्त करने का। व्यापारियों के नेता प्रवीण खंडेलवाल के चांदनी चौक से भाजपा सांसद निर्वाचित होने पर देशभर के व्यापारियों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने धन्यवाद मोदी का एक विशिष्ट कार्यक्रम आयोजित किया था। इस कार्यक्रम में दिल्ली सहित देश के 25 से अधिक राज्यों के कोने-कोने से आए 5 हजार से ज्यादा व्यापारियों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर संगीत की दुनिया के नामचीन कलाकारों ने संगीतमय प्रस्तुति से अपना समर्थन जताया और प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। देश के सभी राज्यों के व्यापारी नेताओं ने एक स्वर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आस्था व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सक्षम नेतृत्व में देशभर में व्यापार के नए अवसर बनेंगे। व्यापारियों ने उम्मीद जताया कि घरेलू व्यापार मजबूत होगा तथा ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतगर्त कर प्रणाली का सरलीकरण भी होगा। वहीं, निर्यात व्यापार के लिए सरकार अनेक समर्थन पॉलिसी ले कर आएगी। उन्होंने यह भी उम्मीद जताया कि ई- कॉमर्स की दुश्वारियां खत्म होंगी तथा व्यापारियों द्वारा टेक्नोलॉजी को अपनाए जाने के सभी प्रयास किए जाएंगे। इस अवसर पर खंडेलवाल ने कहा कि वो 11 जून, मंगलवार से सांसद के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर रहे हैं।



**समर्थन**

**25 से अधिक राज्यों के कोने-कोने से आए 5 हजार से ज्यादा व्यापारियों ने हिस्सा लिया**

# दिल्ली के हक का पानी भी रोक रही हरियाणा सरकार: आप



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** जल संकट के लिए आप ने एक बार फिर से भाजपा पर निशाना साधा है। पार्टी की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने थोड़ी ही देर पहले पत्रकार वार्ता कर कहा कि भाजपा की हरियाणा सरकार न खुद दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दे रही है और न अन्य राज्य को देने दे रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हिमाचल प्रदेश से दिल्ली को मिलने वाला 137 क्यूसेक पानी भी हरियाणा ने रोक लिया है। यही नहीं, मुनक कैनाल के जरिये दिल्ली के हिस्से के 1050 क्यूसेक पानी में भी 200 क्यूसेक की कटौती की जा रही है। कक्कड़ ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश का भी पालन नहीं हो रहा, दिल्ली के एलजी जनता का नहीं बल्कि भाजपा के हितों का ध्यान रखते हैं।

**एलजी साहब को नहीं मालूम सुप्रीम कोर्ट का आदेश- प्रियंका कक्कड़**

हरियाणा के लोग तो इतने अच्छे होते हैं कि उनसे पानी मांगो तो साथ में लस्सी भी देते हैं। वहीं हरियाणा की बीजेपी सरकार दिल्ली के हक का पानी भी रोक रही है। इससे भी बढ़कर दिल्ली के उपराज्यपाल साहब हैं। वह कह रहे हैं कि दिल्ली सरकार हरियाणा की बीजेपी सरकार पर गलत आरोप लगा रही है। एलजी साहब को शायद सुप्रीम कोर्ट का आदेश नहीं मालूम है। वह चाहते तो हरियाणा की बीजेपी सरकार से बात करके मामला सुलझा सकते थे, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। एलजी साहब आप दिल्ली की जनता के लिए जवाबदेह हैं ना की बीजेपी हेडक्वार्टर के लिए। उन्होंने कहा कि 30 जून तक मानसून दिल्ली पहुंच जाएगा। तभी तक थोड़ी दिक्कत है, लेकिन भाजपा पानी पर भी नकारात्मक राजनीति कर रही है।

# डेटिंग एप के जरिये हनीट्रैप में फंसाया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गुरुग्राम के एक समलैंगिक युवक को टिंडर डेटिंग एप के जरिये हनीट्रैप में फंसाकर लूटपाट करने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने मिलने के बहाने पीड़ित को गोकुलपुरी के एक फ्लैट में बुला लिया। यहां पीड़ित युवक की अश्लील वीडियो बनाने के अलावा उसकी फोटो खींच ली गई। बाद में उसे सोशल मीडिया पर डालने की धमकी देकर उससे लूटपाट की गई। विरोध करने पर 48 वर्षीय युवक को बुरी तरह पीटा गया। देर रात आरोपियों ने पीड़ित को मुक्त किया। बाद में किसी तरह कैब से वह घर पहुंचा। अगले दिन उसने पुलिस से शिकायत की। 27 अप्रैल से अब तक पीड़ित गुरुग्राम और दिल्ली के पांच थानों में मुकदमा दर्ज करने के लिए चक्कर काटता रहा। करीब डेढ़ माह बाद अब पुलिस ने उसका मुकदमा दर्ज किया। मामले पर उत्तर-पूर्वी जिला के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी तलाश में जगह-जहग छापा मारा जा रहा है। जिस मकान में वारदात को अंजाम दिया गया है, उसकी भी पहचान कर ली गई है। जिला पुलिस दिल्ली और गाजियाबाद में भी दबिश दे रही है। पुलिस के मुताबिक पीड़ित समीर (48) (बदला हुआ नाम) परिवार के साथ गुरुग्राम में रहता है। वह एक निजी कंपनी में ऊंचे पद पर नौकरी करता है। पिछले दिनों टिंडर डेटिंग एप के जरिये उसकी दोस्ती रोहित नामक एक युवक से हुई। करीब एक सप्ताह बातचीत के बाद रोहित ने समीर को मिलने के लिए गोकुलपुरी में बुला लिया। 26 अप्रैल को समीर रोहित से मिलने गोकुलपुरी मेट्रो स्टेशन पहुंचा। जहां से रोहित समीर को मंडोली के एक मकान में ले गया। वहां दोनों ने कमरे में अश्लील हरकत शुरू कर दी। इस बीच चार-पांच लड़के कमरे में दाखिल हो गए। इन लोगों ने समीर को पकड़ लिया। पिटाई करने के बाद उसका अश्लील वीडियो व फोटो खींच लिया। बाद में उसका पर्स व अन्य सामान ले लिया। आरोपियों ने समीर के तीन अलग-अलग बैंक खातों से सवा दो लाख रुपये निकाल लिए।

**लूटपाट**

**गोकुलपुरी के एक फ्लैट में बुला लिया। पीड़ित की अश्लील वीडियो बनाने के अलावा उसकी फोटो खींच ली गई**

# बिभव के खिलाफ दर्ज मुकदमे में जोड़ी गई साक्ष्य मिटाने की धारा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी (आप) सांसद और दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष रहीं स्वाति मालीवाल से मारपीट के आरोपित मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के निजी सचिव बिभव कुमार के खिलाफ दर्ज मुकदमे में दिल्ली पुलिस ने साक्ष्य मिटाने (201) की धारा भी जोड़ दी है। पुलिस टीम जब बिभव को मुंबई लेकर गई थी, तब उसने दावा किया था कि अपना आईफोन फॉर्मेट कर दिया था। पुलिस अधिकारी का कहना कि तीन बार रिमांड पर भी बिभव ने जानकारी नहीं दी कि आईफोन किस जगह और किसके कहने पर फॉर्मेट किया।



**पहले पांच धाराओं में दर्ज की गई थी प्राथमिकी:** पुलिस ने बिभव की जमानत याचिका निचली अदालत और हाईकोर्ट से भी खारिज होने के बाद अब उन पर दर्ज मुकदमे में साक्ष्य मिटाने की धारा भी जोड़ दी है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि स्वाति मालीवाल की शिकायत पर बिभव के खिलाफ पहले पांच धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया था, जिनमें गैर इरादतन हत्या के प्रयास की धारा में सबसे अधिक सजा का प्रविधान है। साक्ष्य मिटाने की धारा में तीन साल की सजा का प्रविधान है, लेकिन नियम कहता है कि किसी आरोपित के खिलाफ जिन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज होता है, उनमें लगी सबसे बड़ी धारा में जितनी सजा का प्रविधान है, उसकी एक तिहाई सजा साक्ष्य मिटाने की धारा के तहत होती है।

**डीवीआर में छेड़छाड़ की आशंका:** पुलिस अधिकारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज करने के बाद मुख्यमंत्री आवास पर लगे सीसीटीवी कैमरों की तीन डीवीआर जब्त की गई थीं। दो डीवीआर प्रवेश द्वार और एक अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे की थी। तीनों डीवीआर में छेड़छाड़ की आशंका के मद्देनजर जांच के लिए एफएसएल के पास भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी नहीं आई है।

## उत्तर पश्चिम भारत में अगले पांच दिनों तक गर्मी का सितम रहेगा जारी

**नई दिल्ली: सोम**वार को दिल्ली समते पूरे उत्तर पश्चिम भारत में गर्मी का सितम जारी रहा । दिल्ली का अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जो सामान्य से दो डिग्री अधिक है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले पांच दिनों तक हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, दिल्ली, जम्मू, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गर्मी का कहर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने इस राज्यों में येलो और ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में अधिकतम तापमान 42 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जाएगा, जो सामन्य से चार डिग्री अधिक है।

# पेयजल संकट गहराया: टैंकर आते ही टूट पड़ती है जनता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राजधानी में पेयजल संकट गहराने के कारण लोगों ने अपना आशियाना बदलना शुरू कर दिया है। कई लोगों ने अपना मकान होने के बावजूद दूसरी जगह मकान किराए पर ले लिया,जबकि कुछ ने किराये का मकान बदल लिया है। पूर्वी दिल्ली के गोकुलपुरी इलाके के आंबेडकर विहार निवासी प्रदीप के घर में कई दिनों से पानी नहीं आ रहा था। लिहाजा उन्होंने इलाके में एक ऐसा मकान किराए पर ले लिया जिसमें समर्सिबल लगा हुआ है। दूसरी ओर बाहरी दिल्ली इलाके के नजफगढ़, मटियाला, विकासपुरी इलाके में किराए पर रह रहे लोगों ने पानी की कमी के कारण मकान बदलने शुरू कर दिए है। इन लोगों ने उन कालोनियों में मकान किराये पर लिए जहां पानी की दिक्कत नहीं है। नजफगढ़ स्थित गोपाल नगर में रहे सतीश बताते है कि उन्होंने कई दिन से धर्मपुरा में रहना शुरू कर दिया है। उन्होंने यह निर्णय पानी संकट के कारण लिया है। गोपाल नगर में पानी बहुत ही कम आता है। इसी तरह विकास नगर में कई वर्षों तक रहे विक्रम ने भी मकान बदल लिया है।



**पानी की कमी**

**कई लोगों ने अपना मकान होने के बावजूद दूसरी जगह मकान किराए पर ले लिया**

**यमुना में पानी कम होने के कारण कई इलाकों में पानी की किल्लत:** यमुना में पानी स्तर कम होने व भीषण गर्मी के बीच राजधानी के कई इलाकों में गंभीर पेयजल संकट है। पानी भरने के लिए कई इलाकों के लोग दिन भर टैंकर व पेयजल आपूर्ति का इंतजार करने का मजबूर हो गए है। टैंकर आने पर पानी भरने के लिए लोग टूट पड़ते हैं। कई हजार लीटर पानी से भरा टैंकर कुछ पल में ही खाली हो जाता है। जबकि कुछ इलाकों में दिन के बजाए रात को पानी की आपूर्ति आने के कारण लोग सो नहीं पा रहे है। लिहाजा पानी भरने के लिए लोगों का दिन का चैन व रात की नींद हराम हुई। राजधानी में सबसे अधिक पानी की समस्या पूर्वी दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, नई दिल्ली और बाहरी दिल्ली के कई इलाकों में बनी हुई है। इन इलाकों में कई में पाइप लाइन नहीं होने के कारण पहले से टैंकरों में पेयजल आपूर्ति की जाती थी। इस कारण इन इलाकों के निवासियों को हमेशा ही पानी किल्लत का सामना करना पड़ता है। नई दिल्ली स्थित संजय कैंप निवासी शंभू ने बताया कि उनके यहां दिन में दो-तीन टैंकर आते है, जिनकी संख्या काफी कम है।

# डबल इंजन की सरकार सही मायने में गरीब हितैषी: सीएम नायब सैनी

## 7500 से अधिक लाभार्थियों को वितरित किए 100-100 वर्ग गज के प्लॉट कब्जा आवंटन पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में केन्द्र व हरियाणा सरकार ने अंत्योदय की भावना को धरातल पर उतारा है। हमारी डबल इंजन की सरकार सही मायने में गरीब हितैषी है और गरीब को मजबूत व सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। पिछले 10 वर्षों में श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जितने कार्य गरीब के हित में किए गए उतने कार्य पिछले 60 वर्षों में कांग्रेस सरकार नहीं कर पाई। कांग्रेस ने गरीबों को झूठ बोलकर गुमराह कर वोट लेकर शोषण किया है। चुनावों में विपक्ष ने जनता को गुमराह किया कि संविधान और आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा जो कि झूठ था।



संविधान और आरक्षण को इस देश में कोई खत्म नहीं कर सकता। मुख्यमंत्री आज जिला सोनीपत में दीनबंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल के सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत 100-100 वर्ग गज के प्लॉट कब्जा आवंटन पत्र वितरण समारोह में बतौर मुख्यतिथि संबोधित कर रहे थे। सोनीपत के अलावा 10 जगहों- भिवानी, चरखी दादरी, पलवल, गुरुग्राम, हिसार, जींद, यमुनानगर, महेन्द्रगढ़, झज्जर और सिरसा में भी कार्यक्रम आयोजित किये गए, जहां पर हरियाणा सरकार के मंत्रियों व विधायकों द्वारा लाभार्थियों को प्लाट

**आवंटन**

**शेष लाभार्थियों को प्लॉट खरीदने के लिए दी जाएगी 1-1 लाख रुपये की वित्तीय सहायता**

कब्जा आवंटन पत्र वितरित किये गए। आज के समारोह में 7500 से अधिक लोगों को प्लाट कब्जा आवंटन पत्र दिए गए। उन्होंने कहा कि जिन गांवों में प्लाट के लिए जमीन उपलब्ध नहीं है वहां लाभार्थियों को प्लाट खरीदने के लिए एक-एक लाख रुपये की वित्तिय सहायता दी जाएगी। इसके अलावा, अन्य गरीब लाभार्थियों के लिए भी प्लॉट देने के लिए सरकार ने योजना बनाई है और अधिकारियों को पोर्टल तैयार करने के लिए आदेश दे दिए गए हैं। इस पोर्टल पर ऐसे परिवार अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आचार संहिता के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे फाईल को दुरूस्त कर लाभार्थियों को प्लाट कब्जा आवंटन पत्र दे दिए जाए और आज इस कार्य को पूरा कर लिया गया है।

**कांग्रेस ने महात्मा गांधी का नाम लेकर लोगों को गुमराह किया:** मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने डेढ दशक पहले केवल प्लॉट देने की बात कही थी, लेकिन लोगों को मालिकाना हक नहीं दिया गया। लोग मालिकाना हक पाने के लिए सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट रहे थे।

# बिजली और पानी की किल्लत से परेशान हरियाणा की जनता: अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने सोमवार को बयान जारी कर प्रदेश में पानी की किल्लत और बढ़ती बिजली समस्या को लेकर हरियाणा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि इस बार पिछले कई वर्षों के मुकाबले गर्मी अधिक है। हरियाणा में वर्तमान में 1400 मेगावाट बिजली की कमी है। जून में किसानों को ट्यूबवेल पर भी अतिरिक्त बिजली की जरूरत पड़ेगी। ऐसे में जून माह में बिजली की किल्लत और भी हो सकती है। लेकिन अभी तक बीजेपी सरकार प्रदेश के लोगों बिजली उपलब्ध कराने में नाकाम साबित हुई है।

उन्होंने कहा कि चुनाव खत्म होते ही हरियाणा में लंबे लंबे पॉवर कट लगने शुरू हो गए हैं। इस भीषण गर्मी में बिजली के कटों के कारण जनता में हाहाकार मचा हुआ है। 10 साल में भी बीजेपी सरकार हरियाणा के लोगों को 24 घंटे



**साधा निशाना**

**बीजेपी सरकार की कमजोर प्लानिंग का खामियाजा भुगत रहे प्रदेश के लोग: अनुराग ढांडा**

बिजली नहीं दे पाई, वहीं दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार जनता को फ्री और 24 घंटे बिजली दे रही है। हरियाणा के गांव में 8-8 घंटे के कट और शहर में 6-6 घंटे के कट लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की कमजोर प्लानिंग की वजह से हरियाणा में बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। उन्होंने कहा कि सरकार की लापरवाही की वजह से, महंगी बिजली खरीदने और महंगी बिजली खरीदकर पावर कट झेलने के कारण हरियाणा के व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी की सरकार ही 24 घंटे बिजली दे सकती है। इसलिए इस विधानसभा चुनाव में हरियाणा के लोग भी अबकी बार अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी की ईमानदार सरकार को चुनेंगे। इसके अलावा उन्होंने कहा कि एक तरफ हरियाणा के कई गांवों के खेतों में पानी भरा हुआ है और सरकार खेतों से पानी नहीं निकाल पा रही है। जिस कारण लगातार फसल खराब हो रही है।

# जयहिंद के आवाज उठाते ही लोगो की समस्या दूर करने पहुंचा प्रशासन



**टीम एक्शन इंडिया**
**रोहतकः** बीते शनिवार पानी और सीवरेज की समस्या से परेशान पुरुष व महिलाएं अपनी समस्याओं को लेकर जयहिंद के तंबू में पहुंचे थे जिसके बाद अगले ही दिन रविवार को जयहिंद कॉलोनी में पहुंचे जहा उन्होंने देखा की सीवरेज के पानी व टूटी हुई गली से लोग किस तरह परेशान है। जयहिंद ने विधायक, पूर्व विधायक व प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा था की अगर यहां कल तक काम शुरू नही हुआ तो वे सभी कॉलोनी निवासियों के साथ सारा कूड़ाझ्ककर्कट बुलडोजर, ट्रैक्टरझ्ट्रॉलियों में भरकर उनके घर के बाहर लेकर जाएंगे। जिसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर व ट्रॉलियों से सारा गंद उठाने का काम तुरंत वहां काम शुरू कर दिया। गौर करने योग्य बात हैं जब शनिवार को कॉलोनी निवासी जयहिंद के पास तम्बू में पहुंचे थे तो जयहिंद ने सबके सामने रोहतक के डीसी साहब के

**कचरा उठाया**

**जयहिंद कॉलोनी में पहुंचे जहा उन्होंने देखा की सीवरेज के पानी व टूटी हुई गली से लोग किस तरह परेशान हैं**

पास फोन कर भी समस्या से अवगत कराया था जिस पर डीसी साहब ने सोमवार तक का आश्वासन दिया था। वही जयहिंद के द्वारा जब स्वय कॉलोनी वासियों की समस्या को जानने के लिए सड़क पर उतरकर उनके पास पहुंचे तो प्रशासन के कान खड़े हो गए और प्रशासन ने तुरंत प्रभाव से कॉलोनी वासियों की समस्या को दूर करने की शुरूवात कर दी जिसके बाद महाबीर कॉलोनी वासियों को राहत की कुछ सांस मिली जब से जयहिंद ने नगर निगम रोहतक में शामिल महाबीर कालोनी वासियों की आवाज उठाई हैं।

# गरीबों को बांटे 100-100 गज के मुफ्त प्लाट के कब्जा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**झज्जरः** राज्य के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय नेहरू पीजी कॉलेज के आडोटोरियम में आयोजित कलस्टर स्तरीय कार्यक्रम में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को 100-100 गज के प्लाटों के कब्जा पत्र प्रदान किए। इनमें झज्जर जिला के 737 और रेवाड़ी जिला के 65 लाभार्थी भी शामिल रहे। इससे पहले सोनीपत में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी ने कार्यक्रम में उपस्थित लाभार्थियों को वेबकास्टिंग से संबोधित करते



हुए कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। इससे पूर्व उपायुक्त कैप्टन शक्ति सिंह ने मुख्य अतिथि डॉक्टर बनवारी लाल का स्वागत करते हुए जिला में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी दी। मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने कहा कि नरेन्द्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं, यह हम सबके लिए सौभाग्य की बात है। मोदी के नेतृत्व में आज दुनिया में देश की हर तरह से ताकत बढ़ी है। डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि पूर्व की सरकारों में नौकरियों में भ्रष्टाचार व

**योजना**

**पूर्व की सरकारों में नौकरियों में भ्रष्टाचार व भाई भतीजावाद का बोलबाला था: डॉ. बनवारी लाल**

भाई भतीजावाद का बोलबाला था, मगर मौजूदा सरकार ने एक पारदर्शी सिस्टम की नींव रखते हुए युवाओं को योग्यता और मेरिट के आधार पर नौकरियां दी हैं। इस अवसर पर जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान सिंह बिरधाना, सुनीता व कुलदीप सिंह बांगड़ आदि उपस्थित थे।

# हार के लिए शर्मा ने बेलगाम नौकरशाही को जिम्मेदार ठहराया

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़ः** रोहतक लोकसभा सीट से हारे भाजपा प्रत्याशी पूर्व सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने चुनावों में मिली करारी हार के पीछे अपनी ही पार्टी की मौजूदा सरकार पर सवाल उठाए है। अरविंद शर्मा के अनुसार बेलगाम नौकरशाही उनकी हार का कारण बनी। अरविन्द शर्मा ने कहा कि सरकार का अधिकारियों पर कोई लगाम नहीं था। यही वजह रही कि लोकसभा चुनावों में भाजपा को हार का सामना करना पड़ा। रोहतक में कार्यकर्ताओं से मिलने पहुंचे पूर्व सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश के अधिकारी कार्यकर्ता तो दूर नेताओं की बात तक नहीं मानते । उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। अधिकारी पार्टी के कार्यकताओं को ही नहीं सुनते। उनके काम नहीं होते। अगर कार्यकर्ताओं के काम नहीं होंगे तो अगले चुनाव में इससे भी बुरा हाल होगा। डॉ.अरविंद शर्मा ने कहा कि मतगणना के दिन कांग्रेस प्रत्याशी दीपेंद्र हुड्डा केंद्र पर पहुंचे थे। उनकी दीपेंद्र से कुछ मिनट बात हुई थी। उन्होंने कहा कि क्यों इतनी भागदौड़ कर रहे हो। इस पर दीपेंद्र ने उनसे कहा कि इस बार तो आपकी पार्टी के बडे. नेता और ऐसे लोग जो हमसे बात तक नहीं करते, वह भी खुलकर हमारा साथ दे रहे हैं।

# चाऊमीन खाने के बहाने बुलाकर लड़की का किया अपहरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवलः ना**बालिग को गांव के बस स्टैंड पर चाऊमीन खाने के बहाने से बुलाकर अपहरण करके ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। उटावड़ थाना पुलिस ने सोमवार को नाबालिग के पिता की शिकायत पर एक नामजद आरोपी के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार हथीन उपमंडल के एक गांव निवासी बुजुर्ग पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि प्रिंस अंसारी नामक एक युवक का उसके घर पर आना-जाना था। जिसके चलते प्रिंस अंसारी को उसके परिवार के सभी सदस्य जानते थे। आरोप है कि पांच जून को वह किसी निजी कार्य से अपने गांव में चला गया तभी आरोपी ने उसकी बेटी को गांव के बस स्टैंड पर यह कहकर बुलाया कि चाऊमीन खानी है। परिवार की जानकारी के चलते उसकी 14 वर्षीय बेटी आरोपी की बातों में आकर अड्डे पर चली गई। जिसके बाद उसकी बेटी वापस नहीं आई। धूप अधिक होने जब बेटी घर नहीं आई तो पिता को चिंता होने लगी। उसने अपनी पत्नी से पूछा तो पत्नी ने कहा कि कहीं खेल रही होगी। लेकिन जब देर शाम तक बेटी घर नहीं पहुंची तो शक होने पर पिता ने आरोपी प्रिंस अंसारी के मोबाइल पर फोन किया, लेकिन उसने घंटी बजने के बाद फोन को स्विच ऑफ कर लिया।

उटावड़ थाना प्रभारी टेक सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि व्यक्ति कि शिकायत पर आरोपी के खिलाफ नाबालिग के अपहरण का मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। लेकिन 5 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस न तो आरोपी को पकड़ सकी है और न ही नाबालिग को खोज सकी है। पुलिस का कहना है कि उनकी टीम जुटी हुई है, जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर नाबालिग को बरामद कर उनके परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

# प्रदेश सरकार की योजनाएं गरीब परिवार के जीवन में भर रही खुशियां: रणजीत

**अपना होगा घर**

**सीडीएलयू में कार्यक्रम आयोजित, लाभार्थियों को वितरित किए प्लाट कब्जा प्रमाण पत्र**



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसाः हर परिवार का स**पना होता है कि उसका अपना घर हो, लेकिन गरीब परिवार के लिए मकान बनाने का कार्य बड़ा मुश्किल होता है। प्रदेश सरकार ने गरीब परिवारों की इस चिंता को समझा और महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत पात्र परिवारों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट देने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। यह योजना गरीब परिवारों में खुशियां भरने का काम किया है। यह बात ऊर्जा मंत्री रणजीत सिंह ने सोमवार को सीडीएलयू में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि उपस्थित लाभार्थियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने योजना के तहत लाभार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट कब्जा आवंटन पत्र वितरित किए। इस अवसर पर उपायुक्त आर.के सिंह, सीईओ जिला परिषद सुभाष चंद्र सहित सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री ने उपस्थितजन को श्री नरेंद मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने की बधाई देते हुये कहा कि यह ऐतिहासिक है कि जब किसी ने लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री की शपथ ली है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह प्रदेश की जनकल्याणकारी योजनाओं को आगे बढ़ाने का काम कर रहे है। महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना गरीब परिवारों के हित के लिए बेहतर योजना है। उन्होंने कहा कि जिला में 756 परिवारों को इस योजना के तहत प्लाट कब्जा आवंटन पत्र दिये गये है। उन्होंने गरीब पात्र परिवारों को प्लाट आवंटन के लिये मुख्यमंत्री नायब सिंह का आभार प्रकट किया और लाभार्थियों को शुभकामनाएं दी। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि जो परिवार योजना से वंचित रह गए, उन्हें भी योजना से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार जनहितैषी सोच के साथ योजनाओं को किर्यान्वित कर रही है। उपायुक्त आर.के सिंह ने कहा कि महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत जिला के पात्र लाभार्थियों को 100-100 वर्ग गज के प्लाट आवंटित कर उनके रजिस्ट्रेशन का कार्य किया जा रहा है।

सोमवार को 756 पात्र परिवारों प्लाट कब्जा आवंटन पत्र वितरित किए है, जिनका मौके पर ही रजिस्ट्रेशन किया गया7 कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन जगदीश चौपड़ा, भाजपा नेता सुरेंद्र आर्य, पूर्व विधायक बलकौर सिंह, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, प्रदीप रातुसरिया, भूपेश महता, सुनील बामनिया, भावना शर्मा, मक्खन सिंह ख्योवाली, नीतिश महेंद्रू आदि उपस्थित थे।

# विकास कार्यों के क्रियान्वयन में ढिलाई न बरते अधिकारी : मूलचंद

## कैबिनेट मंत्री ने की बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र के विकास कार्यों की एसडीएम कार्यालय में की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**फरीदाबादः** हरियाणा के उद्योग, वाणिज्य और खाद्य एवं आपूर्ति विभाग मंत्री मूलचंद शर्मा ने कहा कि विकास कार्यों के क्रियान्वयन में अधिकारीगण ढिलाई ना बरते। वे सोमवार को बल्लभगढ़ विधान सभा क्षेत्र के विकास कार्यों की एसडीएम कार्यालय में समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। कैबिनेट मंत्री मूलचंद शर्मा ने बल्लभगढ़ में पीने के पानी की क्षमता को बढ़ाने, सोहना फ्लाईओवर को डबल करने के कार्य को गति देने, मुजेसर गांव के अंडरपास के निर्माण कार्य



की प्रगति रिपोर्ट, मोहना रोड पर बनाए जाने वाले एलिवेटेड रोड की प्रगति रिपोर्ट में अलावा शहर में बिजली व्यवस्था के साथ-साथ शहर में साफ सफाई की व्यवस्था को लेकर के भी अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कार्यों की समीक्षा की। बैठक में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के सभी बल्लभगढ़ के सेक्टर की सडकों का निर्माण कार्य और पैच वर्क का कार्य भी जल्द से जल्द पूरा किया

**समीक्षा**

**प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारी कार्य करें**

जाए इसके लिए भी उचित दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री की घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा करने के लिए अधिकारी कार्य करें, ताकि जनता को सरकार की सुविधा समय पर उपलब्ध हो सके। समीक्षा बैठक में एसडीएम त्रिलोक चंद,ज्वाइंट कमिश्नर बल्लभगढ़ करण भदौरिया, एसीपी विनोद कुमार, एफएमडीए के अधिकारी रमेश बांगड़ी, कार्यकारी अभियंता एफएमडीए अंकित भारद्वाज, एमसीएफ के एससी ओमबीर सिंह, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता संजय मंगला, कार्यकारी अभियंता पीडब्ल्यूडी राहुल सिंह और प्रदीप संधू, कार्यकारी अभियंता एमसीएफ ओपी कर्दम, एचएसवीपी से एक्सईएन अश्वनी और अजीत सिंह एसडीओ सहित अन्य विभागों के अधिकारीगण मोजूद रहे।

# खेत में काम करने वाली महिला से दुष्कर्म, दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**टीम एक्शन इंडिया**
**पलवलः** खेत में काम कर रही एक महिला से दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। महिला को जबरन कोठरे में ले जाया गया। आरोप है कि दुष्कर्म करने के बाद डरा धमका कर उसे 2 माह तक फरीदाबाद में किराए के कमरे में रखा गया। पुलिस ने महिला की शिकायत पर सोमवार को दो सगे भाइयों के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार चांदहट थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने पुलिस क दी शिकायत में कहा है कि वह अपने खेतों पर काम करने के लिए गई थी। उसी दौरान पड़ोस के खेत पर मौजूद सुरजीत उसे जबरन अपने खेत पर बने कोठरे (कमरे) में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। उसने विरोध किया तो उसे जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद डर से वह अपनी बहन के पास पलवल चली गई। कुछ दिन तक वहां रही। महिला का आरोप है कि जब वह अपनी बहन के घर से वापस अपनी ससुराल आ रही थी तो आरोपी सुरजीत का भाई परमजीत मिला और कहा कि उसे उसका भाई सुरजीत बुला रहा है। वह बदनामी के भय से उसके कहने पर सुरजीत के पास चली गई तो आरोपी उसे फरीदाबाद ले गया और वहां उसे डरा-धमका कर 2 माह तक एक किराए के मकान में रखा। वहां सुरजीत पहले से किराए पर रहता था। आरोप है कि उससे कहता था कि यदि यहां से गई तो उसे और उसके परिवार को जान से खत्म कर दूंगा। इसके भय से वह उसके चंगुल में फंसी रही। अब जब वह अपनी ससुराल पहुंची तो उसने आपबीती अपने ससुरालजनों को सुनाई। इसके बाद चांदहट थाना पहुंची। चांदहट थाना प्रभारी दलबीर सिंह ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि पीडित के अनुसार दी गई शिकायत के आधार पर दोनों सगे भाइयों के खिलाफ दुष्कर्म सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

# महिला आयोग की चेयरपर्सन ने की महिलाओं के 10 केसों की सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
पलवलः हरियाणा राज्य महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने सोमवार को लघु सचिवालय पलवल के तृतीय तल पर स्थित पुलिस विभाग के सभागार में पीड़ित महिलाओं से संबंधित प्राप्त 10 केसों की सुनवाई की। अधिकतर मामलों को मौके पर ही निपटा दिया गया, जबकि दो अलग-अलग मामलों को आगे की सुनवाई के लिए लंबित रखा गया। इन केसों में अधिकतम केस महिलाओं से छेड़छाड से संबधित सामने आए, जिन पर संज्ञान लेते हुए चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने आरोपी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसे ध्यान में रखते हुए हम




सभी को मिलकर महिला सशक्तिकरण की दिशा में अधिक प्रयास करने होंगे। इसके पश्चात चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता को जाहिर करते हुए उनके पूर्ण अधिकारों का ज्ञान करवाने के लिए पुलिस सभागार में प्रेस वार्ता को भी संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ पुलिस अधीक्षक डा. अंशु सिंगला मौजूद रही। हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेणु भाटिया ने कहा कि महिला आयोग महिलाओं के अधिकारों के प्रति पूरी सजगता से कार्य कर रहा है। महिलाओं पर होने वाले शोषण को रोकने के लिए सरकार और आयोग कृतबद्ध है। उन्होंने कहा कि आयोग द्वारा जिलास्तर पर महिलाओं के संबंध में प्राप्त शिकायतों अथवा मामलों का निदान भी जल्द से जल्द करने का पूर्ण प्रयास किया जाता रहा है। चेयरपर्सन ने जिला की पीड़ित महिलाओं द्वारा आयोग को भेजी गई शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए परिवादियों व पुलिस विभाग के जांच अधिकारियों से पूरी छानबीन की रिपोर्ट ली और 10 में से 8 मामलों का मौके पर निदान किया।

**समाधान**

**मामलों को मौके पर ही निपटा दिया गया, जबकि दो अलग-अलग मामलों को आगे की सुनवाई के लिए लंबित रखा गया**

## न्यूज फ्लैश

### सीजीसी लांडरां की कैम्पस लाईफः जहां छात्रों को किताबी शिक्षा के दायरे से बढ़कर व्यवहारिक ज्ञान पाने का मौका मिलता है

**हिसार ।** चंडीगढ़ ग्रुप ऑफ कॉलेजेज (सीजीसी), लांडरां ने अपने विभिन्न एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। चारों ओर हरियाली से घिरा, आधुनिक बुनियादी सुविधाओं से युक्त सीजीसी लांडरां का कैम्पस छात्रों को ऐसा वातावरण प्रदान करता है जहां उन्हें अकादमिक उत्कृष्टता, इनोवेशन एवं व्यक्तिगत विकास के अवसर मिलते हैं। छात्र ऑफिशियल लिंक के जरिए एकेडमिक प्रोग्रामों के लिए रजिस्टर कर सकते हैं और बेहतरीन कैम्पस लाईफ का उत्कृष्ट अनुभव पा सकते हैं। सीजीसी लांडरां विभिन्न विषयों में कई प्रकार के एकेडमिक प्रोग्रामों की व्यापक रेंज पेश करता है। इनके इंजीनियरिंग प्रोग्रामों में कई स्पेशलाइजेशन्स में बी.टेक शामिल है, जहां आधुनिक लैब्स एवं इंडस्ट्री प्रोजेक्ट्स के माध्यम से सैद्धान्तिक ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल पर जोर दिया जाता है। इसी तरह बीसीए प्रोग्राम, प्रोग्रामिंग, डेटाबेस मैनेजमेन्ट, नेटवर्किंग, सॉफ्टवेयर डेवलपमेन्ट को कवर कर छात्रों को आईटी करियर के लिए तैयार करता है। बिजनेस मैनेजमेन्ट प्रोग्राम जैसे बीबीए और एमबीए, केस स्टडीज एवं इंटर्नशिप्स के माध्यम से लीडरशिप स्ट्रैटेजिक थिंकिंग एवं एंटरेप्रेन्योरशिप पर फोकस करते हैं। फामेर्सी प्रोग्रामों में बी.फार्म और एम.फार्म शामिल हैं जिसमें लैब वर्क के साथ मेडिसिनल कैमिस्ट्री और फामेकौलोजी पर ध्यान दिया जाता है। वहीं कॉमर्स प्रोग्रामों में बी.कॉम और एम.कॉम शामिल हैं, जो छात्रों को अकाउन्टिंग, फाइनैंस और बिजनेस लॉज में शिक्षा प्रदान करते हैं। बायोटेक्नोलॉजी प्रोग्रामों की बात करें तो बायोटेक्नोलॉजी और माइक्रोबायोलोजी में बी.एससी. और एम.एससी. प्रोग्राम शामिल है, जो बायोलोजी एंव टेक्नोलॉजी के संयोजन के साथ प्रेक्टिकल लैब वर्क और रीसर्च का अवसर प्रदान करते हैं। होटल मैनेजमेन्ट प्रोग्रामों में होटल ऑपरेशन्स और मैनेजमेन्ट शामिल हैं, जहां व्यवहारिक प्रशिक्षण पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है। बी.एससी प्रोग्राम रीसर्च एवं इनोवेशन पर फोकस करते हैं फिजिक्स, कैमिस्ट्री, मैथेमेटिक्स एवं एनवायरनमेंटल साइंस में स्पेशलाइजेशन उपलब्ध कराते हैं।




### इस सीजन खेलों के रोमांच का अनुभव पाएं वी मुवीज एंड टीवी ऐप के साथ

**गुरुग्राम।** हाल ही में ओरमैक्स मीडिया द्वारा जारी एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 678 मिलियन दर्शक स्पोर्ट्स देखते हैं, इनमें सबसे ज्यादा देखे जाने वाले खेल क्रिकेट और फुटबॉल हैं, 612 मिलियन दर्शक क्रिकेट और 305 मिलियन दर्शक फुटबॉल देखने के शौकीन हैं। दर्शकों की डिजिटल व्यूइंग की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए जाने-माने टेलीकॉम ऑपरेटर वी ने स्पोर्ट्स कंटेंट को ढूंढना और देखना बेहद आसान बना दिया है।



इस सीजन वी के यूजर, वी मुवीज एण्ड टीवी ऐप के सिंगल सब्सक्रिप्शन प्लान के साथ डिजनी प्लस हॉटस्टार पर दुनिया के सबसे बड़े टी20 क्रिकेट टूनार्मेन्ट से लेकर यूईएफए यूरो 2024 और कोपा अमेरिका तक हर तरह के स्पोर्ट्स का लुत्फ उठा सकते हैं। उनके अनुभव को बेहतर बनाने के लिए वी कनेक्टेड टीवी के माध्यम से भी स्ट्रीमिंग का मौका देता है और उन्हें व्यूइंग का शानदार अनुभव प्रदान करता है।

# जेईई एडवांस्ड : आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड कुरूक्षेत्र के छात्रों ने किया कमाल

## जश्न जिंदल ऑल इंडिया रैंक 1695 के साथ बने टॉप परफार्मर, 21 छात्रों ने किया क्वालीफाई

**दलबीर मलिक**
**टीम एक्शन इंडिया**
**कुरूक्षेत्रः परीक्षण** तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने कुरूक्षेत्र में अपने 21 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक (अक्क्र) हासिल कर क्वालीफाई किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली



कोचिंग का प्रमाण है. आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को परिणाम जारी किए गए.प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाले छात्रों में टॉप स्कोरर जश्न जिंदल ने एआईआर 1695, गुरुरपन सिंह ने एआईआर 3451, प्रणव सैनी ने एआईआर 3908 औ? आकर्षित ने एआईआर 5166 हासिल की है। वहीं, कुरूक्षेत्र के कुल 21 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है.

जेईई एडवांस्ड की तैयारी के लिए छात्रों ने एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में दाखिला लिया था, जिसे व्यापक रूप से विश्व स्तर पर सबसे कठिन प्रवेश परीक्षाओं में से एक माना जाता है. वे अपनी उल्लेखनीय सफलता का श्रेय अवधारणाओं की कठोर समझ और अनुशासित अध्ययन कार्यक्रम के कड़ाई से पालन को देते हैं. "हम आभारी हैं कि आकाश ने दोनों में हमारी मदद की है. लेकिन एईएसएल की सामग्री और कोचिंग के लिए, हमने कम समय में विभिन्न विषयों में कई अवधारणाओं को नहीं समझा होगा," छात्रों ने व्यक्त किया. आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर श्री परमेश्वर झा ने छात्रों को उनकी असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा", "हम छात्रों को उनके अनुकरणीय सफलाता के लिए बधाई देते हैं।

## डीसी ने समाधान प्रकोष्ठ के तहत सुनी समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत कमाल हुसैन**
**डीसी डॉक्टर वीरेंद्र कुमार** दहिया ने मुख्यमंत्री नायब सैनी की पहल पर जिला में समाधान प्रकोष्ठ के तहत लोगों की समस्याएं सुननी शुरू कर दी हैं। सोमवार को उन्होंने अपने कार्यालय में लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश भी दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वें सरकार के निदेर्शानुसार समाधान प्रकोष्ठ के तहत जनता की समस्याओं का समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिए की जनता की मुलभूत सुविधाओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जनता की समस्याएं लिखित में लेंगे। मौके पर उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे व रिकॉर्ड मेन्टेन करेंगे। समाधान प्रकोष्ठ में आकर लोग पीपीपी, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन रजिस्ट्रेशन, नगर निकायों के नो ड्यूज, नक्शा, पेंशन, राशन कार्ड, अपराध संबंधित शिकायत, बिजली, पानी से जुड़ी समस्याओं का समाधान करा सकेंगे।

## भाविप की श्रीराधा कृष्ण शाखा ने जरूरतमंद बेटी को भेंट की सिलाई मशीन




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। भारत विकास परिषद** के आत्मनिर्भर भारत अभियान के निहितार्थ भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की ओर से गांव भैणीखुर्द में एक जरूरतमंद बेटी को सिलाई मशीन भेंट की गई। यह बालिका अपनी शिक्षा जारी रखने के साथ-साथ अपने परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सिलाई कार्य करना चाहती है। इस प्रकल्प के प्रमुख मीनू सिंगला व प्रमोद नागपाल रहे। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा द्वारा समय-समय पर समाज की भलाई के लिए कार्य किए जाते हैं और जरूरतमंदों की सहायता की जाती है। शाखा सदैव समाजसेवा के कार्यो के लिए तत्पर रहती है। उन्होंने कहा कि सभी को जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आना चाहिए। इस अवसर पर प्रियंका कठपाल, प्रभा, सरिता तनेजा, रंजना पुरी, मीनू सिंगला, दलबीर, अनुज सिंगला, अनिल अरोड़ा व देवेन्द्र रोहिल्ला उपस्थित रहे।

## योग दिवस की तैयारियों को लेकर डीसी ने की बैठक

### जिला स्तर एवं खंड स्तर पर आयोजित किए जाएंगे योग दिवस पर कार्यक्रमः डीसी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पानीपत जिला में अंतर्राष्ट्रीय** योग दिवस पर 21 जून को होने वाले कार्यक्रम को लेकर डीसी वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी खण्डों में भी योग दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। डीसी ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिला में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम बड़े ही भव्य तरीके से होना चाहिए, जिसके लिए हर व्यवस्था समय रहते कर ली जाए। उन्होंने कहा




कि योग दिवस पर स्थानीय शिवाजी स्टेडियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नागरिकों को लाइव दिखाया जाएगा। उन्होंने जिला के आम नागरिकों से भी आह्वान किया है कि योग दिवस पर कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा भाग लें। इस कार्यक्रम में युवाओं का अहम रोल रहेगा इसलिए वे अपनी भागीदारी अवश्य सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में भारतीय योग संस्थान, पंतजंलि योगपीठ सहित खेल विभाग का भी सहयोग लिया जाएगा। बैठक के दौरान जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. संजय राजपाल ने बताया कि योग दिवस की तैयारियों को लेकर जिले भर में विभिन्न स्थानों पर योग शिविर लगाकर योग साधकों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इन शिविरों में योग सहायक लोगों को योग के प्रति जागरूक कर रहें हैं और प्रशिक्षण दे रहें हैं। इस अवसर पर एसडीएम मनदीप कुमार, एसडीएम समालखा अमित कुमार, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल, डीएसपी सतीश गौतम, सिविल सर्जन डॉ जयंत आहूजा जन स्वास्थ्य विभाग के कार्यकारी अभियंता संजय शर्मा, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट से जिला प्रभारी शीशपाल, पतंजलि योग सेवा समिति से अशोक अरोड़ा, बलवान सिंह सहित सभी संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## मनोहर लाल के कैबिनेट मंत्री बनने से प्रदेश की जनता को होगा लाभ : योगेन्द्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल। नरेंद्र मोदी को** तीसरी बार प्रधानमंत्री चुने जाने एवं करनाल के सांसद मनोहर लाल को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने की खुशी में घंटाघर चौक पर भाजपा कार्यकताओं ने पटाखे फोड़े एवं ढोल व नगाड़े बजाकर तबले की थाप पर नाचते हुए लड्डू बांटकर खुशी का इजहार किया । भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा ने अपनी खुशी का इजहार करते हुए कहा कि मनोहर लाल ने पहले साढ़े नौ वर्ष हरियाणा प्रदेश के लोगों की सेवा की है और अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होकर देश के लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी तथा



करनाल से सांसद मनोहर लाल को केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल करने पर प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद किया। उन्होंने उम्मीद जताते हुए कहा कि करनाल से सांसद मनोहर लाल के केंद्र में मंत्री बनने से करनाल में नये प्रौजेक्ट आएंगे, जिसका लाभ स्थानीय लोगों को मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने करनाल विधानसभा से नायब सैनी की जीत पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा कि भारत अब तक विश्व बंधू के रूप में काम करता था और अब विश्व गुरु बनेगा। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार जगमोहन आनंद ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि करनाल के लोगों के लिए बहुत ही खुशी की बात है कि हमारे यहां से पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा से नवनिर्वाचित सदस्य मनोहर लाल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। करनाल लोकसभा और हरियाणा के लोगों का मान बढ़ा है। उन्होंने कहा कि भारत में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने हैं, जिसके चलते एक बार फिर से देश विकास की नहीं राह पर जाएगा और अपने देश को विकसित बनाने का काम किया जाएगा। पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि करनाल के लोगों के लिए बहुत ही बड़ी बात है, क्योंकि करनाल से दो मुख्यमंत्री चुनाव लड़ रहे थे। जहां पर पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल संसद के लिए चुनाव लड़ रहे थे तो वहीं मौजूदा मुख्यमंत्री नायब सैनी विधायक के लिए चुनाव लड़ रहे थे। करनाल की जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है और दोनों को यहां से जीत दिलाने का काम किया है। इस मौके पर भाजपा प्रवक्ता प्रोफेसर वीरेंद्र चौहान, पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, निर्मला बैरागी, अशोक भंडारी, अमरनाथ सौदा, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्ता, प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी डाङअशोक कुमार, जिला सचिव मंजू खैंची, संकल्प भंडारी, मेघा भंडारी, मुकेश अरोडा, रघुमल भट्ट, विकास कथुरिया, हरपाल कलामपुरा सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जेईई एडवांस्ड 2024 : आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड अंबाला के छात्रों ने किया कमाल




**अंबालाः** परीक्षण तैयारी सेवाओं में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) ने अंबाला में अपने 20 स्टूडेंट्स की उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा करते हुए गर्व महसूस किया, जिन्होंने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) एडवांस्ड 2024 में उल्लेखनीय ऑल इंडिया रैंक (अक्क्र) हासिल कर क्वालीफाई किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है. आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को परिणाम जारी किए गए.प्रभावशाली ऑल इंडिया रैंक हासिल करने वाले छात्रों में टॉप स्कोरर हार्दिक अग्रवान ने एआईआर 93, कुनाल कुमार ने एआईआर 356, एकमजोत सिंह संधू ने एआईआर 1232 और देव गुलाटी ने एआईआर 2428 हासिल की है। वहीं, अंबाला के कुल 20 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया। स्टूडेंट्स की उपलब्धि में उनके परिवार, शिक्षकों, और आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड का बड़ा हाथ है। उनके साथी, परिवार और समर्थकों के एकजुट समर्थन ने उन्हें इस महत्वपूर्ण मील के पत्थर पर पहुंचाया है। स्टूडेंट्स ने प्रभावशाली स्कोर हासिल करके अपने माता-पिता और आकाश इंस्टिट्यूट के पूरे स्टाफ को गौरवान्वित किया है.

## सार्थक साहित्य मंच कुरुक्षेत्र की काव्य गोष्ठी आर के पुरम में हुई आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : सार्थक साहित्य** मंच कुरुक्षेत्र की जून मास की काव्य गोष्ठी श्री शिव किरमच जी की मेजबानी में उनके निवास स्थान मकान नंबर 13 आर के पुरम. में आयोजित की गई ।इस काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता आदरणीय रतन चंद सरदाना जी ने की । इसका कुशल मंच संचालन डॉ, बलवान जी ने किया । यह सफल काव्य गोष्ठी हंसी ठहाकों के बीच बड़ी शानदार रही । गोष्ठी का आरंभ सिद्धू के मधुर गीतों से हुआ । सबसे पहले मां को याद करते हुए दूसरी तरफ किशोर जी के कई गीतों को सुना कर वातावरण संगीतमय कर दिया ।डॉ.शिव किरमच ने जहां हरियाणवी चुटकुले सुनाए वही संजीदा करने वाले कविताएं भी रखी जो समाज को एक सार्थक संदेश दे रही थी ।इसी प्रकार डॉक्टर शकुंतला शर्मा ने व्यंग्यात्मक हरियाणा लोकगीत सुनाया ।श्री रतनचंद सरदाना जी ने अपने दोस्त को याद करते हुए और देश के वीर जवानों पर शौर्य गीत भी सुनाया ।डॉ. ममता सूद जहां एक व्यंग्यात्मक कविता सुनाई वहीं खामोशी कैसे करती है बातें उसे पर अपनी कविता रखी । राधा अग्रवाल जी ने गीता पर सुंदर रचना सुनाकर सारा वातावरण भक्तिमय में कर दिया । डॉक्टर बलवान ने समाज में फैले नशे पर अपनी कविता के साथ-साथ एक गजल भी सुनाई । जैसे काव्य गोष्ठी का आरंभ हुआ वैसे ही काव्य गोष्ठी का समापन भी डॉक्टर सहदेव शर्मा जी के मधुर गीतों से हुआ।

## गुरु अर्जन देव जी के अनमोल विचार प्रेरणापरक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : श्रीकृष्ण** आयुष विश्वविद्यालय द्वारा गुरु अर्जन देव के शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को ठंडे मीठे पानी की छबील सेवा लगाई गई। छबील सेवा की शुरूआत अरदास के बाद की गई। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव, डॉ. विदुषी त्यागी, डॉ. रवि राज, डॉ. राजेंद्र चौधरी, सहायक कुलसचिव अतुल गोयल, फाइनेंस ऑफिसर सत्यनारायण शर्मा, अकाउंट




ऑफिसर आलोक नाथ शर्मा, एक्सिएन भूपेंद्र सिंह व छबील आयोजक टीम में मनप्रीत सिंह, इंद्र प्रताप सिंह, मोहित, अमित, कर्ण, दीपक, चंद्र शेखर, अरविंद, गौरव, आशीष, शुभम, गुरूप्रीत व चिराग मौजूद रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि सनातन संस्कृति के गौरवपूर्ण इतिहास में सिख पंथ के पांचवें गुरु श्री गुरू अर्जन देव जी के अनमोल विचार समस्त मानव जाति को सन्मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। उन्होंने जीवन पर्यन्त न केवल मानव को ज्ञान का प्रकाश दिखाया बल्कि सनातन हिन्दू धर्म की रक्षा के लिए जब मुगल आक्रांता ने उन्हें तपते तवे पर बैठाया और ऊपर से गर्म रेत सिर पर डाला गया तब भी उन्होंने शारीरिक यातनाओं को सहते हुए सनातन हिन्दू धर्म को नहीं त्यागा। पांच दिन यातनाएं देने के बाद छठे दिन गुरु अर्जुन देव को मुगल आक्रांता ने पत्थर बांधकर पानी में बहा दिया था।

## मनोहर लाल के कैबिनेट मंत्री बनने से पानीपत के विकास को लगेंगे पंख

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
**करनाल पानीपत के** सांसद मनोहर लाल के केंद्रीय मंत्री बनाए जाने पर पानीपत जिला में चारो ओर खुशी की लहर दौड़ गई है सोमवार को भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के वीवर्स कॉलोनी कार्यालय और भाजपा जिला कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा रहा और भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट का मुह मीठा करवाकर कार्यकताओं ने भी खुशी का इजहार कियो इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भाजपा सिद्धांतवादी पार्टी है जिसमें कर्मठ और समर्पित कार्यकताओं को पूरा मान-सम्मान दिया जाता है कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने अपना सारा जीवन पार्टी को समर्पित कियो पहले वह



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में प्रचारक थे और बाद में वह भारतीय जनता पार्टी से सक्रिय तौर से जुड़कर भाजपा में अपनी अलग पहचान बनाई जिसके बल पर वह प्रथम प्रयास में ही उन्होंने करनाल से विधायक बन कर हरियाणा के मुख्यमंत्री के तौर पर जनता की सेवा की और अब करनाल लोकसभा क्षेत्र से सांसद बनकर केन्द्रीय मंत्री पद की शपथ ग्रहण कीे मनोहर लाल की कर्मठता, कार्यकुशलता, पारदर्शिता, सुशासन, दूरदर्शिता और लोकप्रियता का ही परिणाम है कि उन्होंने अपने जीवन में पहली बार करनाल से लोकसभा का चुनाव लड़ा और भारी बहुमत से जीत हासिल कर सांसद बनते ही केन्द्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होने का सौभाग्य इन्हें प्राप्त हुओ

**करनाल की जीत में पानीपत का रहा अग्रणी योगदान झ दुष्यंत भट्ट**

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि यूं तो करनाल जिला की 5 विधानसभा क्षेत्रों में भी इन्हें अच्छा समर्थन मिला है लेकिन जीत के मामले में पानीपत शहरी विधानसभा प्रथम और ग्रामीण विधानसभा ने दूसरे स्थान पर रहा जबकि इसराना और समालखा में भी अच्छी बढ़त मिली इससे यह बात सिद्ध हो गई है कि पानीपत जिला के लोग मनोहर लाल की कार्यशैली को कितना पसंद करते हैं यही नहीं भारत के मंत्रीमंडल में छोटे से प्रदेश हरियाणा के तीन सांसदों का शपथ ग्रहण करना और इन तीनों में मनोहर लाल का कैबिनेट मंत्री बनना इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि 25 वर्षों से अधिक समय के बाद इस लोकसभा क्षेत्र को यह गौरव प्राप्त हुआ है और यह बात इससे भी और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है कि 25 वर्ष पूर्व भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मंत्रीमंडल में करनाल सांसद आईडी स्वामी को भी गृह राज्य मंत्री ही बनाया गया थो भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी पं. दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, केशव बलिराम हेडगेवार, कुशाभाऊ ठाकरे, अशोक सिंघल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के बताए मार्ग पर चलते हुए सबका साथ-सबका विकास करते हुए समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का अन्त्योदय के सिद्धांत पर उत्थान करती है।

## कुवि के विधि विभाग में सत्र 2024 25 से नए कोर्स की शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्रः कुरुक्षेत्र** विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान ने सत्र (2024-25) से विधि के छात्र व छात्राओं के लिए दो वर्षीय स्नातक कार्यक्रम एल. एल. एम,आरम्भ किया है। इस कोर्स को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान के पास कुशल ० अनुभवी शिक्षक और अच्छे संसाधन है। यह कार्यक्रम समाज में विधि के क्षेत्र में एक नए अध्याय का संकलन करेगा।



इसके माध्यम से जहां संस्थान के संसाधनों का अत्यधिक समाज को मिलेगा वहीं दूसरी तरफ यह कोर्स एल.एल.एम. के पाठ्यक्रम को नई दिशा देने का कभी करेगा। विधि संस्थान की निदेशिका प्रोफेसर सुशीला देवी चौहान ने बताया कि इस कार्यक्रम को तैयार करने में विधि संस्थान के सभी शिक्षकों ने अथक मेहनत की है और पाठ्यक्रम की संरचना इस प्रकार की गई है कि इसमें सैद्धांतिक व व्यावहारिक पाठ्यक्रम का उचित समन्वय किया गया है। पाठ्यक्रम को छात्र उन्मुख बनाया गया है।

## संपादकीय

# पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक

**उर्वरक** भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है, आदि। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूँकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं, और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालाँकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं जितनी होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है । पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में, रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे।

# सफल भी एवं सक्षम भी होगी मोदी की तीसरी पारी

ललित गर्ग

"पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी"

**एक और** इतिहास रचते हुए नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वह पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद लगातार तीसरा कार्यकाल हासिल करने वाले पहले प्रधानमंत्री बन गए। यह देश ही नहीं दुनिया के लिए एक अद्भुत एवं विलक्षण राजनीतिक घटना है, क्योंकि दुनिया में बहुत कम शासनाध्यक्षों को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ। मोदी के इस तीसरे कार्यकाल पर देश-दुनिया की नजरें इसलिये भी टिकी हैं कि मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा पिछली गठबंधन सरकारों से अलग होकर भी सशक्त है। 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को लेकर काम करने वाली इस सरकार में 71 मंत्रियों ने प्रधानमंत्री के साथ शपथ ली। मोदी के करिश्माई नेतृत्व में पिछले दस साल में देश को विकास के कहीं ज्यादा ऊंचे मुकाम पर खड़े करते हुए दुनिया को चौंकाया है। 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से हम पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जीडीपी के आकार के हिसाब से हमने पिछले साल ब्रिटेन को पीछे छोड़ा और 2026 तक जापान तो 2027 तक जर्मनी को पीछे छोड़ने की उम्मीद कर रहे हैं। इन लक्ष्यों की ओर तेजी से कदम बढ़ाना नई सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसक साथ ही सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास इस सरकार का ध्येय है।

प्रधानमंत्री मोदी इस बार गठबंधन सरकार का नेतृत्व करते हुए एक नया इतिहास बनायेंगे, उम्मीद की जा रही है कि बिना बाधा एवं गठबंधन की शर्तों के वे देश-विकास के अपने एजेंडे को सफलतापूर्वक एक नई ऊंचाई देंगे। उनकी लोकसभा चुनाव-2024 की उपलब्धि की महत्ता इसलिये भी कम नहीं हो जाती, क्योंकि भाजपा बहुमत से कुछ ही दूर है। चूंकि सहयोगी दल मोदी सरकार को सहयोग और समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और मंत्रियों का चयन सुगम तरीके से हो गया इसलिए यह आशा की जाती है कि मोदी की तीसरी पारी भी सुगमता एवं त्वरित गति से चलेगी। इसका एक कारण यह भी है कि उनके पास व्यापक राजनीतिक अनुभव है और चुनौतियों का सामना करने की क्षमता तथा समन्वय की राजनीति करने का कौशल भी। गठबंधन दलों को भी समन्वय एवं सौहार्द का वातावरण बनाना होगा, इसी में उनका राजनीतिक हित है। वे विपक्षी दलों के बहकावे में न आये, वरना यहां मोदी एवं शाह के पास अन्य विकल्प हैं जो मोदी सरकार को संकट में नहीं जाने देंगे। मोदी की राजनीतिक यात्रा को देखा जाए तो उन्होंने अनेक ऐसी



चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है जिनकी कल्पना नहीं की जाती थी-पहले गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में और फिर देश के प्रधानमंत्री के रूप में। मोदी के सामने चुनौतियां पूर्ण बहुमत के दौर में भी रही है और अब भी कायम है। इस राह पर दो बड़ी चुनौतियां खड़ी हैं, जिनकी अनदेखी करते हुए आगे बढ़ना मुमकिन नहीं है। ये हैं बेरोजगारी और असमानता। इंटरनैशनल लेबर ऑर्गनाइजेशन की इंडिया एम्प्लॉयमेंट रिपोर्ट के मुताबिक देश में 80 प्रतिशत बेरोजगार युवा हैं। गरीब मुक्त भारत बनाने का लक्ष्य भी सामने हैं। पूर्व के दौ कार्यकाल में मोदी ने इसमें बड़ी सफलता हासिल की है। जहां तक असमानता की बात है तो उसे अक्सर तेज विकास के आगे ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती, लेकिन याद रखने की बात है कि तेज विकास को अगर टिकाऊ बनाना हो तो असमानता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। इसी मौलिक सोच एवं दृष्टि से मोदी सरकार 3.0 का अजेंडा दुनिया में भारतीय अर्थव्यवस्था को एक चमकते सितारे के रूप में स्थापित करने एवं सुदृढ़ आर्थिक विकास के लिये आगे की राह दिखाने वाला होगा। संभावना है कि मोदी की तीसरी पारी में समावेशी विकास, वंचितों को वरीयता, बुनियादी ढांचे में निवेश, क्षमता विस्तार, हरित विकास, महिलाओं एवं युवाओं की भागीदारी, मोदी की गारंटियों पर बल दिया जायेगा। इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग, डिजिटल और सामाजिक विकास की दृष्टि से देश को आत्मनिर्भर बनाने की रफ्तार को भी गति दी जायेगी। वन नेशन, वन इलेक्शन और यूनिफॉर्म सिविल कोड जैसे मुद्दों पर राजनीतिक मजबूरी की विशेष छाप देखने को मिल सकती है। लेकिन मोदी की कोशिश रहेगी कि वे अपने इन मुद्दों को भी आकार दे सके। इनमें कुछ विलम्ब हो सकता है, लेकिन ये और ऐसे अनेक मुद्दें मोदी की प्राथमिकता बने रहेंगे।

पिछले दस वर्षों का मोदी का कार्यकाल यह बताता है कि जहां उन्होंने देश विकास की एक अमिट गाथा लिखी, वहीं वे देश में सबसे सशक्त और लोकप्रिय नेता के रूप में उभरे और विश्व पटल पर अपनी एक गहरी छाप छोड़ते हुए भारत को एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में खड़ा किया। इससे विश्व में भारत का मान बढ़ा और इसे उनके विरोधी भी स्वीकार करते हैं। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने न केवल साहसिक फैसले लिए, बल्कि विकास और जनकल्याण के ऐसे कार्य किए जिसने देश की तस्वीर बदली, भारत का विकास हुआ। अब वह विकसित भारत के लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। चूंकि गठबंधन सरकार के बावजूद कमान प्रधानमंत्री के हाथ में है और उन्होंने यह कहा है कि वह अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं और इस एजेंडे के प्रति सहयोगी दलों और विशेष रूप से टीडीपी और जेडीयू ने भी अपनी संकल्पबद्धता जताई है इसलिए मोदी की प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी पारी निरंतरता, साहसिकता, दृढ़ता का परिचायक ही होगी। राजनीति की लंबी पारी ने मोदी को दृढ़ता के साथ ही लचीलेपन का भी पाठ पढ़ाया है। कोई कारण नहीं कि राजनीतिक विरोधियों को साथ लेने में दिखाया गया लचीलापन सहयोगियों को बनाए रखने में काम नहीं आएगा। दूसरी बात यह कि चाहे चंद्रबाबू नायडू हों या नीतीश कुमार, दोनों विकास की राजनीति का चेहरा रहे हैं।

मंत्रिमण्डल का गठन करते हुए ऐसा नजर नहीं आया कि भाजपा गठबंधन सहयोगियों के किसी तरह के दबाव में हो। पिछली सरकार में महत्वपूर्ण मंत्रालय संभालने वाले भाजपा के सांसद वरिष्ठता क्रम में शपथ लेते नजर आए। मंत्रिमंडल के गठन में गठबंधन के हितों के साथ ही जातीय संतुलन और महिलाओं को उचित प्रतिनिधित्व देने का प्रयास किया गया। हरियाणा में भले भी पांच सांसद इस बार चुने गए हों, लेकिन इस साल राज्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट व राव इंद्रजीत सिंह तथा कृष्णपाल सिंह को राज्यमंत्री बनाया गया। वहीं पंजाब से कोई भाजपा सांसद नहीं चुना गया लेकिन पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पोते रवनीत बिट्टू को मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। झारखंड में इस साल चुनाव होने हैं तो राज्य को तीन मंत्री दिये गए हैं। मोदी का मंत्रिमण्डल देश विकास के साथ राजनीतिक अपेक्षाओं के अनुरूप प्रभावी एवं सशक्त एक तीर से अनेक निशाने साधते हुए दिखा। निश्चित रूप से भाजपा अपने सहयोगी दलों के प्रति उदार एवं समन्वयमूलक रवैये अपनाएगी। राजग की कोशिश है कि गठबंधन को मजबूत करके इस बार सशक्त होकर उभरे विपक्ष का मुकाबला किया जा सके। इतना तय है कि कांग्रेस के नेतृत्व में इंडिया गठबंधन अग्निपथ, समान नागरिक संहिता, बेरोजगारी व महंगाई जैसे संवेदनशील मुद्दों पर राजग सरकार के लिये कड़ी चुनौती पेश करेगा, लेकिन सहयोगी दलों के साथ भाजपा उनका मुकाबला करने के लिये तैयार है। एक सवाल यह भी है कि क्या नरेंद्र मोदी की नेतृत्व वाली राजग सरकार सहयोगी दलों की आकांक्षाओं के बीच पिछले दो कार्यकाल की गति से काम कर पाएगी? निश्चित ही मोदी उसी अंदाज एवं दबंगता से अपनी योजनाओं एवं नीतियों को आगे बढ़ायेंगे। मोदी के विजन में जहां हर हाथ को काम का संकल्प साकार होगा, वहीं सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का प्रभाव भी स्पष्ट रूप से उजागर होगा। मोदी के नये संकल्पों एवं योजनाओं से देश विकास की दशा एवं दिशा स्पष्ट होगी। आदिवासी समुदाय एवं अर्थव्यवस्था के उन्नयन एवं उम्मीदों को आकार देने की दृष्टि से मोदी सरकार मील का पत्थर साबित होगी। साथ-ही-साथ समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण एवं संतुलित विकास सुनिश्चित होगा। सशक्त होती अर्थव्यवस्था इस मायने में उम्मीद की छांव देने वाली साबित होगी, जिससे शहर एवं गांवों के संतुलित विकास पर बल मिल सकेगा।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# एमबीबीएस नहीं तो और क्या?

विजय गर्ग

**डॉक्टर** बनना कम उम्र से ही कई बच्चों का सपना होता है। बीमारों को ठीक करने और साथ ही लोगों से कृतज्ञता और सम्मान पाने से बेहतर जीवन बिताने का इससे बेहतर तरीका क्या हो सकता है? और पहले के वर्षों के विपरीत, आज सक्षम डॉक्टर भी अच्छी आय अर्जित करते हैं। दुर्भाग्य से भारत में, 2 साल की एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) डिग्री के लिए उपलब्ध सीटों की संख्या पूरे भारत में लगभग 100,000 तक सीमित है, जो 1000 से अधिक कॉलेजों में फैली हुई है। इसलिए, कई उम्मीदवारों को अपने सपनों का कोर्स करने का मौका नहीं मिलता है। साथ ही, चिकित्सा अध्ययन बहुत अधिक विस्तृत होते हैं, जिसके लिए बड़े हिस्से को कवर करने, नैदानिक कार्य और अंत में, इंटर्नशिप के एक कठोर वर्ष की आवश्यकता होती है। इसलिए, कई अच्छे इरादे वाले छात्र जो अपने स्कूल के दिनों में डॉक्टर बनने का सपना देखते थे, वे चिकित्सा पेशे में आने की उम्मीद छोड़ देते हैं और किसी ऐसी चीज की ओर बढ़ जाते हैं जिसके बारे में वे बहुत भावुक नहीं होते हैं। वैकल्पिक लेकिन बहुत से लोग इस बात से अवगत नहीं हैं कि एमबीबीएस की पढ़ाई स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर बनने का एकमात्र तरीका नहीं है। ऐसे कई अन्य विकल्प भी हैं जो आशाजनक और फायदेमंद हैं और ये क्षेत्र तेजी से बढ़ रहे हैं। प्रौद्योगिकी विकास के साथ, स्वास्थ्य देखभाल अधिक स्वचालित होती जा रही है, जिसके लिए उच्च योग्य पैरामेडिकल पेशेवरों की आवश्यकता होती है। एमबीबीएस किए बिना एक योग्य डॉक्टर बनने के लिए, कोई भी आयुष (आयुर्वेद, यूनानी, सिद्ध और होम्योपैथी) पाठ्यक्रमों में से किसी एक में प्रवेश ले सकता है, जिसे अब सरकार द्वारा नियमित कर दिया गया है और पूर्ण व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के रूप में पेश किया जाता है। यदि कोई इन प्रणालियों में विश्वास करता है तो वह बीएचएमएस (बैचलर ऑफ होम्योपैथिक मेडिसिन एंड सर्जरी), बीएएमएस (बैचलर ऑफ आयुर्वेदिक एम एंड एस), बीयूएमएस (बैचलर ऑफ यूनानी एम एंड एस) या बीएनवाईएस (बैचलर ऑफ नेचुरोपैथी एंड योगिक साइंसेज) का विकल्प चुन सकता है। इनमें से प्रत्येक एमबीबीएस के समान अवधि के लिए है, और उसके बाद इंटर्नशिप होती है। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र में तीन वर्षीय स्नातकोत्तर एमडी पाठ्यक्रम भी हैं। इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश तुलनात्मक रूप से आसान है और ट्यूशन फीस भी कम है। हालाँकि, एक उम्मीदवार को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उसे वास्तव में चुनी गई वैकल्पिक चिकित्सा धारा में विश्वास है, उसने उस पद्धति के माध्यम से उपचार का प्रयास किया है और संतुष्ट है - क्योंकि तभी वह व्यक्ति उस धारा का अभ्यास करने के लिए प्रेरित होगा और रोगियों को ठीक करने में सफल होगा। जो लोग एलोपैथिक साइंस में स्वास्थ्य क्षेत्र में काम करना चाहते हैं, उनके लिए पांच वर्षीय बीडीएस (बैचलर ऑफ डेंटल सर्जरी) जैसे विकल्प हैं, जिसके बाद वे ओरल, ऑर्थोडॉन्टिक, पेरियोडॉन्टिक में तीन साल के एमडीएस कोर्स में विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं। कृत्रिम या मैक्सिलो-चेहरे की सर्जरी।

## विचार

# भाजपा जानती है गठबंधन सरकार का धर्म

आर.के. सिन्हा

**नरेंद्र मोदी के** नेतृत्व में राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भारतीय जनता पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। उन जीतों में मोदी जी की सबसे अहम भूमिका रही थी। लेकिन , पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी जी ने गठबंधन का धर्म निभाया । हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं - बहुमत से 32 कम। यह तय मानिए कि जो विकास का पहिया 2014 में घूमना शुरू हुआ था वह अब गठबंधन सरकार के दौर में भी आगे बढ़ता ही रहेगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ( एनडीए) में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं , उसकी सहयोगी दलों ने। अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी ने आपातकाल हटा दिया और जनवरी 1977 में अचानक चुनावों की घोषणा की। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फनार्डीज जैसे जननेता भी शामिल थे। बहरहाल, जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं।

बहरहाल, चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधान मंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया, जिससे चरण सिंह को इस्तीफा देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस स्थिति के कारण देश में लोकसभा भंग करने के बाद 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं। लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधान मंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया , जब उस समय के सबसे बड़े नेता, लाल कृष्ण आडवाणी को अयोध्या में राम मंदिर बनाने के लिए आयोजित उनकी यात्रा के दौरान गिरफ्तार किया गया था।1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला।

इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहे : 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए ।



## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com




### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जिन्न ने सुलझाई पानी की समस्या

रामविलास जांगिड़

**नेताजी** दिल्ली की जल समस्या से खुश होकर अपने ऑफिस में बैठे थे। जल जागरूकता संबंधी बजट भतीजे को, पाइप ठेका चाचा को मिलने वाला है। खुशी में उन्होंने ऑफिस में रखी बाबर टाइप एक अलमारी के लात मारी। अलमारी गिर पड़ी। उसमें से एक धूल भरी किताब निकल आई - "अलिफ लैला की जादुई कहानियां।" नेता ने किताब खोली। उसे देखते ही पन्नों में से धुआं उठा और हातिमताई, अलिफ लैला और जिन्न प्रकट हो गए। नेताजी ने उन्हें देखा और खुशी से उछल पड़े, "वाह, तुम लोग तो सच में हो! अब तो मैं उम्र भर कुर्सी से चिपका ही रहूंगा।" हातिम बोले, "वो तो ठीक है। लेकिन अभी इस समय क्या परेशानी है, नेताजी?" नेताजी ने अपनी समस्या बताई और कहा, "दिल्ली में पानी की भारी कमी है। अमेरिका, पाकिस्तान, अफगानिस्तान सबने हमारे हिस्से का पानी रोक रखा। क्या तुम हमारी मदद कर सकते हो?" अलिफ लैला (प्यार के मारे, दो बेचारे, हमेशा रहते एक साथ एक दूजे के सहारे) मुस्कराए और बोले, "इसका हल तो मेरे पास है। लेकिन पहले थोड़े मजे कर लेते हैं। जैसे आप जन-फायदे का नाटक करके मजे लेते हो। जैसे आप सियासी पर्यटन के लिए जेल जाकर मजे लेते हो।" जिन्न ने अपनी जादुई छड़ी से एक उड़ने वाला कंबल मंगवाया। चारों उस कंबल पर सवार होकर दिल्ली की सैर करने लगे। उड़ते-उड़ते उन्होंने देखा कि यमुना नदी की स्थिति बहुत खराब है। यमुना में प्लास्टिक की थैलियां, कुरकुरे मुरमुरे के पाउच, पान मसाले की खाली थैलियां, बदबूदार कीचड़, सफेद केमिकल झाग, मरी मछलियां, गंधाते रुलाते बजबजाते केमिकल का कीचड़ आदि बहुमूल्य रत्न दिखाई दिए। इन रत्नों की गठबंधनी गंदगी को देखकर अलिफ लैला बेहोश हो गए। जिन्न ने कान में फूंक मार कर उनको ठीक किया। जिन्न बोला, "मैं यमुना को ठीक कर सकता हूं! जल समस्या एकदम खत्म हो जाएगी!" उसने जादुई मंत्र पढ़ा। अरबों-खरबों की संख्या में एक-एक बूंद पानी की शक्ल के कई जिन्न पैदा हो गए। वे सब यमुना के गंदे नाले में छलांग लगा गए। नाला शीघ्र ही नदी में बदल गया। अचानक पानी भरने लगा। नेताजी खुश हुए।

# तुझ संग प्रीत लगाई अंबुआ !

सुनील कुमार महला

**सभी को** पता है कि आम, फलों का राजा कहलाता है। गर्मी के मौसम में आम नहीं खाएं तो मजा नहीं। असली जीवन आनंद आम खाने में है। शायद यही वजह है कि मशहूर शायर सागर खय्यामी को तो आम की एक किस्म 'लंगड़ा' पर यहां तक कहना पड़ा कि- 'आम तेरी ये खुशनसीबी है, वरना लंगड़े पे कौन मरता है।' दशहरी हो या चौसा, तोतापुरी हो या अल्फांसो, हिमसागर हो या रसपुरी, आम का जायका ही कुछ ऐसा है कि हम आम के बारे में यह बात कह सकते हैं कि 'दिल ललचाए रहा न जाए।' खैर, भारतीय संस्कृति में आम, 'आम' नहीं बल्कि बहुत 'खास' है। सच तो यह है कि आदमी को 'आम' से सीखना चाहिए, 'आम होकर भी 'खास' बनना। खास इतना कि आम पर मुहावरे तक बने हैं। मसलन, 'आम के आम और गुठलियों के दाम'(दोहरा लाभ), 'आंधी के आम(अधिक मात्रा में तथा बहुत सस्ते में मिलनेवाली वस्तु), 'आम खाने कि पेड़ गिनने', 'आम होना (सामान्य रूप से प्रचलन में होना) वगैरह वगैरह। वैसे भारतीय संस्कृति में आम इतना प्रसिद्ध है कि कोई व्यक्ति यदि बिना मतलब (अनड्यू विजिट करना) कहीं पर जाता है तो अक्सर यह कहा जाता है कि 'वहां आप क्या आम लेने गये थे।' खैर जो है सो है। वैसे आम तो आम, आम की गुठलियों के लिए परिवार में बहुत लड़ाई होती है। याद आता है जब बाबूजी घर पर आम लाते थे तो गुठली वाला हिस्सा अधिक लगाव (लाड़-प्यार) वाले 'छोटे' बच्चे को खाने को मिलता था तथा औरों को आम का हिस्सा काटकर खाने को मिलता था। वैसे, आदमी को जीवन में इतना 'आम' भी नहीं बनना चाहिए कि लोग, आदमी का 'अचार' बना लें। बच्चे कभी आम के पेड़ पर पत्थर मारकर आम तोड़ते थे, लेकिन आजकल पत्थर मारकर आम तोड़ने वाला 'बचपन' तो मोबाइल में व्यस्त है। आजकल बच्चों की नजर में 'आम' नहीं मोबाइल टंगा है। भले ही बाजार में आज आम की रेहड़ियां, आम की मधुर सुंदर महक बच्चों से लेकर बूढ़ों तक के नथुनों में खलबली मचा रहीं हैं, लेकिन बच्चों को मोबाइल के गेम्स और रील्स रास आ रहे हैं। खैर, आम सबका पसंदीदा फल है लेकिन बाजार में 'आम' के 'दाम' सुनकर सिर पर 'बाम' लगाना पड़ रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### श्रद्धा भाव के साथ मनाया गया गुरु अर्जुन देव जी का शहादत दिवस

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। डेरा कार सेवा गुरुद्वारा** के प्रमुख बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में शहीदों के सरताज गुरु अर्जुन देव जी का शहीदी दिवस मनाया गया। इसका आयोजन गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सहयोग से किया गया। इस मौके पर गुरमत समागम आयोजित किया गया, जिसमें देशभर से आए रागी-ढाढी जत्थों ने गुरु की महिमा का गुणगान कर संगतों को निहाल किया। इस मौके पर गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने के लिए हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल, प्रधान भूपेन्द्र सिंह असंध, कमेटी के उपाध्यक्ष सुदर्शन सिंह सहगल, प्रवक्ता कंवलजीत सिंह अजराना, गुरविन्द्र सिंह धमीजा, तेजेन्द्र सिंह मक्कड़ गुरमत समागम में पहुंचे। गुरु पर्व प्रबंधक कमेटी के प्रधान बरिन्द्र सिंह एवं महासचिव इंद्रपाल सिंह ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर संगतों में उत्साह दिखाई दिया। इस मौके पर ठंडे पानी की छबील लगाई गई। कार्यक्रम में हरियाणा सिक्ख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की धर्म प्रचार कमेटी के चेयरमैन जत्थेदार बलजीत सिंह दादूवाल ने संगत को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु अर्जुन देव जी ने मानवता के लिए शहादत दी थी। उनकी शहादत से सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सिक्ख पंथ ने धर्म की रक्षा के लिए शहादत को अपना अलंकार मानने के लिए संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सिक्ख मयार्दा को बचाने के लिए समय-समय पर महापुरुषों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है। इस मौके पर दरबार साहिब अमृतसर के हजूरी रागी भाई बलविन्द्र सिंह लाडी, श्री गुरुग्रंथ सर साहिब, हिसार के हजूरी रागी भाई गुरसेवक सिंह रंगीला, ढाडी जत्था भाई लखविन्द्र सिंह पारस, गुरुद्वारा मंजी साहिब के हैड ग्रंथी भाई अमृतपाल सिंह, नितनेम भाई मंजूर सिंह तथा भाई गुरप्रीत सिंह ने गुरु की महिमा का गुणगान किया। मंच संचालन भाई सरबजीत सिंह तथा भाई दर्शन सिंह ने किया। इस मौके पर निफा व सिक्ख इंटरनेशनल फोरम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें युवाओं ने बढ़-चढकर रक्तदान कर मानवता का फर्ज निभाया। इस मौके पर धर्म प्रचार कमेटी के सचिव कुलदीप सिंह, अमरीक सिंह डबरी और जसविन्द्र सिंह बिल्ला आदि मौजूद रहे।

### मनोहर लाल के केबिनेट मंत्री बनने से प्रदेश होगा अधिक सशक्त : हरविंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। घरौंडा विधायक** हरविंद्र कल्याण ने लगातार तीसरी बार एनडीए सरकार के गठन और तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शपथ लेने पर बधाई देते हुए इसे नेकनीयत और जनता के विश्वास वाली सरकार बताया है। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व करनाल से नवनियुक्त सांसद मनोहरलाल को केबिनेट मंत्री बनाए जाने पर क्षेत्र के लोगों को बधाई दी।कल्याण ने कहा कि तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास की नई परिभाषा लिखेगा। करनाल से सांसद मनोहर लाल खट्टर को केबिनेट मंत्री का दर्जा दिए जाने से जहां करनाल लोकसभा की जनता का मान सम्मान बढ़ा है, वहीं भविष्य में उन्हें मिली इस अहम भूमिका से प्रदेश और सशक्त होगा। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने साढ़े नौ साल तक जिस तरह से प्रदेश की बखूबी कमान संभाली और बिना पर्ची बिना खर्ची के नौकरियां देते हुए कई विकासपरक लाभकारी योजनाओं को कार्यान्वित किया, इस बात को जनता ने बारीकी से समझा और उन्हें भारी मतों से जिताकर संसद में भेजा। करनाल लोकसभा चुनाव के संयोजक रहे विधायक हरविंद्र कल्याण ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जिस तरह अपने कार्यकाल में जनता की सेवा की है, उसी तरह अब केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल होकर देश, प्रदेश व करनाल लोकसभा के लोगों की सेवा करेंगे। उन्होंने उम्मीद जताई कि केबिनेट मंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने में निर्णायक भूमिका अदा करेंगे।

# प्रदेश में 31 अगस्त तक सड़कों के सुदृढ़ीकरण के कार्य को किया जाए पूरा : नायब सैनी

**टैंडर लेकर गलत काम करने वाले ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट करने के साथ-साथ प्रोपर्टी अटैच करने पर**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश की सभी सडकों का 31 अगस्त तक सुदृढ़ीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को आदेश जारी कर दिए हैं। इसके साथ ही टैंडर प्रक्रिया की अवधि को भी सात दिन करने के आदेश दिए हैं। इस निर्धारित समयावधि के बाद प्रदेश की एक भी सडक खस्ताहाल में नजर नहीं आएगी। नायब सिंह सैनी सोमवार को देर सायं करनाल लघु सचिवालय में अधिकारियों को एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने पर अधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि अब आगामी चुनावों से पहले लंबित विकास कार्यों और योजनाओं को शीघ्र अति शीघ्र पूरा किया जाएगा। इसके साथ ही अधिकारी अपने-अपने कार्यालयों के साथ-साथ समाधान शिविरों में लोगों की समस्याओं और छोटे-छोटे कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी अधिकारियों को प्रत्येक व्यक्ति को पूरा सम्मान देना है, उनकी समस्या को सुनना है और समाधान करना सुनिश्चित करें। इस मामले को अधिकारी पूरी गंभीरता के साथ लेंगे अगर किसी भी स्तर पर लापरवाही नजर आई तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएम आवास पर वे स्वयं रोजाना 1500 से ज्यादा लोगों की समस्याएं उनके बीच जाकर सुनते हैं और पूरा मान-सम्मान देकर उनकी समस्याओं को सुना जा रहा है। जब व्यक्ति की बात को पूरे मान-सम्मान के साथ सुनेंगे तो निश्चित की लोगों की समस्याओं और शिकायतों के ग्राफ में गिरावट आएगी। सीएम ने परिवार पहचान पत्र, प्रोपर्टी आईडी, एनडीसी, बिजली विभाग तथा पुलिस विभाग से संबंधित तमाम समस्याओं पर विशेष फोकस देकर समाधान करने के आदेश देते हुए कहा कि वृद्ध व्यक्ति की उम्र 60 वर्ष होने के तुरंत बाद समाज कल्याण विभाग के अधिकारी वृद्ध के घर जाकर आयु को सत्यापित करें और चिंता करके पेंशन बनाने का काम करें। इसी तरह बीपीएल कार्ड, पीपीपी की आय सत्यापित करने पर विशेष फोकस रखें और एलडीएम बैंक से संबंधित समस्या को भी तुरंत दूर करवाएं। उन्होंने तहसीलदार और राजस्व विभाग के अन्य अधिकारियों को आदेश दिए कि टोकन लगाने के बाद व्यक्ति की रजिस्ट्री कार्य पूरा करवाना सुनिश्चित करें, अगर इस बाबत शिकायत मिली तो दोषी अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा।

## इंजीनियर बनकर देश सेवा करना चाहता है जेईई टॉपर आयुष




**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जेईई एडवांस्ड में** टॉप स्कोर हासिल करने वाले आकाश एजुकेशनल सर्विसेज के छात्र आयुष राणा इंजीनियर बनकर देश सेवा को समर्पित होना चाहते हैं। टॉप स्कोरर आयुष सिंह राणा ने एआईआर 1018 हासिल किया है। उसके साथ आदित्य ने एआईआर 2225, हिमांक ने एआईआर 2655, राघव ने एआईआर 3252, वैनी दुआ ने एआईआर 4632 हासिल की। वहीं, करनाल के कुल 19 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया। इन सभी छात्रों का आकाश इंस्टीट्यूट की ओर से सम्मान किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इधर आयुष ने बताया कि उसकी उपलब्धि में संस्थान के अलावा उसके माता-पिता का सबसे बड़ा हाथ है जब भी जरूरत पड़ी हर मोड़ पर माता-पिता ने मुझे मोटिवेट किया। आयुष के पापा विजय कुमार बीएसएनएल में डीईटी के पद पर तैनात है। माता मनु ठाकुर ग्रहणी है। दोनों अपने बेटे की उपलब्धि पर गोरांवित महसूस कर रहे हैं।

## हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा जरूर लगाये

**पानीपत/कमाल हुसैन**

जिले को हरा भरा बनाने को लेकर वन विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। मानसून की दस्तक के साथ ही जिले में पौधारोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। पौधारोपण के इस कार्यक्रम में राज्य सरकार द्वारा पौधारोपण के लिए चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी विभागों में पौधारोपण किया जाएगा। इसमें छायादार व फल वाले पौधे भी लगाये जाएगें। उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि जिले को हरा भरा रखना उनकी प्राथमिकता है। पौधो के बगैर जीवन की कल्पना भी नही की जा सकती।

## बाल सुरक्षा के प्रति कोताही न बरतें: मीना कुमारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। हरियाणा राज्य** बाल संरक्षण आयोग की सदस्य मीना कुमारी ने कहा है कि बाल सुरक्षा के प्रति किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। संबंधित विभाग के अधिकारी एक-दूसरे से तालमेल बरकरार रखते हुये पूरी निष्ठा से कत्तव्य का निर्वहन करें। मीना कुमारी आज यहां जिला सचिवालय में पोक्सो एक्ट, किशोर न्याय अधिनियम (बालकों की देखरेख एवं संरक्षण) विषय पर आयोजित कार्यशाला में बोल रही थीं। उन्होंने अधिकारियों के सुझाव भी सुने। जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिये कि वे सरकारी व गैर सरकारी स्कूलों में सुझाव एवं शिकायत पेटिका लगवायें तथा बाल सरंक्षण आयोग, चाइल्ड हैल्प लाईन, पुलिस हैल्प लाईन 112, बाल कल्याण समिति, बाल संरक्षण अधिकारी व जिला प्रशासन के टेलीफोन नंबर अंकित करायें ताकि जरूरत पड? पर बच्चे उनसे संपर्क कर सहायता प्राप्त कर सकें। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाल संरक्षण संस्थाओं में रह रहे बच्चों तथा पोक्सो एक्ट के अंतर्गत पीड़ित बाल व बालिकाओं का मेडिकल प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। आयोग की सदस्य द्वारा पुलिस को निर्देश दिये गये कि पोक्सो एक्ट के केसों में एक्ट के अनुसार फार्म 15 ए व बी में रिपोर्ट बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करें ताकि समिति बच्चे के हित में उचित निर्णय ले सके । मौके पर ही पुलिस अधिकारियों को फार्म की प्रति उपलब्ध कराई गई। बैठक में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी रीना रानी, जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठकराल, बाल कल्याण समिति की सदस्य श्रीमती निरुपमा सदर, बाल किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य बलराज सांगवान, आरती, एसआई मनजीत, कप्तान सिंह, बाल संरक्षण संस्थाओं के सभी प्रबंधक, महिला एवं बाल विकास विभाग से रूचि, निधि, सुमन, पूनम, प्रदीप, प्रवेश, हवा सिंह आदि ने भाग लिया।

## महिलाओं से संबंधित कानूनों की दी जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला पुलिस** की कांउसलिंग सेल इन्चार्ज महिला निरीक्षक राजेश लता द्वारा प्रतिदिन शिक्षण संस्थानों व अन्य कामकाजी संस्थानों में जाकर महिलाओं व छात्राओं को जागरूक किया जा रहा है। आज उनके द्वारा अर्पणा आश्रम व अस्पताल, नजदीक मधुबन पुलिस अकादमी में महिला डाक्टरों व महिला नर्सिंग स्टाफ को महिलाओं से संबंधित कानूनों का ज्ञान दिया गया। निरीक्षक राजेश लता द्वारा अर्पणा आश्रम व अस्पताल की महिला कर्मियों को बताया गया कि घरों से बाहर अन्य स्थानों पर काम करने वाली महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने और कार्यस्थल पर उनके अधिकारों की रक्षा करने के लिए, महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीडन अधिनियम-2013 अधिनियमित किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन कोई भी बिना इच्छा के यौन परिभाषित व्यवहार होता है, जिसका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष के कार्य निष्पादन में हस्तक्षेप अथवा एक भयावह, शत्रुतापूर्ण और अपमानजनक माहौल उत्पन्न करना है।

## आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए हर रोज लगेगा समाधान शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। उपायुक्त उत्तम** सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हर रोज कार्य दिवस के दौरान लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें पुलिस व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे। इस पहल के तहत, हर रोज सुबह नौ बजे से ग्यारह बजे तक समाधान शिविर लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में जनता की समस्याओं को सुना जाएगा व समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। यह पहल लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान करने में सहायक होगी। डीसी ने कहा कि स्थानीय प्रशासन प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने व आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि समाधान शिविर में आने वाले समस्याओं का प्राथमिकता के साथ समाधान किया जाएगा। सरकार का यह कदम आमजन को सुविधा प्रदान करेगा व बेहतर और समृद्ध समाज के निर्माण में सहायक रहेगा। सरकार निरंतर लोगों के जीवन स्तर को सुधारने और समृद्धि को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। इस समाधान शिविर के माध्यम से सरकार लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने का उद्देश्य रखती है। डीसी ने कहा कि यह शिविर समस्याओं के समाधान में काफी कारगर साबित होंगे, क्योंकि एक ही समय में सभी अधिकारी एक स्थान पर मौजूद रहेंगे, जिससे की समस्याओं के समाधान को लेकर विभाग आपसी तालमेल के साथ कार्य कर सकेंगे।

**इन समस्याओं का होगा समाधान**

डीसी ने बताया कि समाधान शिविर में प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, स्थानीय निकायों से बकाया प्रमाण पत्र, नगर पालिकाओं से नक्शा स्वीकृति, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, राशन कार्ड और सार्वजनिक वितरण प्रणाली, अपराध संबंधी शिकायतों और बिजली/ सिंचाई/ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी संबंधित शिकायतों का समाधान किया जाएगा।

## योग से व्यक्ति हर तरह की मानसिक परेशानियों से दूर रह सकता है: रोबिन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। फव्वारा पार्क** सेक्टर 12 में योग गुरु एवं मेरा मिशन स्वस्थ भारत के निर्देशक दिनेश गुलाटी ने योग करवाया। कक्षा में विशेष रूप से योग और मन रोग पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें डॉक्टर रॉबिन जुनेजा, मनोचिकित्सक ने उपस्थितजनों को मानसिक स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में सारथी, एक युवा संचालित संस्था ने अनन्य बैनर्जी और संजौली बनर्जी के नेतृत्व में ओशीन दास, विश्वजीत, अंश बजाज, अनन्य सचदेवा, सुहाना, गुरनूर और ध्रूव ने अभिव्यक्ति परियोजना के अंतर्गत मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी। डॉ. रॉबिन ने कहा कि दिनेश गुलाटी पहले से ही योग द्वारा समाज को स्वस्थ कर रहे हैं। योग शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक स्वास्थ्य की ओर अग्रसर करता है।

## नागरिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को करें स्व-प्रमाणित: अभिषेक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। नगर निगम** आयुक्त अभिषेक मीणा ने सभी शहरवासियों से अपील करते कहा है कि वे एन.डी.सी. पोर्टल पर अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित कर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को लॉक करें। उन्होंने बताया कि प्रॉपर्टी आई.डी. को लॉक करने से कोई अन्य व्यक्ति उससे किसी प्रकार की छेडखानी नहीं कर सकता और न ही उसमें कोई तबदीली लाने के लिए आपत्ति दर्ज कर सकता। ऐसा करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि स्व-प्रमाणित करने से सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक को वित्त वर्ष 2024-25 के सम्पत्ति कर पर 10 प्रतिशत छूट प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. के डाटा को स्व-प्रमाणित करते ही प्रॉपर्टी आई.डी. लॉक हो जाती है। इसके पश्चात अगर कोई भी व्यक्ति इसमें ऑब्जैक्शन लगाना चाहता है तो उसके लिए ओ.टी.पी. सम्बंधित प्रॉपर्टी मालिक के पास आएगा। इसके बिना वह कुछ नहीं कर सकता। निगमायुक्त ने बताया कि अभी तक 30 हजार 190 सम्पत्ति मालिक अपनी प्रॉपर्टी आई.डी. को स्व-प्रमाणित करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि उपरोक्त कार्य को करने के लिए नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में कर्मचारियों की टीमें गठित की गई हैं, जो घर-घर जाकर सभी सम्पत्ति धारकों से सम्पर्क कर प्रॉपर्टी आई.डी. का डाटा स्व-प्रमाणित करने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी सम्पत्ति धारकों से अपील करते कहा है कि वह इस कार्य के लिए नगर निगम की टीमों का सहयोग करें। यह कार्य नागरिकों की सुविधा के लिए ही किया जा रहा है। एन.डी.सी. पोर्टल पर प्रॉपर्टी आई.डी. को कैसे करें स्व-प्रमाणित- उन्होंने बताया कि नागरिक सबसे पहले एन.डी.सी. पोर्टल (प्रॉपर्टी डॉट यूएलबी हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन) साईट पर जाएं। इसके बाद अगर किसी व्यक्ति ने साईट पर रजिस्ट्रेशन किया हुआ है तो ठीक, नहीं तो न्यू रजिस्ट्रेशन का बटन क्लिक कर उस पर अपना ब्यौरा दर्ज करें। इसके पश्चात अपने रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर से लॉगिन करें तथा सर्च फील्ड में जाकर प्रॉपर्टी आई.डी. को सर्च करें। फिर प्रॉपर्टी का ब्यौरा पर क्लिक कर उसे चेक करें। प्रत्येक ब्यौरा के आगे येस व नो, दोनो विकल्प मिलेंगे। उसे ध्यान से पढने के बाद, सारा डाटा ठीक दिखाई दे, तो उसे येस कर दें।

अंत में परिवार पहचान पत्र या आधार नम्बर डालकर सब्मिट करें, उसके पश्चात प्रॉपर्टी आई.डी. स्व-प्रमाणित हो जाएगी।

## मनोहर लाल के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने मनाया जश्न

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा के** मुख्यमंत्री रहे मनोहर लाल को एनडीए सरकार में केबिनेट मंत्री बनाए जाने पर करनाल में कार्यकर्ताओं ने जमकर जश्न मनाया। करनाल की निवर्तमान मेयर रेणु बाला गुप्ता की अगुवाई में कार्यकताओं ने कमेटी चौक पर आतिशबाजी कर और लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की। यहां ठंडे मीठे जल की छबील भी लगाई गई। भाजपा के झंडे हाथों में लिए कार्यकर्ता ढोल की थाप पर नाचे। इस मौके पर भाजपा जिला प्रधान योगेंद्र राणा और पूर्व मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्र में लगातार तीसरी बार एनडीए की सरकार बनी है। नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री बनकर रिकार्ड कायम किया है। देश की जनता की अटूट आस्था नरेंद्र मोदी में हैं। ऐसे यशस्वी प्रधानमंत्री मिलना देन के प्रत्येक नागरिक के लिए गर्व की बात है। रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए मनोहर लाल ने 10 साल प्रदेश की जनता की सेवा की। अब करनाल की जनता ने उन्हें सांसद के तौर पर अपना आशीर्वाद दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मनोहर लाल को केबिनेट मंत्री बनाकर हरियाणा की जनता का सम्मान बढ़ाया है। हरियाणा के विकास में मनोहर लाल बड़ी भूमिका अदा करेंगे। 20 सालों बाद करनाल सांसद को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह मिली है। इस मौके पर सीएम के पूर्व मीडिया कोर्डिनेटर जिलाध्यक्ष जगमोहन आनंद, भाजपा प्रवक्ता वीरेंद्र चौहान,

पूर्व उद्योग मंत्री शशि पाल मेहता, निर्मला बैरागी, केश कला बोर्ड के चेयरमैन यश पाल ठाकुर, बैकवर्ड सैल की चेयरमैन निर्मला बैरागी, जिला कोषाध्यक्ष बृज गुप्ता, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के पूर्व सचिव अशोक सुखीजा, अशोक भंडारी, अमरनाथ सौदा, जिला उपाध्यक्ष राजबीर शर्मा, प्रवीण लाठर, जिला महामंत्री सुनील गोयल, संकल्प भंडारी, मेघा भंडारी, रजनी परोचा, जिला सचिव मंजू खेंची, मुकेश अरोड़ा, वीर विक्रम राजेश अग्घी, मीतू सैनी, राजिंद्र सिरसी, व्यापार मंडल प्रधान कृष्ण लाल तनेजा, रघुमल भट्ट, विकास कथुरिया, हरपाल कलामपुरा, नरेंद्र बांभा, राजिंद्र आर्य, अमरनाथ सौदा, जिला परिषद के चेयरमैन सोहन सिंह राणा, सदस्य गुरदीप राणा, प्रवीण लाठर महामंत्री सुनील गोयल व जिला मीडिया प्रभारी डा.अशोक कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जनता की शिकायतों का अब होगा मौके पर समाधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**




**करनाल। मुख्यमंत्री नायब** सिंह सैनी ने प्रदेश की जनता की शिकायतों एवं समस्याओं का मौके पर समाधान करने का ऐतिहासिक पहल की है। अब अधिकारी जिला मुख्यालयों व उप मंडल स्तर पर कार्य दिवसों में समाधान शिविर आयोजित करके लोगों की शिकायतों का मौके पर निवारण करेंगे ताकि जनता को बार-बार कार्यालय के चक्कर न काटने पड़ें। समाधान शिविर में आई शिकायतों की मॉनिटरिंग करने के लिए चंडीगढ़ मुख्यालय पर उच्च आईएएस अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी कड़ी में उपायुक्त उत्तम सिंह ने मुख्यमंत्री के आदेशों की अनुपालना में सोमवार को प्रातः 9 बजे से लेकर 11 बजे तक लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया।

## न्यूज फ्लैश

### शादी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** सदर थाना सोनीपत पुलिस ने महिला को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित शुभम उर्फ मोनू निवासी बसंत विहार करनाल का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। एक महिला ने ने सदर थाने में गत 28 मई को शिकायत देकर बताया कि उसकी शादी सोनीपत जिले में एक शराबी किस्म के व्यक्ति से हुई थी। वह उसके साथ मारपीट करता था। उसे घर से निकाल दिया। उसके बाद वह सिलाई का काम करके गुजरा करने लगी। शुभम नाम का युवक उसके पास सिलाई के लिए आने लगा। वह उसके साथ बातचीत करने लगा। उसके बाद उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी की कहने पर उसे धमकी देने लगा। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्यवाही करते हुए सहायक उप निरीक्षक सोनिया की टीम ने महिला का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। वहीं मामले में आरोपित के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### महिला से छेड़छाड़ करने का आरोपित गिरफ्तार, अदालत में पेश

**सोनीपत:** बहालगढ़ थाना पुलिस ने महिला से छेड़छाड़ करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित रविंद्र निवासी मुकिनपुर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

एक महिला ने आठ जून को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि वह अपने घर पर अकेली थी। उसी दौरान रविंद्र नाम को युवक उसके घर में घुस आया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। छेड़छाड़ का विरोध करने पर उसे जान से मारने की धमकी देने लगा। उसके बाद फरार हो गया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था। सिपाही ज्योति ने बताया कि मामले में पीड़िता का मेडिकल करवाकर कोर्ट में बयान दर्ज करवाएं। मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### घर से हजारों रुपये की राशि व जेवरात चोरी

**सोनीपत: शहर** थाना क्षेत्र में घर से हजारों रुपये की राशि व लाखों रुपये कीमत के जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। मकान मालिक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। ईदगाह कॉलोनी निवासी रियासत खान ने बताया कि वह अपनी घर वाली के साथ अपने दूसरे मकान में चला गया। घर पर उसका बेटा व बेटी सो रही थी। सुबह आकर देखा तो घर के अंदर सामान बिखरा हुआ मिला। अलमारी में सामान की जांच की तो सोने के गहने, चेन व लॉकेट, चार कड़े, तीन जोड़ी पाजेब, 60 हजार रुपये की राशि, दो मार्कसीट, तीन पैन ड्राइव व आधार कार्ड सहित दो मोबाइल फोन गायब मिले। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई जसबीर सिंह ने बताया कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### निर्माणाधीन मकान से लोहे की सेटरिंग प्लेट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: सेक्टर**-27 शहर थाना क्षेत्र निमार्णाधीन मकान से लोहे की सेटरिंग प्लेट चोरी होने का मामला सामने आया है। ठेकेदार ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरों का पता लगाने के लिए क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव भुना महलगांव बिहार हाल में राजीव कॉलोनी निवासी अरूण कुमार ने बताया कि वह ठेकेदारी का काम करता है। उसने अलग-अलग साइटों का ठेका भी ले रखा है। गत 3 व चार जून को निमार्णाधीन मकान की साइट से 85 सेटरिंग प्लेट चोरी हो गई। अपने स्तर पर जाकर देखा तो उसकी प्लेट गायब मिली। अपने स्तर पर सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने मौके का मुआयना कर चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द चोरों का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

# हैप्पी योजना के लिए जल्द से जल्द आवेदन कर लाभ उठाएं: असीम

## लाभार्थियों को परिवहन मंत्री असीम गोयल ने वितरित किए कार्ड

**अंत्योदय**

▶▶ सरकार अंत्योदय के भाव से काम कर रही है और निरंतर नई-नई योजनाओं की शुरूआत कर रही है



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के परिवहन मंत्री असीम गोयल ने अम्बाला शहर बस अड्डे पर आयोजित कार्यक्रम में हरियाणा अंत्योदय परिवार परिवहन योजना के लाभार्थियों को कार्ड वितरित किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना के पात्र लाभार्थी जल्द से जल्द आवेदन करें और अपना कार्ड प्राप्त करें।परिवहन मंत्री ने अम्बाला शहर में स्थापित कपड़ा मार्किट में पार्किंग की समस्या का जल्द से जल्द समाधान होने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि लगभग 1 जुलाई तक पार्किंग का टेंडर हो जाएगा। इसके साथ-साथ आने वाले कुछ ही दिनों में अम्बाला वासियों को इलेक्ट्रिक सिटी बस सर्विस की भी सौगात मिलेगी। जो जल्द शुरू की जाएगी। उन्होंने कहा कि अम्बाला शहर का नया बस अड्डा भी अथक प्रयासों से बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अंत्योदय के भाव से काम कर रही है और निरंतर नई-नई योजनाओं की शुरूआत कर रही है।

परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि हरियाणा सरकार की हैप्पी स्कीम अंत्योदय की अनूठी योजना है। एक लाख रुपये तक की आय वाला कोई भी व्यक्ति आवेदन कर सकता है। परिवार में जितने सदस्य हैं, सभी का कार्ड बनेगा और 1 हजार किलोमीटर मुफ्त सफर कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इस स्कीम पर सरकार 600 करोड़ रुपये खर्च वहन करेगी। योजना इतनी बेहतर है कि जल्द ही दूसरे राज्य भी इसका अनुसरण करते नजर आएंगे। परिवहन मंत्री ने कहा कि अम्बाला में अभी तक 35 हजार लोगों ने आवेदन किया है। पात्र व्यक्ति इस कार्ड को अम्बाला कैंट, अम्बाला शहर और नारायणगढ़ से प्राप्त कर सकता है। परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप सिंह विर्क ने कहा कि हरियाणा सरकार ने अपने बेड़े में नई बसों को जोड़ा है। पिछले डेढ़ साल में 1800 नई बसें खरीदी हैं। अगले 2 महीने में और बसें खरीदी जाएंगी। पहले दिल्ली से चंडीगढ़ के बीच एसी बस चलती थी लेकिन अब हरियाणा रोडवेज की एसी बस प्रत्येक डिपो से चल रही हैं। 150 और एसी बसों का टेंडर लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि शहरों में सिटी बस सर्विस शुरू की जा रही है। 4 जिलों में एसी सिटी बस सर्विस शुरू की गई है। पहले मैनुअल टिकट दी जाती थी लेकिन अब हरियाणा में ई-टिकटिंग लागू है। उन्होंने कहा कि स्टेट कैरिज पॉलिसी में नए परमिट दिए जाएंगे। जो लोग अपना रूट बनाना चाहते हैं उन्हें कुछ नियमों के तहत रूरल परमिट स्कीम के तहत परमिट दिए जाएंगे। इसके अलावा सामान्य श्रेणी के नए परमिट भी इश्यू किए जाएंगे। श्री विर्क ने कहा कि हैप्पी स्कीम का काफी अच्छा फीडबैक मिल रहा है।

# एनसीसी बटालियन कैंप में 10 छात्राओं को हालत बिगड़ी

**गर्मी की मार**

▶▶ गर्मी के चलते छात्राएं बदहवास होकर गिरी, नागरिक अस्पताल में दिलाना पड़ा उपचार स्थिति सामान्य होने के बाद अस्पताल में छात्राओं को मिली छुट्टी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: प्रदेश** में एक तरफ जहां सरकार की तरफ से भीषण गर्मी के चलते छुट्टियां घोषित की हुई है, वहीं राष्ट्रीयराजमार्ग संख्या-44 पर स्थित राई स्पोटर्स स्कूल में 12 एनसीसी बटालियन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में भाग लेने वाली 10 छात्राएं गर्मी के चलते बदहवास होकर गिर गई। उन्हें उल्टियां हो रही थी। छात्राओं को नागरिक अस्पताल सोनीपत के आपाताकालीन कक्ष में लाया गया। जहां छात्राओं को प्राथमिक उपचार दिया गया। स्थिति सामान्य होने के बाद चिकित्सक ने छात्राओं को छुट्टी दे दी। बता दें कि राई स्पोटर्स स्कूल में हाल में 12 एनसीसी बटालियन का कैंप चल रहा है। इस कैंप में शामिल होने के लिए छात्रा ज्योति, कोनिका , आंकशा, रिया, साक्षी, हिमांशी, वर्षा, टीना, मोनिका, प्राची आई हुई थी। रविवार को सभी कैंप में थी, इसी दौरान इन छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। चक्कर आने के साथ छात्राएं बदहवास हो गई। वहीं उन्हें उल्टियां आने लगी। इतनी संख्या में छात्राओं की हालात बिगड़ने से सब डर गए। इसके बाद तुरंत सभी को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। सभी छात्राओं की हालत अस्पताल में काफी देर तक गंभीर बनी रही। अस्पताल के आपाताकालीन कक्ष में डयूटी पर तैनात महिला चिकित्सक सीमा व उनकी टीम ने तुरंत सभी का उपचार शुरू किया। करीब डेढ़ घंटे में इनकी हालत में सुधार हुआ। उसके बाद एक के बाद एक कर छात्राओं को छुट्टी मिल गई, वहीं इतनी गर्मी में कैंप लगाने पर सवाल भी खड़े हो रहे है। एक तरफ जहां स्कूलों की छुटटी चल रही है, वहीं यहां भीषण गरमी में विद्यार्थियों का कैंप चल रहा है। भीषण गर्मी में सभी की हालत खराब है। वहीं जानकारी मिली है कि गर्मी के मौसम के चलते कैंप लगाने से मना किया गया था, लेकिन उसके बावजूद कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में गर्मी के चलते छात्राओं की तबीयत खराब हो गई थी।

# शेयर मार्केट व प्रमोशन टास्क देकर लाखों रुपये की राशि ऐंठी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में साइबर ठगों के मकड़जाल में लोग फंसे रहे है। ठगी के मामले कम होने का नाम नहीं ले रही है। साइबर ठगों ने गन्नौर के युवक को शेयर मार्केट में मुनाफे का झांसा देकर 80 लाख रुपये व टीडीआई कुंडली के युवक को प्रमोशन का टास्क देकर उनसे 8.86 लाख रुपये की ठगी कर ली। पीड़ितों के बयान पर साइबर थाना पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

**मामला नंबर-1**
**शेयर मार्केट में ट्रेडिंग करने का दिया झांसा, ठगों ने 80 लाख रुपये ठगे-** गन्नौर निवासी राकेश कुमार ने साइबर थाना पुलिस को बताया कि 18 अप्रैल को उनके मोबाइल पर एक नंबर से व्हाट्सएप मैसेज आया था। जिसने अपना नाम एवलिन ग्रेसिया बताया था। उसने मैसेज भेजकर उन्हें शेयर मार्केट व शेयर ट्रेडिंग करने को कहा। उसने अपनी कंपनी का मल्टीनेशनल लज्जार्ड बताया था। साथ ही बताया था कि उनकी कंपनी शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कराती है। उन्होंने उनसे एक एप डाउनलोड करा दिया। उन्होंने उसके बाद उन्हें शेयर मार्केट में रुपये लगाने को कहा। इसके बाद एक अन्य नंबर से मैसेज मिला। जिसने अपना नाम नीता तिविदी बताया।

उसने उनका परिचय अपने प्रोफेसर बताकर किसी दीपक राज से कराया और उनका मोबाइल नंबर दिया। उन्हें बताया गया कि वह उन्हें ट्रेडिंग व आईपीओ की जानकारी देंगे। पीड़ित का आरोप है कि उन्हें कहा गया कि रुपये लगाने पर 40 से 50 फीसदी का लाभ मिलेगा। आईपीओ में रुपये लगाने पर दो से तीन गुना होने का लालच दिया। उन्होंने सबसे पहले 19 अप्रैल को 10 हजार रुपये का निवेश किया।

# संत आसाराम बापू आश्रम में योग शिविर हुआ संपन्न

**योगसत्र**

▶▶ दो सत्र आयोजित करवाए गए उनके बाद बच्चों को भगवान नाम कीर्तन कर आनंद विभोर करवाया गया

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** संत श्री आसाराम जी आश्रम यमुनानगर स्थित त्यागी गार्डन मे बच्चों का एकदिवसीय योग प्राणायाम शिविर संपन्न हुआ। जिसमें आगरा गुरुकुल से आए अवनीश भाई ने सैकड़ो की संख्या में आए विद्यार्थियों को बुद्धि वर्धक प्रयोग प्राणायाम तथा तन स्वस्थ रखने के विभिन्न प्रकार के उपाय बताएं यमुनानगर की श्रीयोग वेदांत सेवा समिति द्वारा आयोजित करवाए गए इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की करवाई गई। प्रतियोगिता में पहले व दूसरे नंबर पर आए विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया साथ ही उन्हें संत आसाराम जी बापू के चित्र से निर्मित गोल्ड मेडल उपहार



स्वरूप पहनाए गए। इस शिविर में सुबह और दोपहर के दो सत्र आयोजित करवाए गए उनके बाद बच्चों को भगवान नाम कीर्तन कर आनंद विभोर करवाया गया। वक्ता अवनीश भाई ने बताया कि जो आपको इस एकदिवसीय शिविर में सिखाया गया है वह प्रतिदिन की अपनी दिनचर्या में शामिल करना है ताकि आप सभी का जीवन सूर्य की भांति चमके और जगत में सत्य धर्म



ईमानदारी पुरुषार्थ का प्रकाश फैलाएं। इस मौके पर कार्यक्रम के बाद श्री योग वेदांत सेवा समिति द्वारा विशाल भंडारे का भी आयोजन करवाया गया। सैकड़ो की संख्या में बच्चों ने भोजन ग्रहण किया पुरस्कार वितरण के बाद सभी ने श्री योग वेदांत सेवा समिति व अवनीश भाई का तहे दिल से धन्यवाद करते हुए दोबारा फिर आयोजित होने वाले शिविर में उपस्थित होने का संकल्प किया सभी बच्चों को देव मानव हास्य करवा कर शारीरिक मानसिक बल बढ़या गया इस कार्यक्रम में यमुनानगर के अलावा अंबाला कुरुक्षेत्र आदि जिलों से भी बच्चे वह सेवाधारी उपस्थित रहे।

# सत्र 2024 25 से नए कोर्स की शुरूआत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान ने सत्र (2024-25) से विधि के छात्र व छात्राओं के लिए दो वर्षीय स्नातक कार्यक्रम एल. एल. एम, आरम्भ किया है। इस कोर्स को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के मानकों के अनुसार तैयार किया गया है। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि संस्थान के पास कुशल ० अनुभवी शिक्षक और अच्छे संसाधन है। एक नए अध्याय का संकलन करेगा। इसके माध्यम से जहां संस्थान के संसाधनों का अत्यधिक समाज को मिलेगा वहीं दूसरी तरफ यह कोर्स एल.एल.एम. के पाठ्यक्रम को नई दिशा देने का कभी करेगा।

# जिले में प्लॉट आवंटन समारोह में रोडवेज विभाग ने 33 बसें की तैनात

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: जिले** में महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के लाभार्थियों को मुरथल विवि में आयोजित कार्यक्रम में लाने के लिए रोडवेज विभाग की तरफ से गोहाना व सोनीपत डिपो से 33 बसों को तैनात किया गया है। सोमवार को होने वाले कार्यक्रम को लेकर उक्त बसों को प्रशासनिक डयूटी पर लगाया गया है। वहीं बसों के जाने से विभिन्न रूटों पर दैनिक यात्रियों को बसों की कमी का सामना करना पड़ सकता है। लोकल रूटों पर ज्यादा समस्या गहरा सकती है। हालांकि रोडवेज अधिकारियों का कहना है कि बस अड्डे पर आने वाले यात्रियों बेहतर परिवहन सुविधा देने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। जिस भी रूट पर बसों की संख्या अधिक होगी, उसी रूट पर बसों का रवाना कर दिया जाएगा। ताकि यात्रियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। बता दें कि महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत प्लाट आवंटन पत्र वितरण समारोह का आयोजन सोमवार को किया जाएगा। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय डीसीआरयूएसटी) में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे और लाभार्थियों को प्लाट आवंटन पत्र वितरित करेंगे। लाभार्थियों को कार्यक्रम स्थल तक लाने व ले जाने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से रोडवेज विभाग से बसों की मांग की गई है। जिस पर सोनीपत डिपो से 26 बसें और गोहाना सब डिपो से सात बसों को सोमवार सुबह ही अलग-अलग खंडों में भेज दिया जाएगा। यह बसें प्रशासनिक ड्यूटी से शाम को ही वापस लौटेंगी।

ऐसे में दिनभर यात्रियों को बसों की कमी का सामना करना पड़ सकता है।

# नए दृष्टिकोण एवं तकनीक से कराया अवगत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा संचालित महात्मा गांधी आईएएस कोचिंग संस्थान द्वारा चार दिवसीय एचसीएस साक्षात्कार तैयारी कार्यक्रम के समापन अवसर के पहले सत्र की अध्यक्षता रोशन लाल सैनी (भारतीय लोक सेवा, सेवानिवृत्त) एवं दूसरे सत्र में ऑनलाइन माध्यम से आईएएस भावेश ख्यालिया ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उनके साथ डॉ. व्योम शर्मा, डॉ. जितेंद्र जांगड़ा, डॉ. किरण, और डॉ. सुनैना ने पैनलिस्ट के रूप में भाग लिया। इन सभी ने विद्यार्थियों को साक्षात्कार के माध्यम से इंटरव्यू के लिए उपयोगी सुझाव दिए तथा नए दृष्टिकोण और तकनीकों से अवगत कराया।

# क्रिकेट मुकाबले में अपोलो क्रिकेट अकादमी रही विजेता

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (कुलदीप सिंह)**

**अपोलो** इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण के क्रिकेट मैदान मे अपोलो इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट अकादमी और एल्डेको के बीच तीन मैच सीरीज खेली गई जिनमें से अपोलो इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट अकादमी ने तीन में से दो मैच जीत कर टूनार्मेंट की ट्रॉफी पर कब्जा किया। दूसरे नंबर पर रही एल्डिको की टीम ने एक मुकाबला जीता। 25 ओवर के खेले गए मैच में अपोलो इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट अकादमी ने छह विकेट से यह दिलचस्प मुकाबला जीता।क्रिकेट मैच में श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय , कुरूक्षेत्र से आए हुए पंचकर्म विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ राजा सिंगला मुख्य



अतिथि रहे। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल एकाग्रता और शारीरिक दक्षता को बढ़ाता है इस तरीके के फ्रेंडली गेम्स खिलाड़ियों को एक दूसरे को समझने का मौका देते हैं ।डॉक्टर राजा सिंगला ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते हुए बल्ले पर भी अपने हाथ आजमाएं।दर्शकों ने अपनी अपनी टीमों के खिलाड़ियों का तालियों के साथ उत्साह वर्धन किया।प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने इस मौके पर विजेता टीमों को बधाई देते हुए खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। और खेलों के द्वारा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया।और भविष्य में भी विद्यालय में ऐसी ही प्रतियोगिताएं आयोजित करने की योजनाएं साझा की।इस मौके पर श्री कृष्ण आयुष यूनिवर्सिटी से रजिस्ट्रार विकास शर्मा भी मौजूद रहे जिन्होंने खिलाड़ियों को मोबाइल और टीवी से दूर रहकर मैदान में आकर खेलने की सलाह दी। इस मौके पर खेल विभाग के प्रमुख सुरेंद्र कपूर, क्रिकेट कोच वीरेंद्र सिंह ,कबड्डी कोच मनोज छोकर, फुटबॉल कोच मोहित और समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आकाश इंस्टिट्यूट के मेधावी छात्रों ने अम्बाला का किया नाम रोशन

**उपलब्धि**

▶▶ कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जेईई एडवांस्ड 2024 में राष्ट्रीय अग्रणी आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) अंबाला के 20 स्टूडेंट्स ने क्वालीफाई किया है। वहीं अंबाला के हार्दिक अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक (93) हासिल कर क्वालीफाई किया है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उच्च गुणवत्ता वाली कोचिंग का प्रमाण है. आईआईटी मद्रास की ओर से रविवार को परिणाम जारी किए गए. इसके साथ ही कुनाल कुमार ने एआईआर 356, एकमजोत सिंह संधू ने एआईआर 1232 और देव गुलाटी ने एआईआर 2428 हासिल



की है। वहीं, अंबाला के कुल 20 स्टूडेंट्स ने उत्कृष्ट ऑल इंडिया रैंक प्राप्त कर जेईई एडवांस्ड क्वालीफाई किया।

आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल) के रीजनल डायरेक्टर परमेश्वर झा ने छात्रों को उनकी असाधारण उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहा", "हम छात्रों को उनके अनुकरणीय सफलाता के लिए बधाई देते हैं। उनकी उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण के साथ-साथ उनके माता-पिता के समर्थन को भी बयां करती है।हम अपने छात्रों को उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं। जेईई एडवांस्ड उन छात्रों के लिए प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है, जिन्होंने वार्षिक रूप से आईआईटी में से किसी एक द्वारा आयोजित जेईई मेंस उत्तीर्ण किया है। जबकि जेईई मेन भारत में कई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) और अन्य केंद्र-सहायता प्राप्त इंजीनियरिंग कॉलेजों में प्रवेश के लिए है, जेईई एडवांस्ड को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में प्रवेश के लिए एकमात्र शर्त माना जाता है. हालांकि, छात्रों को जेईई एडवांस के लिए बैठने के लिए जेईई मेन के लिए उपस्थित होना होगा।

# डीसी के नेतृत्व में समाधान शिविर की हुई शुरूआत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** हरियाणा के मुख्य सचिव टीवीएसएन प्रसाद के निर्देशों पर डीसी डॉ. शालीन के नेतृत्व में समाधान शिविर की शुरूआत की गई। इस शिविर में विभिन्न विभागों के अलग-अलग अधिकारी मौजूद रहे और उन्होंने शिविर में शिकायत लेकर पहुंचे आमजन की शिकायतों का मौके पर ही निवारण किया। इस शिविर के पहले दिन ही बुढ़ापा पेंशन के केस को जल्द से जल्द अप्रूव करने के निर्देश दिए गए।

डीसी डॉ. शालीन के निर्देशों के बाद डीएसडब्लूओ सुरजीत कौर ने



कहा कि जिन लोगों ने पेंशन के लिए आवेदन कर रखा है, आने वाले दो दिनों में सभी केस अप्रूव कर दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त डीसी डॉ. शालीन ने सार्वजनिक सेवाओं से जुड़े विभागों को आजमन की शिकायतों का तत्काल निवारण करने के भी निर्देश दिए।

डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि जिस भी विभाग के अधिकारी व कर्मचारी समाधान शिविर में आएं, वे अपनी तैयारी करके आएं। आमजन की शिकायतों को गंभीरता से लें।

# सभी नाले-नालियों, ड्रेनों व नहरों की सफाई करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : शहरी स्थानीय** निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने सोमवार को लघु सचिवालय के सभागार में बाढ़ प्रबंधन के तहत सिंचाई विभाग, नगर परिषद, जनस्वास्थ्य विभाग व अन्य संबंधित के साथ बैठक लेते हुए जो कार्य किए जाएंगे, उसकी समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर उनके साथ उपायुक्त शांतनु शर्मा, अतिरिक्त उपायुक्त डा. वैशाली शर्मा मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहरी स्थानीय निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने नगर परिषद, जनस्वास्थ्य विभाग, सरस्वती



हेरिटेज बोर्ड व सिंचाई विभाग के अधिकारियों से बाढ़ प्रबंधन के तहत जो कार्य किए जा रहे है, उसकी विस्तार से समीक्षा की। अब तक क्या-क्या कार्य किए जा चुके, आगे कौन से कार्य होंगे, जो मेजर कार्य है, उसके तहत क्या रुपरेखा तैयार की गई है, उसकी जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को यह भी स्पष्ट किया कि नालों-नालियां व नहरों की सफाई का कार्य दुरुस्त होना चाहिए। बरसात से पहले-पहले यह सभी कार्य दुरुस्त हो जाने चाहिए। अधिकारी यह भी ध्यान रखे कि जहां पर भी सफाई व्यवस्था का कार्य किया जाए, उसकी फोटो लेना सुनिश्चित करें और सफाई के कार्य के तहत मौजिज लोगों के हस्ताक्षर भी लें ताकि उनकी भी सफाई कार्य के प्रति संतुष्ट हो सके। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था के उपरांत जो भी गाद या कूड़ा-कर्कट या गंदगी निकलती है, वह वहां से दो दिन के अंदर-अंदर उठनी सुनिश्चित होनी चाहिए। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि वे सफाई व्यवस्था के कार्य की वास्तविकता जानने के लिए 10 दिन के बाद यानि 20 जून को मौका निरीक्षण करेंगे यदि कहीं लापरवाही सामने आई तो तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन व सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किया जाता है कि लोगों को बरसात के दिनों में किसी प्रकार की दिक्कत का सामना ना करना पड़े, कहीं पर भी जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो, इसी के तहत आज संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक लेकर उन्हें सफाई व्यवस्था के तहत दिशा-निर्देश दिए गए है।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में आम जनमानस का सहयोग भी बेहद आवश्यक है। दुकानदार, किसान या जो भी है, वह अपनी दुकानों से सफाई उपरांत जो कूड़ा-करकट निकलता है, उसे नालियों में ना डाले, ऐसा होने से बरसात के दिनों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# धर्मनगरी कुरुक्षेत्र से कोटद्वार बस सेवा के लिए सरकार का आभार व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : धर्मनगरी कुरुक्षेत्र** में पिछले करीब 4 दशकों से उत्तराखंड भ्रातृ मंडल समाज सेवा के कार्यों में सक्रिय है। उत्तराखंड भ्रातृ मंडल समाज के प्रधान भूपेंद्र खुगशाल ने बताया कि उनकी लम्बे समय से चली आ रही मांग को राज्य सरकार ने पूरा किया है जिसके लिए संस्था के सभी सदस्य एवं समाज के लोग आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के लोग पिछले काफी समय से हरियाणा रोडवेज तथा सरकार से तीर्थों की संगम स्थली कुरुक्षेत्र से कोटद्वार के लिए नियमित बस संचालन की मांग कर रहे थे। जिसे महाप्रबंधक हरियाणा रोडवेज कुरुक्षेत्र ने स्वीकार करते हुए व औपचारिकताएं पूरी करते



हुए बस को कोटद्वार के लिए नियमित रूप से शुरू कर दिया है। प्रधान भूपेंद्र खुगशाल ने बताया कि बस को हाल ही में थानेसर से विधायक तथा हरियाणा सरकार के राज्य मंत्री सुभाष सुधा ने हरी झंडी दिखाकर कोटद्वार के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि बस 6.20 बजे सुबह कोटद्वार के लिए चलेगी तथा 1.30 बजे कुरुक्षेत्र के लिए वापस होगी। प्रधान भूपेंद्र खुगशाल ने कहा कि लेकिन संगठन एवं उत्तराखंड के लोगों की मांग है कि बस का संचालन सुबह 5 बजे किया जाए। उनका मानना है कि उनकी यह मांग पूरी होगी व शीघ्र बस सुबह 5 बजे संचालित की जाएगी।

## न्यूज फ्लैश

### 29 जुलाई से 3 अगस्त तक होगा विशेष लोक अदालत का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला विधिक** सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं सीजेएम डॉ. सविता कुमारी ने बताया कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो मामले सर्वोच्च न्यायालय में लंबित हैं और जिन मुकदमों में सरकार पार्टी है, ऐसे मुकदमें विशेष लोक अदालत में रखे जा सकते हैं। उन्होंने जन साधारण से अपील की कि वे अपने मुकदमों का निपटारा विशेष लोक अदालत के माध्यम से करें, जिसके लिए कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में संपर्क कर सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि इन मुकदमों के निपटारे हेतु मुफ्त कानूनी सेवाओं का लाभ भी उठाया जा सकता है, जिसमें वकील की फीस व अन्य खर्च करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

### ट्रेन की चपेट में आने से किसान की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के बसताड़ा** रेलवे फाटक के पास लाइन क्रॉस करते वक्त ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान 53 वर्षीय हुकमचंद के रूप में हुई है। मृतक खेती करता था और लाइन क्रॉस करके दूसरे खेत में जा रहा था, उसी वक्त ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना के बाद जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में भेज दिया। जीआरपी थाना के सब इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह ने बताया कि बसताड़ा रेलवे फाटक के नजदीक पिलर नंबर 108 पर एक शव मिला था। पहले मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई थी। इसके बाद शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस करनाल में रखवा दिया गया था, जिसके बाद छानबीन की गई और वारिसों की तलाश की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा था। इसके बाद इश्तिहार दिया गया और मृतक के परिजनों ने पीएम हाउस में पहुंचकर शिनाख्त की। हुकमचंद बसताड़ा गांव का रहने वाला था, जो खेतीबाड़ी करता था। बताया जा रहा है कि वह खेती का काम देखने के लिए लाइन की दूसरी तरफ जा रहा था और उसी वक्त किसी ट्रेन की चपेट में आ गया।

### नरेंद्र मोदी ने मनोहर लाल को बड़ी जिम्मेदारी देकर बढ़ाया करनाल का मान आजाद सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। हरियाणा राज्य सफाई** कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरमैन आजाद सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करनाल से नवनिर्वाचित सांसद मनोहर लाल को कैबिनेट मंत्री तथा राव इंद्रजीत और कृष्ण पाल गुर्जर को राज्यमंत्री बनाकर हरियाणा को सबसे ज्यादा प्रतिनिधित्व दिया है। पहली बार करनाल को कैबिनेट का पद मिला है। करनाल को निश्चित ही बड़ी सौगातें मिलेगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को कैबिनेट मंत्री बनाकर करनाल के विकास की नई राह खोल दी है। करनाल को अब वह और अधिक परियोजना दे पाएंगे। पहली बार करनाल को मुख्यमंत्री और कैबिनेट मंत्री एक साथ मिले हैं। इस खुशी को रात में मंत्रिमंडल के गठन के बाद मिठाई बांटकर उत्सव के रूप में मनाया। आजाद सिंह ने बताया कि करनाल को दोहरी खुशी मिली है। करनाल के साथ मुख्यमंत्री और सांसद निश्चित ही न्याय करेंगे और करनाल को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ दिलाऐंगे। उन्होंने बताया कि मनोहर लाल के मंत्री बनने से करनाल को इंडस्ट्रीज का हब बनने की संभावना बड़ी है। निश्चित ही वह युवाओं को रोजगार देने के लिए करनाल में बड़ी औद्योगिक परियोजना लेकर आएंगे।

# के.यू.के की मेरिट सूची में आर्य कॉलेज के 4 होनहार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय,** कुरूक्षेत्र ने एम.एससी प्रथम व तृतीय समेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित किए। जिसमें आर्य कॉलेज के चार विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची स्थान हासिल कर अपने महाविद्यालय का नाम रोशन किया। मेरीट सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थियों का कॉलेज प्रागंण में मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया व प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की और साथ ही उन्होंने कॉलेज के गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. शिव नारायण को



इस शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी। कॉलेज की प्रबंधक समिति के कोषाध्यक्ष पीयूष आर्य ने कहा कि आर्य कॉलेज के विद्यार्थी न केवल शैक्षणिक बल्कि खेल-कूद व सांस्कृतिक गतिविधियों में भी अपने महाविद्यालय का नाम केवल अपने प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष में रोशन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रबंधक समिति का हर समय यह प्रयास रहता है की विद्यार्थियों के सर्वांगिण विकास के लिए हर प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि एम.एससी तृतीय समेस्टर के परीक्षा परिणाम में आर्य कॉलेज की छात्रा चेतना गर्ग ने 527 अंक लेकर केयुके की मेरीट सूची में दूसरा स्थान, छात्रा कीर्ति शर्मा ने 501 अंक लेकर सांतवा स्थान हासिल किया। साथ ही एम.एससी गणित के प्रथम समेस्टर के परीक्षा परिणाम में आर्य कॉलेज की छात्रा वंदना ने 445 अंक लेकर तीसरा और छात्रा सुहानी गर्ग ने 400 अंक लेकर तेरहवां स्थान हासिल किया। इस अवसर पर प्रो. उमेद सिंह, प्रो. अमनदीप सिंह, मीनु, शुभम व अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# महिला से मोबाइल स्नैचिंग करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। सीआइए वन** की टीम ने महिला से स्नेचिंग करने वाले दो आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से छीना गया मोबाइल फोन और वारदात में प्रयोग एक्टिवा बरामद कर ली गई है। उल्लेखनीय है कि 2 जून को देर रात सदर बाजार करनाल क्षेत्र की रहने वाली एक महिला ने थाना शहर में शिकायत देते हुए बताया कि करीब 11 बजे वह अपने घर के बाहर फोन पर बात करते हुए घुम रही थी, तभी एक्टीवा पर सवार दो लडके उसके हाथ से फोन छीनकर वहां से फरार हो गए। इसके संबंध में थाना शहर में भादंसं की धारा-379 के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले में सीआइए वन की टीम ने 9 जून की शाम को फूड एण्ड ड्रग्स आफिस सैक्टर-16 के पास चौक पर नाकाबंदी के दौरान दोनों आरोपियों राजा कुमार पुत्र धर्मबीर वासी बांसो गेट, मटकमाजरी रिफाइंड गोदाम, करनाल और मनीष राय उर्फ बिहज पुत्र अशोक कुमार राय वासी बांसो गेट, करनाल को गिरफ्तार करने से कामयाबी हासिल की। सीआइए वन के प्रभारी उपनिरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को काबू करने के बाद उनके कब्जे से महिला से छीना गया विवो कंपनी का मोबाईल फोन और वारदात में प्रयोग की गई एक्टीवा बरामद की गई।

# हलवाई की हत्या करने वाले दोनों आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना शहर की टीम** द्वारा आपसी विवाद में हलवाई की हत्या के मामले में दो मुख्य आरोपियों सौरभ पुत्र गंगा प्रसाद वासी भीमनगर करनाल और वकील उर्फ तनुज पुत्र अनिल कुमार वासी सदर बाजार करनाल को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। इस संबंध में प्रबंधक थाना शहर उप निरीक्षक सुल्तान सिंह ने बताया कि मृतक दिनेश वासी सदर बाजार जो वहीं एक हलवाई की दुकान पर काम करता था, 7-8 जून की रात को खाना खाने के बाद घर से बाहर टहलने निकला था, जो घर लौटते समय गांधी चौंक के पास सदर बाजार में आरोपी किसी के घर पर झगड़ा कर रहे थे और मृतक उन्हें समझाने लगा तो उन्होंने उस पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। इस संदर्भ में थाना शहर में मृतक की पत्नी की शिकायत के आधार पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों को अदालत में पेशकर पुलिस रिमांड हासिल किया जाएगा। रिमांड के दौरान आरोपियों से पूछताछ कर वारदात के समय प्रयोग किए गए हथियार बरामद किए जाएंगे।

# विकास कार्यों पर सुभाष सुधा ने ली अधिकारियों की मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : शहरी स्थानीय** निकाय राज्यमंत्री सुभाष सुधा द्वारा शहर के विकास कार्यों की समीक्षा के लिए अधिकारियों के साथ एक मीटिंग की गई। मीटिंग में सुभाष सुधा साफ कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं होगी। यदि किसी अधिकारी व कर्मचारी के कारण विकास कार्यों की गति धीमी हुई तो ऐसे कर्मचारी के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा, जिसके लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए सभी अधिकारी व कर्मचारी पूरी ईमानदारी व लगन के साथ जनता के कार्य करें। यदि किसी कार्य में कोई बाधा आ रही है तो वह उनसे किसी भी समय मिलकर समस्या उनके



संज्ञान में ला सकता है ताकि उक्त परेशानी को खत्म किया जा सकें। राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने मीटिंग में शहर की सडकों, ड्रेनेज सिस्टम, छोटे बड़े नाले व नालियों की सफाई, शहर व पार्कों की साफ-सफाई उनका सौर्दयीकरण व स्ट्रीट लाईटिंग से संबंधित समस्याओं पर विचार-विमर्श किया और तुरंत इन परेशानियों को दूर करने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए। भविष्य में जो कार्य करवाए जाने हैं उनके बारे में प्लान तैयार किया गया। उन्हें शहर के लोगों से शिकायतें मिल रही थी कि कई जगहों पर सडकों पर गड्डे हो गए हैं जिनके कारण वाहन चालकों को परेशानियों को सामना करना पड़ता है, जिनको ठीक करने के लिए आदेश एक्सईएन व जेई को दिए है। उन्होंने आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए शहर के सभी छोटे बड़ें नाले, नालियों, ड्रेन की सफाई के लिए सख्ती से कहा। उन्होंने कहा कि यदि बरसाती सीजन में कहीं कोई पानी अवरुद्ध हुआ तो संबंधित के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा। इसके अलावा शहर में जो कूड़ा डालने के जो प्वाइंट बने हुए हैं वहां से कूडा लिफिटिंग का जो कार्य है वह काफी धीमा है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों द्वारा सफाई करने के बाद जो कूड़ा एक जगह जमा किया जाता है से जल्द उठाया जाना चाहिए, से लिफ्टिंग न होने के कारण कूड़ा इधर-उधर बिखर जाता है।

# स्पोर्ट्र्स गाइडेंस काउंसलिंग एवं सम्मान समारोहआयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**सोसायटी की जानिब से** पानीपत के गढी बेसिक में बच्चों की केरियर काउंसलिंग और प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों,शहर और गांव से बिरादरी के बहुत से लोग शामिल मिल हुए। कार्यक्रम के कन्वीनर सोसायटी की खेल कमेटी के अध्यक्ष सरवर खान और एजुकेशन कमेटी के अध्यक्ष मास्टर खलील अहमद थे जिसकी सदारत फलावदा से आये मिर्जा हसीमुद्दीन हमदम और संचालन मास्टर खलील अहमद और मास्टर मौ० यामीन ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में टाइम शेड्यूल के अनुसार सबसे पहले कन्वीनर सनवर खान कार्यक्रम का परिचय कराया।उसके



बाद सोसायटी के राष्ट्रीय सदर उस्मान इंजीनियर,नायब सदर व दिल्ली कमेटी के सदर और हाजी सगीर हसन, जनरल सेक्रेटरी सरधना से मिर्जा इस्माइल, प्रेस प्रवक्ता मिर्जा वसीम अहमद, सरपरस्त नगीना से डॉ० मौ० दाऊद मुल्तानी,मुख्य सलाहकार नगीना से एडवोकेट इरशाद अली, गुड़गांव से हाजी युसुफ ठेकेदार,बड़ौत से मौहम्मद उमर पटवारी, उस्मान मनव्वर,कॉलेज प्रिंसिपल पवन अत्री आदि ने मोटिवेशनल स्पीच से बच्चों को गाइडेंस के साथ आगे बढ़ने के प्रोत्साहित किया।उसके बाद मास्टर पीपीटी के माध्यम से बच्चों की काउंसलिंग कराई गयी जिसमें मुख्य काउंसलर मास्टर मौ० यामीन के साथ देवबंद से डॉ० रहमत,बड़ौत से मास्टर मौ० राशिद,फलावदा से मिर्जा मिन्हाजुद्दीन, लक्ष्मी नगर दिल्ली से मौ० इरफान,खतौली से मिर्जा वसीम अहमद,सहारनपुर से मिर्जा अरशद अली, मास्टर तालिब, दिल्ली से मास्टर हाजी इकबाल,खतौली से,सदर इंजीनियर उस्मान, बड़ौत से एडवोकेट शकील अहमद,देवबंद से इकरा शमीम,

खतौली से एडवोकेट शाहजेब इकबाल,कैराना से जुवेरिया आदि का सहयोग रहा।उसके साथ-साथ 10वीं, 12वीं, स्नातक में अच्छे नंबर हासिल करने वाले और किसी भी क्षेत्र में कोई उपलब्धि प्राप्त करने वाले बच्चों को संस्था की तरफ से सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# नाबालिगा संदिग्ध परिस्थितियों में हुई लापता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के हलका** असंध की एक कॉलोनी से नाबालिग संदिग्ध हालात में लापता हो गई। नाबालिग अपने घर से 10 हजार की नकदी, एटीएम कार्ड, मोबाइल फोन और अपने डॉक्यूमेंट लेकर गई है। परिजनों ने नाबालिगा के लापता होने की शिकायत असंध पुलिस को दी है। असंध थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अपहरण का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। नाबालिगा के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि उसकी 15 वर्षीय लडकी 9 जून की सुबह करीब चार बजे अपने घर से निकली। जब घरवाले उठे तो उन्हें नाबालिग न तो अपने बैड पर मिली और न ही घर में। आसपड़ोस में भी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद परिजनों की चिंता और भी ज्यादा बढ़ती चली गई। परिजनों ने असंध के बस स्टैंड, अस्पताल व अन्य रिश्तेदारियों में भी तलाश की, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। शिकायतकर्ता ने बताया है कि उन्होंने नाबालिग की तलाश करने के बाद अपने घर की अलमारी व संदूक को चेक किया, जिसमें रखे 10 हजार रुपए गायब मिले। वहां पर एटीएम भी था, वह भी नहीं मिला। मेरा एक मोबाइल भी था, वह भी नहीं मिला। इसके अतिरिक्त नाबालिग के कोई भी दस्तावेज घर में नहीं मिले। परिजनों को डर है कि कहीं उनकी बेटी के साथ कोई अनहोनी न हो जाए।

# धान की सीधी बिजाई तकनीक पर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**चौधरी चरण सिंह** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि विज्ञान केंद्र, ऊझा, पानीपत में धान की सीधी बिजाई तकनीक पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि विज्ञान केंद्र व अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ संयोजक डॉक्टर राजबीर गर्ग ने की। उन्होंने अपने संबोधन में बताया कि धान की सीधी बिजाई आज के समय की जरूरत है क्योंकि धान की सीधी बिजाई से पानी की बचत के साथ श्रम, ऊर्जा



व ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन भी कम होता है। इस विधि से बिजाई करने के लिए किसान भाइयों को प्रशिक्षण प्राप्त करना चाहिए क्योंकि इसमे कई एसे बिंदु हैं जिसके बारे में ज्ञान होना जरूरी है इस विधि से आप पूसा बासमती 1509, पूसा बासमती 1692, पूसा बासमती 1847, पूसा बासमती 1121, पी बी 1718, पी बी 1885 आदि किस्मों की बिजाई कर सकते हैं। इस विधि से बीजाई करने में खरपतवार एक मुख्य समस्या होती थी, परंतु अब वैज्ञानिकों ने ऐसे खरपतवारनाशी निजात कर दिए हैं जिससे लगभग हर एक प्रकार के खरपतवारों पर नियंत्रण किया जा सकता है। उन्होंने किसान भाइयों से अपील की कि वे अंधाधुंद खरपतवारनाशीयों का प्रयोग ना करें बल्कि खरपतवार के प्रकार के हिसाब से वैज्ञानिकों व कृषि विकास अधिकारी के परामर्श पर ही स्प्रे करें। इस मौके पर अंतरराष्ट्रीय धान अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉक्टर परोलॉय देव ने बताया कि धान की सीधी बिजाई दो विधियों से कर सकते हैं। दोनों विधियों में किसान भाइयों के अलग-अलग अनुभव हैं। धान की तर-बतर अवस्था में बिजाई करने पर खरपतवारनाशी पेंडिमेथलिन 30 इसी को 1200 मी ली प्रति एकड़ के हिसाब से स्प्रे करना चाहिए। बीज की गहराई 3-5 सेंटीमीटर तक ही रखे। ज्यादा गहराई पर बीज बोने मे जमाव मे कमी आ सकती है। सुखी विधि से बिजाई करने में गहराई 2-3 सेंटीमीटर ही रखें व ऊपर सुहागा न लगाए बल्कि खुड़ खुले छोड़कर तुरंत पानी लगाए व पैर थमने पर दो-तीन दिन के अंदर पेंडिमेथलिन या टॉपस्टार का प्रयोग कर सकते हैं।

इस अवसर पर आई आर आर आई के वैज्ञानिक डॉक्टर स्वतंत्र कुमार दुबे ने हरियाणा के पांच जिलों में खेत में ट्यूबवेल पर लगे पानी के मीटर के नतीजों को किसानों के साथ सांझा करते हुए बताया की रोपित धान की बजाए सीधी बीजित धान में कम पानी की जरूरत होती है।

# जरूरतमन्दों की मदद में सदैव आगे रहता है एंटी करप्शन इंडिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एंटी करप्शन** फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा अपना आशियाना में चैरिटी प्रोजेक्ट किया गया जिसके प्रोजेक्ट इंचार्ज फाउंडेशन की नैशनल प्रेजिडेंट महिला प्रकोष्ठ डॉ. निशा गुप्ता एवं स्टेट चेयरमैन हरियाणा अनिल गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नैशनल सुप्रीमो नरेंद्र अरोड़ा व नैशनल चेयरमैन व्यापार प्रकोष्ठ पवन शर्मा ने की। चैरिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत फाउंडेशन द्वारा अपना आशियाना के जरुरतमंदों को उनकी जरुरत का सामान उपलब्ध



करवाया गया। इस अवसर पर डॉ निशा गुप्ता ने कहा कि फाउंडेशन जरुरतमंदों की मदद के लिए सदैव आगे रहता है। फाउंडेशन करप्शन फ्री इंडिया के अभियान के साथ-साथ चैरिटी प्रोजेक्ट भी करता है, जिसमें गरीब कन्याओं की शादियों में सहायता प्रदान करना, जरुरतमंद विद्यार्थियों की सहायता करना, रक्तदान शिविर व मेडिकल कैम्प लगाना आदि शामिल हैं। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया देश का अग्रणीय ऑर्गनाइजेशन है।

# नरेला: बहावलपुर समाज ने किया प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** बाहरी दिल्ली के नरेला में बहावलपुर पंचायत नरेला एवं बहावलपुर सनातन धर्म सभा की ओर से प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बहावलपुर समाज के एमबीबीएस, एमडी, बीडीएस, इंजीनियरिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंट एलएलएम सहित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के 50 युवा प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बहावलपुर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद कटारिया मौजूद रहे। मंच संचालन एनडी अरोड़ा व लक्ष्मी अरोड़ा ने संयुक्त रूप से किया। नरेला के पंजाबी कॉलोनी स्थित बहावलपुर सनातन धर्म मंदिर में रविवार को बहावलपुर पंचायत नरेला एवं






बहावलपुर सनातन धर्म सभा की ओर से बहावलपुर समाज की युवा प्रतिभाओं का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, अति विशिष्ट अतिथियों बहावलपुर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानचंद कटारिया, उपाध्यक्ष सुशील पोपली, यशपाल कक्कड़, सलाहकार दिनेश अरोड़ा, डॉ रवि वाधवा डॉक्टर रंजन वधवा, महेश चुघ, अशोक सतीजा, मेहर चंद पाहुजा, दिल्ली बहावलपुर समाज के सचिव मदन अरोड़ा, राष्ट्रीय प्रवक्ता नरेंद्र वधवा, सलाहकार महेश चुघ, मीडिया इंचार्ज सुरेश कामरा, पंजाब प्रधान राजकुमार सचदेवा, मनोज वधवा, सुनील बत्रा, भूषण पाहुजा, राजेंद्र विरमानी, संजय सिंघानी का पदाधिकारियों द्वारा पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह भेटकर स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस दौरान बहावलपुर समाज के वक्ताओं ने युवा प्रतिभाओं को बधाई दी और कहा कि बहावलपुर समाज ने विपरीत परिस्थितियों में भी सदैव आगे बढ़कर हमेशा सशक्त और सकारात्मक भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि समाज के बच्चे शिक्षा के हर क्षेत्र में पूरे देश में सफलता के परचम लहरा रहे हैं। यह एक सुखद सकारात्मक परिवर्तन है। इससे समाज के युवाओं को एक नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम में बहावलपुर समाज के डॉ नीरज अरोडा एमडी, डॉ कनिका बीडीएस, डॉ दिव्या खुराना एमएस, डॉ ट्विंकल लूथरा, डॉ हर्षवर्धन, इंजीनियरिंग विषय से गौरव अरोड़ा, दीपक अरोड़ा, प्रति अरोड़ा, राहुल खुराना, टीना अरोड़ा, चार्टर्ड अकाउंटेंट से सुनील कुमार आनंद, नितिन वधवा, पियूष अरोड़ा, रजत चोपड़ा, मनीषा लूथरा, वरुण अरोड़ा, अधिवक्ता मुकुल तनेजा, एलाइड साइंस से मानसी अरोड़ा, दिव्या खट्टर, गुंजन वधवा, आभास मृग सहित हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट के करीब 50 युवा प्रतिभाओं को पटका पहनाकर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में टेकचंद अरोड़ा, दीपक मक्कड़, एनडी अरोड़ा, जितेंद्र चोपड़ा, जयदयाल अरोड़ा, लोकूराम, रमेश खुराना, शिवकुमार अरोड़ा, सुशील पाहुजा, वेद प्रकाश अरोड़ा सहित सैकड़ो की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# धीरपुर मंडल के पदाधिकारियो ने सांसद प्रवीण खंडेलवाल का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के सांसद प्रवीण खंडेलवाल का धीरपुर मंडल के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस मौके पर धीरपुर मंडल के भाजपा कार्यकर्ता सांसद निवास पर पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई दी और उनका भव्य रूप में स्वागत भी किया। इस मौके पर सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन नीलम बुद्धिराजा, भाजपा नेता सुरेन्द्र बुद्धिराजा, मंडल अध्यक्ष सुभाष झा, महामंत्री अनिल झा, प्रीतपाल, भूषण, महावीर बंसल, गौरी गुप्ता, विक्रम, अशोक नारंग, प्रिंस पांडे,





प्रीतपाल, संजय, उषा वर्मा, दारा सिंह के अलावा मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर जानकारी देते हुए सिविल लाईन जोन की पूर्व चेयरपर्सन व पूर्व पार्षद नीलम बुद्धिराजा ने बताया कि आज धीरपुर मंडल के पदाधिकारियों के द्वारा सांसद प्रवीण खंडेलवाल का स्वागत किया गया और उन्हें ढ़ेरो शुभकामनाएं भी दी गई। बुद्धिराजा ने सांसद प्रवीण खंडेलवाल को जीत की बधाई दी और कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि सांसद प्रवीण खंडेलवाल क्षेत्र का विकास करके दिखायेगें।

# जहांगीरपुरी मेन रोड़ पर गंदगी का मौहाल, लोग परेशान





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के जहांगीरपुरी मेन रोड़ स्थित ए ब्लॉक के पास रोड़ पर गंदगी का माहौल होने की वजह से यहां से गुजरने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस संदर्भ में बोलते हुए रोहित कुमार ने बताया कि मैं यहां से अधिकतर निकलता हूं, लेकिन यहां पर गंदगी होने की वजह से मुंह पर रूमाल रखकर निकलना पड़ता है। लेकिन प्रशासन इस गंदगी की सफाई करवाये। वहीं आशा रानी ने बताया कि वैसे तो सरकार सफाई व्यवस्था की बात करती है, लेकिन अकसर इस मुख्य रोड़ पर गंदगी का ढ़ेर लगा रहता है, जिसकी वजह से यहां से निकलने वाले लोगों को परेशान होना पड़ता है। यहां के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस रोड़ पर पड़े हुए कूड़े को हटाया जाये, जिससे की यह रोड़ साफ और स्वच्छ नजर आये।

# जर्जर सडकों को लेकर भाजपा प्रवक्ता ने उपराज्यपाल को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली भाजपा** के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर दिल्ली ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर उनका ध्यान पुरानी दिल्ली में अजमेरी गेट को लाहौरी गेट से जुड़ने वाले श्रद्धानंद मार्ग के साथ ही पुल कुतुब रोड़, नया बाजार, खारी बावली, फतेहपुरी चौक एवं चर्च मिशन रोड़ की दुर्दशा की ओर आकृष्ट किया है। उन्होने कहा है कि दिल्ली सरकार एवं स्थानीय विधायक इमरान हुसैन और प्रहलाद सिंह साहनी की लापरवाही के चलते गत दस बारह- साल से इन सड़कों का जीर्णोद्धार नहीं हुआ है।

**जगह-जगह गड्ढों में गिरकर होते रहते है हादसे:** सड़कों पर जगह-जगह इतने बड़े-बड़े गड्ढे हैं





की 100 मीटर भी वाहन आराम से चलाना असम्भव है। आये दिन पुरानी दिल्ली की इन सड़कों पर खासकर श्रद्धानंद मार्ग एवं चर्च मिशन रोड़ पर ठेले, रिक्शा एवं ई-रिक्शा पलटने की दुर्घटनाएं होती हैं जिनमें लोग तो चोटिल होते ही हैं व्यापारियों को माल का नुकसान भी होता है। प्रवीण शंकर कपूर ने उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से अनुरोध किया है कि वह स्वंय इन सड़कों का निरीक्षण करके दिल्ली सरकार के लोक निर्माण विभाग को सड़कों के जीर्णोद्धार का निर्देश दें।

# वत्स ने केन्द्रीय केबिनेट से कुंडली मैट्रो कारिडोर को मंजूरी देने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली आदर्श** मूल ग्रामीण पंचायत 360 महासंघ के अध्यक्ष एवं रिठाला बरवाला बवाना नरेला कुंडली मैट्रो रुट संघर्ष समिति के सदस्य शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक्स पर पोस्ट कर उनसे केंद्रीय केबिनेट से रिठाला बरवाला बवाना नरेला कुंडली मैट्रो कारिडोर को तत्काल मंजूरी देने की मांग की है। वत्स ने कहा कि दिल्ली मैट्रो के पहले फेज में शाहदरा से बरवाला गांव तक। मैट्रो रुट को सरकार ने स्वीकृति दी थी। जिसे विभिन्न कारणों से पिछले 24 सालों से अटकाया, लटकाया और हटाया जा रहा है। अभी हाल ही में इसे पब्लिक इंवेस्टमेंट बोर्ड ने भी अपनी मंजूरी दी थी। लेकिन केंद्रीय केबिनेट इसे मंजूरी नहीं दे रही है। उत्तर-पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद योगेन्द्र चांदोलिया ने भी चुनाव जीतने के बाद सबसे पहला काम रिठाला से आगे बरवाला बवाना नरेला कुंडली तक मैट्रो लाने का वादा क्षेत्रीय जनता से किया हुआ है। वत्स ने कहा कि हर बार लोगों को बहला फुसलाकर चुप करा दिया गया है। कभी कहते हैं कि आपका यह प्रोजेक्ट फास्ट ट्रैक कमेटी में चला गया है, कभी कुछ ओर। उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के लोगों के सब्र का बांध अब टूट चुका है।




भाजपा सरकार द्वारा दिल्ली का पानी रोके जाने पर आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा का विरोध करते हुए। साथ में है पूर्व निगम पार्षद रिंकू माथुर व अन्य गणमान्य लोग।

# आने वाले मानसून के संबंध में दिल्ली सचिवालय में हुई बैठक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आने वाले मानसून** को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के शहरी विकास विभाग तथा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली सचिवालय में दिल्ली नगर निगम, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीडीए, कैंटोनमेंट बोर्ड, एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी भी शामिल हुई। बैठक में आए सभी अधिकारियों ने आने वाले मानसून के लिए उनके विभागों द्वारा की गई तैयारी को लेकर प्रेजेंटेशन प्रस्तुत की। अधिकारियों ने मंत्री को बताया कि उनके विभाग द्वारा मानसून में पैदा होने वाली समस्याओं से निपटने के लिए अब तक क्या तैयारी की गई है। प्रेजेंटेशन में वह विभाग जिनके अधीन दिल्ली के नालों की सफाई का जिम्मा आता है, उन्होंने बताया कि नालों की सफाई का काम कहां तक संपन्न हो चुका है। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों ने उनके अधीन आने वाले बड़े नालो की सफाई के संबंध में वर्तमान स्थिति को रखा। उन्होंने बताया की आने वाले मानसून की समस्याओं से निपटने के लिए बड़े नालों की सफाई का काम किस स्तर तक पहुंच चुका है।

# तराना स्टूडियों में गीत, गजल और संगीत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: इंडियन फिल्म** स्टाइल के सौजन्य से एक हसीन शाम आपके नाम से एक शानदार गीत, गजल और संगीत का आयोजन लाजपत नगर के तराना स्टूडियो में आयोजित किया गया। जिसमें हिंदुस्तान के अनेकों कलाकारों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी। आयोजन के मुख्य अतिथि मशहूर शायर आरिफ देहलवी रहे और विशिष्ट अतिथियों में शायर असलम बेताब, जावेद अब्बासी, संजय कुमार गिरि और कार्तिक गिरि रहे। सभी ने बेहतरीन कलाम




पढ़े। इस शानदार आयोजन के आयोजक समीर मलिक एवं कौशल कुमार रहे। मंच का शानदार संचालन मशहूर शायर असलम बेताब ने शानदार अंदाज में किया। सभी का स्वागत एवं सम्मान बॉलीवुड एक्टर और सिंगर कौशल कुमार ने किया।

# 'खंडेलवाल की जीत के रूप में कार्यकर्ताओं की मेहनत लाई रंग'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: लोकसभा** चुनाव 2024 संपन्न होने के बाद दिल्ली में भाजपा के कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत लोकसभा सांसद प्रत्याशियों की जीत के रूप में रंग लेकर आई है। कार्यकर्ताओं की मेहनत और सच्ची लग्न के बदौलत इस बार फिर से दिल्ली की सातों लोकसभा सीटों पर भाजपा ने अपना कब्जा जमाए रखा है। अगर हम बात करें चांदनी चौक सभा क्षेत्र के अंतगर्त आने वाली दस विधानसभा में से एक मॉडल टाऊन विधानसभा कि तो इस विधानसभा क्षेत्र से प्रवीण खंडेलवाल को 24000 वोट मिले है।

**जनता हमारे लिए देवतुल्य:** राणा प्रताप बाग से पूर्व निगम



प्रत्याशी व पूर्वांचल मोर्चा एवं किसान मोर्चा के प्रभारी हरीश असडी ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ताओं की दिन-रात की मेहनत के बदौलत राजपुरा मंडी के 10 बूथ पर राजपुरा के कार्यकर्ताओं की मेहनत से 2200

**विचार...**
▶▶ स्थानीय निगम पार्षद विकेश सेठी व मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी का भी इस जीत में अहम भूमिका रही है।

वोट मिले है, उन्होंने यह भी बताया कि आज तक इन बूथें से भारतीय जनता पार्टी को इतने वोट हांसिल नहीं हुए थे जो कि अपने आप में भी एक रिकार्ड है। उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय निगम पार्षद विकेश सेठी व मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी का भी इस जीत में अहम भूमिका रही है, जिनकी देख-रेख में निरंतर संगठन को मजबूत बनाए रखने के लिए कार्य किए गए है, वहीं उन्होंने चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र की जनता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों ने भाजपा पर जो विश्वास दिखाकर उन्हे चुना है वह अब जनता के विश्वास और प्यार को बनाए रखने के लिए भरसक प्रयासरत रहेंगे।

**विधानसभा चुनाव में भी लहराएगा भाजपा का झंडा:** असडी ने कहा कि अब हमारी निगाहें 2025 के विधानसभा चुनाव पर टिकी हुई है और जो जीत हमें इस लोकसभा चुनाव में मिली है उसी जीत को आगे बढ़ाते हुए मॉडल टाउन विधानसभा से भावी उम्मीदवार को 30,000 वोटों से विजय पताका लहराएंगे।

# स्व. राजकुमार खन्ना की पुण्यतिथि पर बांटा गया रायता





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: समाजसेवी स्वर्गीय** राज कुमार खन्ना की 10वीं पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई और स्वर्गीय राजकुमार खन्ना का पसंदीदा रायता 'घिये का रायता' क्षेत्र में वितरित किया गया। स्वर्गीय श्री खन्ना के सुपुत्र वरिष्ठ पत्रकार राजेश खन्ना ने बताया कि उनके पिता शुरू से ही स्वभाव से बेहद सरल थे। गरीबों की मदद के लिए हमेशा तत्पर रहते थे। बताया जाता है कि स्वर्गीय राजकुमार खन्ना ईमानदारी और सच्चाई के पथ पर चलने वाले इंसान थे। उन्होंने बताया कि उनके पिता ने कभी भी जीवन में किसी का बुरा नहीं किया हमेशा वह मन में समाज के प्रति अच्छे विचार रखते थे। गरीबों और असहाय लोगों की मदद के लिए तैयार रहते थे। अपने पिता के पदचिह्लों पर चलते हुए वरिष्ठ पत्रकार राजेश खन्ना पिछले 20 वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र सेवा में जुटे हुए।

## ब्रैंडन मैकमुलेन ने खेली धांसू पारी, स?कॉटलैंड ने ओमान को रौंदकर दर्ज की लगातार दूसरी जीत

एजेंसी

**न्यूयार्क।** कप में ओमान को सात विकेट से हरा दिया। यह स्कॉटलैंड की प्रतियोगिता में दूसरी जीत है। वहीं ओमान की लगातार तीसरी हार है। बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम लड़खड़ाती नजर आई। टीम के आरंभिक बल्लेबाज प्रतीक अठावले (54) ने अर्धशतकीय पारी खेल कर पारी को संभालने का काम किया है। वहीं, अयान खान की 39 गेंदों में 41 रनों की पारी की बदौलत ओमान ने 20 ओवर में सात विकेट पर 150 रन बनाए। स्कॉटलैंड की ओर से सफयान शरीफ ने सबसे ज्यादा दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्कॉटलैंड के बल्लेबाजों ने शानदार शुरुआत की और पावरप्ले में ही 50 रन जोड़ लिए। हालांकि इस दौरान जार्ज (41) और जोंस (16) रन बनाकर आउट होकर पवेलियन लौट गए। लेकिन तीसरे स्थान पर आए ब्रैंडन मैकमुलेन ने ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करके 10 ओवर से पहले ही टीम को 100 के पार पहुंचा दिया। इसके बाद मैकमुलेन ने अविजित 61 रन की पारी खेल स्कॉटलैंड को 13.1 ओवर में ही जीत दिलाने का काम किया। ओमान की ओर से बिलाल, अकीब और मेहरान ने एक-एक विकेट चटकाए। मैकमुलेन को बेहतरीन बल्लेबाजी के लिए प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।

## छोटी सी पारी में रोहित शर्मा ने किया बड़ा कारनामा

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप 2024 के 19वें मुकाबले में आज भारतीय टीम की टक्कर पाकिस्तान से हो रही है। न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी स्टेडियम में खेले जा रहे इस मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही। सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली सस्ते में अपना विकेट गंवा बैठे। विराट ने जहां 3 गेंदों पर 4 रन बनाए तो वहीं रोहित ने 12 गेंदों पर 13 रन की पारी खेली। अपनी इस छोटी सी पारी में रोहित ने बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है।

**महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ा**

रोहित शर्मा अब टी20 विश्व कप में दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने श्रीलंकाई दिग्गज महेला जयवर्धने को पीछे छोड़ दिया है। महेला ने टी20 विश्व कप के 31 मैच की 31 पारियों में 39.07 की औसत और 134.74 की स्ट्राइक रेट से 1016 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 6 अर्धशतक और 1 शतक भी लगाया था। वहीं रोहित शर्मा ने टी20 विश्व कप में अब तक 41 मैच खेले हैं। इस दौरान 38 पारियों में उन्होंने 1028 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट में रोहित शर्मा की औसत 35.44 की और स्ट्राइक रेट 128.17 रही है। टी20 विश्व कप में रोहित के नाम 10 अर्धशतक दर्ज हैं। उनका सर्वाधिक स्कोर नाबाद 79 रन है।

## अंतर सचिवालय हॉट वेदर टी-10 फाइनलः महिला वर्ग में सचिवालय एवेंजर्स और पुरुष में डेंजर ने दर्ज की जीत

**देहरादून।** देहरादून के महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में अंतर सचिवालय हॉट वेदर टी-10 प्रतियोगिता के पुरुष एवं महिला वर्ग के खिताबी मुकाबले खेले गए। देहरादून सचिवालय द्वारा आयोजित टूर्नामेंट के महिला वर्ग का फाइनल मैच रविवार को सचिवालय एवेंजर्स और सचिवालय रॉयल चैलेंजर्स के बीच खेला गया। महाराणा प्रताप क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए मैच में टीम एवेंजर्स ने पहले बल्लेबाजी की और कुल 12 ओवरों में 02 विकेट पर 109 रन बनाए। जवाब में रॉयल चैलेंजर्स की टीम 12 ओवरों में 05 विकेट पर 70 रन ही बना पाई। इस तरह एवेंजर्स ने यह मैच 39 रन से जीत लिया। फाइनल में मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड पूजा ध्यानी को उनके शानदार 57 रन के लिए दिया गया। पुरुष वर्ग का फाइनल मैच सचिवालय डेंजर और सचिवालय पैंथर के बीच खेला गया। डेंजर की टीम कुल 12 ओवर में 102 रन पर ऑल आउट हो गई। टीम के खिलाड़ी नूर ने 41 रन बनाए। जवाब में पैंथर की टीम 73 रन पर ऑल आउट हो गई। इस तरह मनोज भट्ट की कप्तानी में डेंजर ने इस मैच को 29 रन से जीत लिया। फाइनल मुकाबले में नूर मोहम्मद को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का अवॉर्ड दिया गया।

## भारतीय रणबांकुरों को बधाई : अरुण साव

**रायपुर।** राज्य के डिप्टी सीएम अरुण साव ने टीम इंडिया को जीत की बधाई दी। X पर उन्होंने बधाई संदेश में लिखा, भारतीय रणबांकुरों को बधाई। टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान पर भारत की शानदार व अविस्मरणीय विजय की सभी देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी ऊर्जावान खिलाड़ियों को बधाई एवं आने वाले मैचों के लिए शुभकामनाएं! वो कहते हैं ना जीतने के लिए सिर्फ जिद चाहिए, हारने के लिए तो एक डर ही काफी है...ये लाइन इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबले पर एकदम सटीक बैठती है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का इंडिया वर्सेस पाकिस्तान मुकाबला तो हर किसी को याद होगा जब भारत ने विराट कोहली के दम पर पाकिस्तान के मुंह से जीत छीनी थी। उस मुकाबले में एक समय ऐसा था जब भारत का जीत का प्रतिशत 3.4 रह गया था, तब किंग कोहली की जिद ने ही उस मैच में भारत को अविश्वसनीय जीत दिलाई थी।

# फ्रेंच ओपन 2024 : अल्कराज ने ज्वेरेव को हराकर जीता अपना पहला रोलैंड गैरोस खिताब

एजेंसी

**पेरिस।** स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने रविवार रात क्ले कोर्ट पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पांच सेटों तक चले रोमांचक मुकाबले में अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराकर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। रोमांचक फाइनल में तीसरे वरीय अल्कराज ने 4 घंटे और 19 मिनट तक चले मुकाबले में जर्मन खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव को 6-3, 2-6, 5-7, 6-1, 6-2 से हराकर खिताब जीता और तीनों सतहों पर ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए।सेमीफाइनल में जननिक सिनर के खिलाफ अपने प्रदर्शन की तरह ही, अल्काराज ने पिछड़ने के बावजूद धैर्य बनाए रखा। दाहिने हाथ की चोट के कारण तीन सप्ताह तक खेल से दूर रहने के बाद, अल्कराज ने अपने खेल में सुधार किया और अंतिम 15 मैचों में से 12 में जीत हासिल की और रोलांड गैरोस में आने पर लगातार तीसरे साल एक प्रमुख



खिताब जीता। ज्वेरेव ने अपने दूसरे मेजर फाइनल की शुरुआत बैक-टू-बैक डबल फ़ॉल्ट करके की, जिससे जर्मन खिलाड़ी को अपना रैकेट बदलना पड़ा। पहले सेट में उनकी सर्विस तीन बार टूटी और उन्हें अपने एक सर्विस गेम को 2-4 पर बनाए रखने के लिए दो ब्रेक के मौकों को रोकना पड़ा। हालांकि अल्काराज ने ज्वेरेव के प्रवाह को बाधित करने के लिए कई तरह की रणनीति का इस्तेमाल किया। पहला सेट हारने के बावजूद, ज्वेरेव ने अपना ध्यान केंद्रित रखा। उन्होंने दूसरे सेट के पहले गेम में तीन ब्रेक पॉइंट गंवाए, लेकिन मैच में वापस आने के लिए पांचवें और सातवें गेम में कोई गलती नहीं की। चौथे वरीयता प्राप्त जर्मन खिलाड़ी ने तीसरे वरीयता प्राप्त अल्काराज के खिलाफ दूसरे और तीसरे सेट दोनों को हासिल करने के लिए लगातार पांच गेम जीते। तीसरे सेट में 5-2 की बढ़त लेने के बाद अल्काराज ने नियंत्रण हासिल कर लिया, लेकिन ज्वेरेव ने बढ़त हासिल करने के लिए अपना शानदार खेल जारी रखा। अल्काराज और ज्वेरेव दोनों ने अपने विरोधियों को उलझन में डालने की कोशिश की, लेकिन महत्वपूर्ण समय पर बड़े अंक स्कोर करने की अल्काराज की क्षमता ही अंततः निर्णायक साबित हुई। अल्काराज ने 16 ब्रेक पॉइंट में से नौ को भुनाया, जबकि ज्वेरेव ने 23 में से केवल छह को भुनाया। अल्काराज, जिनका ग्रैंड स्लैम मैचों में रिकॉर्ड 52-10 है, फ्रेंच ओपन जीतने वाले सातवें स्पेनिश खिलाड़ी हैं।

## टी-20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने जसप्रीत बुमराह

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भारत के लिए तीसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं। बुमराह ने इस मामले में हार्दिक को पीछे छोड़ दिया है। बुमराह ने यह उपलब्धि न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी इंटरनेशनल स्टेडियम में आईसीसी टी20 विश्व कप मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ मैच में हासिल की। भारत ने यह मैच छह रन से जीता।

बुमराह ने मैच में 3.50 की इकॉनमी रेट से चार ओवर में सिर्फ 14 रन देकर तीन विकेट लिए। बुमराह ने कप्तान बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान और इफ्तिखार अहमद के विकेट लिए। बुमराह ने 64 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 18.67 की औसत और 6.44 की इकॉनमी रेट से 79 विकेट लिए हैं, जिसमें 3/11 का सर्वश्रेष्ठ आंकड़ा है। हार्दिक ने 94 टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 4/16 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के साथ 78 विकेट लिए हैं। टी-20 प्रारूप में भारत के लिए अग्रणी विकेट लेने वाले स्पिन अनुभवी युजवेंद्र चहल हैं, जिन्होंने 80 खेलों में 25.09 की औसत और 8.19 की इकॉनमी रेट से 6/25 के सर्वश्रेष्ठ आंकड़ों के साथ 96 विकेट लिए हैं। दूसरे स्थान पर भारत के स्विंग विशेषज्ञ भुवनेश्वर कुमार हैं, जिन्होंने 87 मैचों में 23.10 की औसत और 6.96 की इकॉनमी रेट से 90 विकेट लिए हैं, तथा उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/4 रहा है। न्यूजीलैंड के अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं, जिन्होंने 123 मैचों में 23.15 की औसत और 8.13 की इकॉनमी रेट से 157 विकेट लिए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 5/13 रहा है।

# टी20 विश्वकप : भारत ने 6 रन से पाकिस्तान को हराया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** टी20 विश्व कप में ग्रुप-ए मुकाबले में भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 6 रन से हरा दिया है। भारत की इस जीत के हीरो टीम इंडिया के गेंदबाज रहे, जिन्होंने 120 गेंदों में पाकिस्तान को 120 रन भी नहीं बनाने दिए। पाकिस्तान की टीम 20 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 113 रन ही बना सकी। जसप्रीत बुमराह को शानदार गेंदबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। बुमराह ने मात्र 14 रन खर्च कर तीन विकेट चटकाए थे।

भारत की ओर मिले 120 रन के लक्ष्य के पीछा करते हुए पाक टीम ने अच्छी शुरुआत की। पहले विकेट के लिए कप्तान बाबर आजम (13 रन) और मो. रिजवान (33 रन) ने साथ मिलकर 26 रन जोड़े। हालांकि बाबर के आउट होते ही टीम के रन बनाने की गति धीमी पड़ गई। टीम ने 10 ओवर में बाबर के बाद उस्मान खान (13 रन) का विकेट खोकर मात्र 57 रन बनाए। इसके बाद फखर जमान 13 रन, इमाद वसीम 15 रन, शादाब खान 4 रन और इफ्तिखार अहमद 5 रन ही बना सके। आखिरी ओवर में पाकिस्तान को जीत के लिए 16 रन की जरूरत



थी लेकिन नसीम शाह के दो चौकों के बावजूद टीम 9 रन ही बना सकी। इस तरह भारत ने 6 रन से पाकिस्तान को हरा दिया। भारत के लिए जसप्रीत बुमराह ने तीन विकेट और हार्दिक पांड्या ने दो विकेट झटके जबकि अर्शदीप सिंह और अक्षर पटेल को एक-एक सफलता मिली। इससे पहले, टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 19 ओवर में 119 रन बनाए। कप्तान रोहित शर्मा ने 13 रन, ऋषभ पंत ने 42 रन और अक्षर पटेल ने 20 रन का योगदान किया। इनके अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई का आकड़ा नहीं छू सका। पाकिस्तान के लिए नसीम शाह और हरीश राउफ को तीन-तीन सफलता मिली। जबकि मो. आमिर ने दो और शाहीन शाह आफरिदी ने एक विकेट अपने नाम किया।

## लक्ष्य का पीछा करते समय टीम ने जरूरत से ज्यादा दबाव ले लिया : पाक कोच गैरी कर्स्टन

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से मिली हार के बाद, पाकिस्तान के मुख्य कोच गैरी कर्स्टन ने स्वीकार किया कि टीम ने खुद पर जरूरत से ज्यादा दबाव डाला।

ऋषभ पंत की बेहतरीन पारी के बाद जसप्रीत बुमराह के तीन विकेटों की बदौलत पाकिस्तानी बल्लेबाजों पर दबाव बना और भारत ने नासाऊ काउंटी स्टेडियम में 6 रन से जीत दर्ज की। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कर्स्टन ने कहा, ये सभी खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं और वे जानते हैं कि जब वे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर रहे होते हैं, तो उन पर दबाव डाला जाता है। यह समझ में आता है, लेकिन इनमें से बहुत से खिलाड़ियों ने कई सालों में दुनिया भर में बहुत सारे टी20 क्रिकेट खेले हैं और यह वास्तव में उन पर निर्भर करता है कि वे अपने खेल को कैसे आगे ले जाते हैं। नासाउ काउंटी स्टेडियम की खेल सतह पर, कर्स्टन ने कहा कि यह किसी भी तरह से खतरनाक नहीं था, सिवाय एक-दो गेंद के जो तेजी से ऊपर उठ रही थी।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि हमारे बल्लेबाज स्कोर करने में सक्षम थे और साथ ही आउटफील्ड भी काफी धीमी थी, इसलिए यह कभी भी बड़ा स्कोर नहीं होने वाला था। मैं कहता कि उस पिच पर 140 का स्कोर वास्तव में अच्छा होता। इसलिए, भारत को वह स्कोर नहीं मिला, इसलिए मुझे लगा कि हमने मैच जीत लिया है। हम जानते थे कि यह कड़ा मुकाबला होने वाला है, लेकिन कभी-कभी इस तरह के खेल देखना भी मजेदार होता है। यह हमेशा छक्के और हिटिंग, 230 और 240 रन बनाने के बारे में नहीं होता है। वास्तव में 120 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए आप वास्तव में एक मनोरंजक खेल खेल सकते हैं। इसलिए, मुझे नहीं लगता कि यह खेल के लिए बुरा है। कर्स्टन ने कहा कि लक्ष्य का पीछा करते समय टीम को संदेश दिया गया कि ढीली गेंदों को बाउंड्री में बदलें और स्ट्राइक को अच्छी तरह से रोटेट करें।

उन्होंने कहा, हमने इसे एक गेंद पर एक रन पर बनाए रखा, और फिर हमने विकेट खो दिए और फिर हमने रन बनाना बंद कर दिया और फिर हम बाउंड्री की तलाश में थे और एक बार जब आप उस बिंदु पर पहुंच गए तो यह हमेशा कठिन होने वाला था। इसलिए, संदेश यह था कि हम 15 ओवरों तक वही करें जो हमने किया था। कोच ने कहा कि इस तरह की सतह पर, स्ट्राइक को अच्छी तरह से रोटेट करना महत्वपूर्ण है।

उन्होंने कहा, कभी-कभी इस तरह का खेल देखना मजेदार होता है, जहाँ सिर्फ़ बाउंड्री लगाना ही नहीं होता, बल्कि आपको 120 गेंदों का भी सही से इस्तेमाल करना होता है। जैसा कि मैंने कहा, हमने 15 ओवर तक ऐसा किया और फिर हम अपनी रणनीति से भटक गए।

# टी20 विश्व कप : भारत से मिली हार के बाद बाबर ने कहा- हमने बहुत ज्यादा डॉट बॉल खेली

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** आईसीसी टी 20 विश्व कप मैच में भारत के खिलाफ छह रन से हार के बाद, पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम ने स्वीकार किया कि उनकी टीम ने पारी के दूसरे भाग में अधिक डॉट बॉल खेली, जिससे शानदार गेंदबाजी के बावजूद उनकी हार हुई।

न्यूयॉर्क के नासाऊ काउंटी स्टेडियम में गेंद और बल्ले के बीच रोमांचक मुकाबले में 120 रनों के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तान की टीम एक समय जीत की स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद जसप्रीत बुमराह और हार्दिक पांड्या ने अपनी गेंदबाजी से मैच को वापस खींच लिया और भारत को 6 रन से जीत दिला दी। मैच के बाद बाबर ने कहा, हमने अच्छी गेंदबाजी की। बल्लेबाजी में, हमने लगातार दो विकेट खोए और बहुत सारी डॉट बॉल खेली। रणनीति सामान्य रूप से खेलना आसान था। बस स्ट्राइक रोटेशन और कुछ बाउंड्री।



लेकिन उस अवधि में (उनके रन-चेज़ के दूसरे भाग में) हमने बहुत सारी डॉट बॉल खेली। हम टेलएंडर्स से बहुत उम्मीद नहीं कर सकते। हमारा दिमाग बल्लेबाजी में पहले छह ओवरों का उपयोग करने पर था। लेकिन एक विकेट गिरने के बाद, हम फिर से उस चरण में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए। पिच अच्छी दिख रही थी।

गेंद अच्छी तरह से आ रही थी। यह थोड़ी धीमी थी, और कुछ गेंदें अतिरिक्त उछाल वाली थीं। हमें आखिरी दो मैच जीतने हैं। बैठकर अपनी गलतियों पर चर्चा करेंगे, लेकिन आखिरी दो मैचों का बेसब्री से इंतजार है।

इस रोमांचक मुकाबले में जीत के बाद भारत दो मैचों में दो जीत और चार अंकों के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर है। पाकिस्तान चौथे स्थान पर है, जिसने अमेरिका और भारत से अपने दोनों मैच हारे हैं। नॉकआउट चरण में उनके पहुंचने की संभावना कम ही दिखती है।

## रामा कॉन्टिनेंटल और चौधरी नौनिहाल को पूरे अंक

एजेंसी

**प्रयागराज।** होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने होटल एडवांटेज इन को सात विकेट और चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने फोर्ड स्कूल क्लब को 90 रन से हराकर न्याज़ टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चौधरी क्लब के शिवाकांत शुक्ला ने अर्धशतकीय पारी खेली।

ईश्वर शरण डिग्री कॉलेज मैदान पर होटल एडवांटेज इन ने 20 ओवर में सात विकेट पर 140 रन (पीयूष मिश्र 44, मानस प्रवाल 26, सक्षम अवस्थी 2-22, अभिषेक पाण्डेय 2-26) बनाए। जवाब में होटल रामा कॉन्टिनेंटल ने 17.3 ओवर में तीन विकेट पर 146 रन (अंकित यादव 74 नाबाद, रोहित राजपाल 39, अमजद अली 2-28) बना लिए। मैच में राहुल सिंह और मोहम्मद आरिफ अम्पायर एवं गौरव विजय स्कोरर रहे।

केपी कॉलेज मैदान पर चौधरी नौनिहाल सिंह क्लब ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 178 रन (शिवाकांत शुक्ला 93, सत्येंद्र 22, कुणाल मिश्र 3-26) बनाकर फोर्ड स्कूल क्लब को 19.5 ओवर में 88 रन (कुणाल मिश्र 23, कुलदीप मिश्र 3-04, कृष्णा यादव 2-16) पर समेट दिया। मैच में हितेश श्रीवास्तव व अजय कुमार अम्पायर एवं प्रितेश सोनकर स्कोरर

## फीफा विश्वकप क्वालिफायर मैच में छेत्री का स्थान लेंगे गुरप्रीत, कतर के खिलाफ होंगे कप्तान

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कह चुके सुनील छेत्री की बतौर कप्तान जगह गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू लेंगे। फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारत का सामना 11 जून को कतर के साथ होना है। कतर ग्रुप में शीर्ष पर है और तीसरे दौर में जगह बना चुका है। वहीं, भारत को तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए कतर को हराना होगा, जो आसान काम नहीं है।

भारतीय टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमेच ने कहा कि छेत्री के स्थान पर कप्तानी देने के लिए ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं थी। छेत्री के बाद गुरप्रीत सबसे अनुभवी फुटबालर हैं। वह 71 मैच खेल चुके हैं। कतर के खिलाफ मुकाबले के लिए स्टिमेच पहले ही 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके हैं। भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर



कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा। फिर से एशियाई चैंपियनशिप केलिए क्वालिफाई करने के लिए अलग से संघर्ष करना होगा। मुकाबला ड्रॉ रहता है तो भारत को कुवैत और अफगानिस्तान के परिणाम पर निर्भर रहना होगा। ये दोनों टीमें भी ड्रॉ खेलती हैं तो भारत बेहतर गोल औसत के आधार पर तीसरे दौर में प्रवेश कर जाएगा। अफगानिस्तान ने भी पिछला मैच कतर से गोल रहित ड्रॉ खेला है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम को ब्रिटेन से मिली 2-3 से हार, लगातार आठवां मैच हारी टीम इंडिया

एजेंसी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम को अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) प्रो लीग में रविवार को ग्रेट ब्रिटेन से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम की यह लगाता आठवीं हार है। भारतीय टीम ने मैच में ज्यादातर समय अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन बावजूद इसके टीम को अंततः हार झेलनी पड़ी। मेजबान टीम की ग्रेस बाल्डसन ने 56वें और 58वें मिनट में दो गोल कर भारत के हाथ से जीत छीन ली। एक वीडियो रिव्यू सहित दो फैसले के कारण कोच हरेंद्र सिंह काफी हताश भी हुए। एक समय स्कोर 2-2 से बराबरी पर था और अंतिम हूटर बजने ही वाला था कि ग्रेस ने दमदार हिट के साथ गोल कर दिया। यह वहीं ग्रेस हैं जिन्होंने तीन साल पहले टोक्यो ओलंपिक में भारत के खिलाफ विजयी गोल दागा और अपनी टीम को कांस्य पदक दिलाया




था। ग्रेस के गोल से कोच हरेंद्र के मार्गदर्शन में टीम का पहली जीत के लिए इंतजार और बढ़ गया। वाटसन ने तीसरे मिनट में गोल कर ब्रिटेन को बढ़त दिलाई लेकिन लालरेमसियामी ने 14वें मिनट में गोल दागकर 1-1 की बराबरी दिला दी थी। उसके बाद नवनीत कौर ने 23वें मिनट में भारत को 2-1 से आगे किया था।

## उत्तर प्रदेश की बेटी ने रचा इतिहास, यूएफसी फाइट जीतने वाली पहली महिला बनी, डेब्यू में मचाया धमाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पूजा तोमर ने यूएफसी मैच जीतकर इतिहास रच दिया है। वह अल्टीमेट फाइटिंग चैंपियनशिप मैच जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। अपने डेब्यू मैच में उन्होंने रेयान अमांडा डॉस सैंटोस को हराकर 30-27, 27-30, 29-28 के विभाजित निर्णय से जीत हासिल की। मुकाबला जीतने के बाद पूजा ने अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने कहा, 'हमारे भारतीय गीत और भारतीय ध्वज के साथ बाहर निकलते हुए मेरे रोंगटे खड़े हो गए और मुझे गर्व महसूस हुआ।'

**'साइक्लोन' के नाम से हैं मशहूर**

'साइक्लोन' के नाम से मशहूर पूजा तोमर को भारतीय सर्किट की सबसे बेहतरीन महिला फाइटर्स में से एक माना जाता है। 28 वर्षीय खिलाड़ी ने जीत के बाद कहा, 'यह जीत मेरी जीत नहीं है। यह जीत सभी भारतीय प्रशंसकों और सभी भारतीय सेनानियों के लिए है। इससे पहले कि हर कोई सोचता कि भारतीय सेनानी कहीं नहीं टिकते। मैंने केवल यही सोचा कि मुझे जीतना है और दुनिया को दिखाना है कि भारतीय सेनानी हारे नहीं हैं।' पूजा ने शुरुआत में वुशू को अपनाया। वह इस खेल में पांच बार राष्ट्रीय चैंपियन बनीं। वह कराटे और ताईक्वांडो में भी दखल रखती हैं।



उन्होंने वुशू की विश्व चैंपियनशिप में भी देश का प्रतिनिधित्व किया।

**कौन हैं पूजा तोमर?**

उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर के बुढाना गांव में जन्मीं तोमर पिछले साल यूएसी के साथ अनुबंध हासिल करने वाली पहली भारतीय महिला फाइटर बनीं। पूर्व राष्ट्रीय वुशु चैंपियन तोमर ने मैट्रिक्स फाइट नाइट और वन चैंपियनशिप सहित अन्य चैंपियनशिप में शामिल हो चुकी हैं। लगातार चार हार के बाद, उन्होंने वन चैम्पियनशिप छोड़ दी और 2021 में मैट्रिक्स फाइट नाइट में शामिल हो गईं। उन्होंने एमएफएन में चार मुकाबले जीते, आखिरी बार जुलाई में रूस की अनास्तासिया फेओफानोवा के खिलाफ खिताब का बचाव किया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह इंडोनेशिया के बाली में सोमा फाइट क्लब में ट्रेनिंग करती हैं, जहां अंशुल जुबली ने यूएफसी फाइट्स के लिए ट्रेनिंग ली थी।

# अनोखे अंदाज में दिखे यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल, रोहित-विराट और पंत को गले लगाया, ऑटोग्राफ भी लिया

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** भारत और पाकिस्तान के मैच से पहले यूनिवर्स बॉस के नाम से प्रसिद्ध वेस्टइंडीज के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल भी मैदान पर नजर आए। इस दौरान गेल अनोखे अंदाज में दिखे और उन्होंने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को गले लगाया और इनके ऑटोग्राफ भी लिए।

**गेल का अनोखा अंदाज**

गेल ने एक अनोखा ब्लेजर पहना हुआ था जिसमे एक बांह पर तिरंगा और दूसरे बांह पर पाकिस्तानी झंडा बना हुआ था। गेल मैदान पर दोनों टीमों के खिलाड़ियों से मिले। सबसे पहले वह भारतीय खिलाड़ियों की तरफ गए और कोहली और पंत से मिले। इसके बाद उन्होंने रोहित को गले लगाया तथा बाद में उनका ऑटोग्राफ भी लिया। मैदान पर सचिन तेंदुलकर और युवराज सिंह



भी मौजूद थे। गेल फिर पाकिस्तानी खिलाड़ियों से भी मिले और उन्होंने कप्तान बाबर आजम को भी गले लगाया।

**कोहली के साथ खेला फुटबॉल**

गेल कई बार मैदान पर मस्ती करते नजर आए हैं और ऐसा ही उन्होंने न्यूयॉर्क में भी किया। बारिश के कारण जब टॉस में देरी हुई तो दोनों टीमों के खिलाड़ी मैदान में ही हल्का अभ्यास कर रहे थे। उस वक्त कोहली टीम के अन्य साथी खिलाड़ियों के साथ फुटबॉल खेल रहे थे और भारतीय खिलाड़ियों के फुटबॉल खेलता देख गेल भी फुटबॉल को किक मारने से नहीं रोक सके।

गेल का यह अनोखा अंदाज प्रशंसकों को काफी पसंद आया और देखते ही देखते गेल की भारत और पाकिस्तान की टीमों के साथ मस्ती करते फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी।

ACTION INDIA
# एक्शन इंडिया
Front Page - 2
एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 11 जून 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# भोजशाला: खुदाई में मिली मूर्तियां

## सर्वे के 80वें दिन सीढ़ियों के नीचे बंद कमरे से भगवान गणेश, मां वाग्देवी, मां पार्वती, हनुमानजी व अन्य देवी प्रतिमाएं मिली

**एएसआई सर्वे**

**▸▸ सनातनी आकृतियों वाले शंख-चक्र, शिखर समेत करीब 79 अवशेष मिले हैं**



**टीम एक्शन इंडिया**

**इंदौर:** मप्र के धार में भोजशाला का एएसआई सर्वे चल रहा है। हैं। इसके साथ सनातनी आकृतियों वाले शंख-चक्र, शिखर समेत करीब 79 अवशेष मिले हैं। 8 बाय 10 फीट का यह कमरा दोनों पक्षों की मौजूदगी में खोला गया। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के याचिकाकर्ता ने इसे भोजशाला के प्रमाणित होने की अब तक की सबसे बड़ी उपलब्धि बताया। वहीं मुस्लिम पक्षकार ने कहा कि इन सभी चीजों को यहां पर बाद में रखा गया था।

**देवी, गणेशजी, हनुमानजी समेत कई मूर्तियां मिली:** जीपीआर मशीन की जांच के बाद मिले डाटा के आधार पर सर्वे के लिहाज से इसे खोला गया। जहां एक फर्श हटाने के बाद टीम ने जैसे-जैसे मिट्टी हटाई इसके बाद कमरे से सबसे पहले भगवान गणेश, मां वाग्देवी, पार्वती, महिषासुरमर्दिनी, हनुमानजी की प्रतिमा निकली। कोई प्रतिमा डेढ़ फीट की तो कोई दो से ढाई फीट की है।

**मुस्लिम पक्ष दर्ज करवाएगा आपत्ति:** मुस्लिम पक्ष के अब्दुल समद का कहना है यह सर्वे पूरी तरह से हाई कोर्ट के आदेश पर गोपनीय तरीके से हो रहा है। मिट्टी हटाने के साथ परिसर में लेवलिंग का भी काम चला है। जो अवशेष सफाई में मिले वह बाद में रखे गए थे। इन अवशेषों के सूचीबद्ध करने पर इनके रखे जाने वाले वर्ष को शामिल कराने की आपत्ति एएसआई को दर्ज कराई जाएगी।

**क्या है भोजशाला विवाद:** धार जिले की ऑफिशियल वेबसाइट के मुताबिक भोजशाला मंदिर को राजा भोज ने बनवाया था। राजा भोज परमार वंश के महान राजा थे जिन्होंने 1000 से 1055 ईस्वी तक राज किया। बताया जाता है कि 1305 ईस्वी में अलाउद्दीन खिलजी ने भोजशाला पर हमला किया था और 1401 ईस्वी में दिलवार खान गौरी ने भोजशाला के एक हिस्से में और 1514 ईस्वी में महमूद शाह खिलजी ने दूसरे हिस्से में मस्जिद को बनवाया था। 19वीं शताब्दी में यहां पर खुदाई हुई तो सरस्वती देवी की प्रतिमा मिली जिसे अंग्रेज अपने साथ ले गए। यह प्रतिमा अभी लंदन के संग्रहालय में है। इस प्रतिमा को वापस भारत लाने के लिए भी विवाद चल रहा है। देश की आजादी के बाद भोजशाला में पूजा और नमाज को लेकर विवाद बढ़ने लगा। कोर्ट ने अभी यहां पर हिंदुओं को मंगलवार को प्रवेश के साथ पूजा की मंजूरी दी है और मुस्लिम समाज को शुक्रवार को परिसर में नमाज अदा करने की मंजूरी दी है। जब भी शुक्रवार को बसंत पंचमी आती है तो विवाद बढ़ जाता है। दोनों पक्ष अपनी पूजा और नमाज के लिए विवाद करते हैं। अब कोर्ट के आदेश पर ही यहां एएसआई का सर्वे चल रहा है।

**यज्ञशाला की मिट्टी हटाई तो मिली पुरातन चीजें**

**उत्तरी** हिस्से में भी मिट्टी की लेवलिंग के दौरान पिलर के बेस, बीच के हिस्से समेत करीब 6 अवशेष निकले हैं। यज्ञशाला के समीप मिट्टी हटाने के दौरान छह बड़े सनातनी अवशेष मिले हैं। इन्हें एएसआई ने जांच में शामिल किया। हिंदू पक्ष के गोपाल शर्मा ने बताया बारिश के चलते भोजशाला के आसपास बनाई गई ट्रेंच को भी मिट्टी भरकर बंद कर रहे हैं। जो अवशेष मिले वह प्रमाणित हैं और अब तक हुए सर्वे में एक दिन में सबसे ज्यादा मिले हैं। हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस के सदस्य व याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने दावा किया है कि भोजशाला के भीतर बंद कमरा एएसआई के अधीन होकर सालों से बंद पड़ा है।

# समाज के सेवक हैं, शासकीय अधिकारी-कर्मचारी: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि शासकीय अधिकारी-कर्मचारी इस भावना से कार्य करें कि वे सरकार के नहीं समाज के सेवक हैं। उनकी कार्यशैली में मानवीयता व संवेदना का सदैव प्रकटीकरण होना चाहिए। शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं और उनकी जनता के प्रति जबावदारी है। शासकीय सेवा बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करती है साथ ही यह परीक्षा भी लेती है। सामान्यतः व्यक्ति जब अधिकार संपन्न होता है तो उसमें ठहराव और स्थिरता का भाव आ जाता है, जबकि हमें निरंतर सचेत और सक्रिय रहना है। शासकीय सेवा केवल नौकरी नहीं अपितु समाज के लिए सर्वश्रेष्ठ करने की बड़ी जिम्मेदारी है। हमें जो भी भूमिका मिल रही है उसे हम पूर्ण आत्मविश्वास के साथ बेहतर से बेहतर तरीके से निभाने का प्रयत्न करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को प्रशासन अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा, भारतीय वन सेवा, राज्य सेवा अधिकारियों के संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को नई दिल्ली से ऑनलाइन संबोधित करते हुए यह बात कही।



**जवाबदारी**

**▸▸ कर्मचारियों को प्राप्त अधिकार जन-आकांक्षाओं और जनहित की पूर्ति के लिए हैं : सीएम**

**मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षुओं से किया संवाद:** आर.सी.पी.वी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में भारतीय प्रशासनिक सेवा 2023 बैच का राज्य प्रशिक्षण कार्यक्रम, भारतीय वन सेवा 2022 बैच का आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम और राज्य सिविल सेवा 2019-20 बैच का संयुक्त आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम 10 जून से आरंभ हो रहा है। वन जे.एन. कंसोटिया, सचिव सामान्य प्रशासन जी.वी. रश्मि तथा संचालक प्रशासन अकादमी मुजीबुर्रहमान ने दीप प्रज्वलित कर किया।

# चुनावी हार के कारण तलाश रही बसपा ने की समीक्षा बैठक



**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ:** लोकसभा चुनाव में लखनऊ सहित प्रदेश के तमाम लोकसभा सीटों पर बसपा को करारी हार मिली। चुनावी हार के कारण तलाशने के लिए बसपा के पदाधिकारी अपने क्षेत्रों में बैठकें कर रहे हैं। लखनऊ में भी मण्डल कार्यालय पर हार के कारणों की समीक्षा बैठक की गयी। गोरखपुर मंडल में बसपा का हाथी मजबूत स्थिति में होने के बावजूद चल नहीं सका। बसपा बहुत सारे समीकरण बनाने के बाद मंडल की तीन लोकसभा सीटों पर जीत के दावे कर रही थी। फिर भी परिणाम विपरीत आया। गोरखपुर मंडल में बसपा को अपेक्षा के अनुरुप जीत नहीं मिली, अब दायित्व वाले कार्यकर्ताओं से चुनावी हार की समीक्षा की जा रही है। लखनऊ में बिजली पासी किला क्षेत्र स्थित मंडल कार्यालय में बसपा के कार्यकर्ताओं ने चुनावी समीक्षा की। चुनाव में हार की समीक्षा में मुस्लिम कंडिडेट के दिये जाने से समाजवादी पार्टी को फायदा होने, अपने मुख्य कैडर को पीछे करने, मीडिया मैनेजमेंट में बसपा के पीछे होने, जमीनी कार्यकताओं को सुविधाएं न मिल पाने जैसे बिन्दु निकल कर सामने आये। सुल्तानपुर और जौनपुर में बसपा के तेजतर्रार प्रत्याशियों की हार की समीक्षा कर रहे कार्यकर्ताओं ने बसपा के वोट बैंक के समाजवादी पार्टी की ओर सरक जाने की बात कही। जौनपुर में अपने पदाधिकारियों के भी लालच में आकर चुपके से पलटने की बात बसपा के कार्यकताओं ने की। बसपा कार्यकताओं ने बड़ी बैठक कर समीक्षा करने पर जोर दिया। प्रदेश में बसपा की हार के बाद समीक्षा के लिए बड़े स्तर पर भी विचार मंथन हो रहा है।

**हार के कारण**

**▸▸ गोरखपुर मंडल में बसपा का हाथी मजबूत स्थिति में होने के बावजूद चल नहीं सका**

# कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंचे भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकत्ता:** देश में हुए लोकसभा चुनाव का परिणाम 4 जून को चुनाव आयोग ने जारी किया। भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए ने केंद्र में सरकार बनाई। रविवार को हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री पद की तीसरी बार नरेंद्र मोदी ने शपथ ली। जिसमें विपक्षी दल शामिल नहीं हुए। हालांकि विपक्षी दलों के नेताओं को शनिवार देर शाम आमंत्रण भेजा गया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस समारोह का हिस्सा बने थे। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस की नेता ममता बनर्जी ने स्पष्ट किया था कि वे इस समारोह का हिस्सा नहीं बनेंगी। न ही उनकी पार्टी का कोई अन्य नेता इसमें शामिल होगा। वहीं सोमवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में चुनाव बाद हिंसा की कई घटनाएं हो रही हैं। भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के वकील बिल्वादल भट्टाचार्य ने पीठ के समक्ष कहा कि याचिकाकर्ता पीड़ितों की सुरक्षा के लिए आदेश की मांग कर रहा था। जिसमें न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य भी शामिल थे।

मुख्य न्यायाधीश टी एस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि अदालत भाजपा नेता की याचिका पर बुधवार को सुनवाई करेगी।



**चुनाव बाद हिंसा**

**▸▸ दावा किया कि लोकसभा चुनाव के बाद राज्य में चुनाव बाद हिंसा की कई घटनाएं हो रही हैं**

# सपा नेता आजम खां को कोर्ट से मिली एक और राहत



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुरादाबाद:** समाजवादी पार्टी के नेता आजम खां से जुड़े डूंगरपुर के एक और मामले में फैसला आ गया है। कोर्ट ने इस मामले में सपा नेता आजम खां समेत चार लोगों को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। सपा नेता आजम खां के खिलाफ 2019 में डूंगरपुर बस्ती में रहने वाले लोगों ने बस्ती को खाली कराने के नाम पर लूटपाट, चोरी, मारपीट, छेड़खानी समेत अन्य धाराओं में गंज थाने में 12 मुकदमे दर्ज कराए थे। जिनमें चार मुकदमों में फैसला आ चुका है। दो मामलों में सपा नेता बरी हो चुके हैं, जबकि दो में सजा हो चुकी है। सपा नेता फिलहाल सीतापुर जेल में बंद हैं। बस्ती निवासी एक व्यक्ति द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे में दोनों पक्षों की ओर से बहस पूरी होने के बाद सोमवार को कोर्ट ने इस मामले में अपना फैसला सुनाया।

# सिक्किम: भारी बारिश के कारण बाढ़ और भूस्खलन

**टीम एक्शन इंडिया**

**सिक्किम:** दक्षिण सिक्किम के नामची जिले में लगातार हुई भारी बारिश के बाद ऊपरी यांगांग में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें अभी तक तीन लोगों की मौत की खबर है जबकि एक महिला की हालत गंभीर है और एक व्यक्ति लापता बताया गया है। घायल को सिंगताम जिला अस्पताल ले जाया गया है। बाढ़ के कारण कई घर बह गए और भारी नुकासन हुआ। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले हालात का जायजा लिया। राहत और बचाव का काम जारी है। अधिकारियों ने बताया कि रविवार रात से जारी भारी बारिश के चलते दक्षिण सिक्किम के नामची जिले के ऊपरी यांगांग के माजुआ में गांव में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई।

**बेघर हुए**

**▸▸ यांगांग में सोमवार सुबह अचानक बाढ़ आ गई। इसमें अभी तक तीन लोगों की मौत की खबर है**

# प्रज्ज्वल रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

**टीम एक्शन इंडिया**

**बंगलूरू:** जनता दल सेक्युलर (जेडी-एस) से निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं। पहले उन पर कई महिलाओं के यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप लगे। इसके बाद उन्हें हासन लोकसभा सीट से हार भी झेलनी पड़ी और अब उन पर कानून का शिकंजा कसता जा रहा है। यौन शोषण और दुष्कर्म के आरोप में बंगलूरू की एक विशेष अदालत ने रेवन्ना को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।

**अदालत में एसआईटी ने रेवन्ना पर लगाई कई आरोप:** बता दें कि कर्नाटक सरकार ने मामले की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। एसआईटी द्वारा रेवन्ना को अदालत में पेश किया गया है। इससे पहले 31 मई को अदालत ने रेवन्ना को 6 जून तक एसआईटी की हिरासत में भेजा था। इसके बाद हिरासत को 10 जून तक बढ़ाया गया। जेडी-एस से निष्कासित नेता को हिरासत में विस्तृत जांच का सामना करना पड़ा। एसआईटी ने इकट्ठा किए गए सबूत, गवाहों के बयानों के आधार पर रेवन्ना से पूछताछ की। इसके बाद अदालत में पूर्व सांसद के खिलाफ कई आरोप दायर किए। इसके बाद कोर्ट ने भी आरोपों की गंभीरता को समझते हुए रेवन्ना की हिरासत को 14 दिन के लिए बढ़ा दिया। अब प्रज्वल को 24 जून तक एसआईटी की कड़ी पूछताछ का सामना करना होगा। अदालत ने आरोपों की गंभीरता और एसआईटी द्वारा पेश किए गए सबूतों को ध्यान में रखते हुए उन्हें 24 जून तक 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला किया। हासन लोकसभा सीट में मतदान से ठीक पहले प्रज्वल के विवादित और आपत्तिजनक वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हुए थे।



**राहत नहीं**

**▸▸ निष्कासित किए गए नेता और पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रहीं**

# यमुनोत्री की यात्रा पर आए यूपी के तीर्थयात्री की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**

**बड़कोट(उत्तरकाशी):** उत्तराखंड में यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए एक श्रद्धालु की मौत हो गई। इसके साथ ही यमुनोत्री धाम में जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 23 पहुंच गई है। जबकि चारधाम यात्रा के दौरान जान गंवाने वाले यात्रियों की संख्या 100 से ज्यादा पहुंच गई है। यमुनोत्री धाम की यात्रा पर आए उत्तर प्रदेश निवासी रमा शंकर त्रिपाठी(65) की जानकीचट्टी यमुनोत्री पैदल मार्ग पर भैरव मंदिर के पास तबीयत बिगड़ गई।

# टारगेट किलिंग: कनाडा में लुधियाना के युवक की हत्या, जांच जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**कनाडा:** पंजाब के लुधियाना से कनाडा में पढ़ने गए भारतीय छात्र की वहां गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह 2019 में छात्र वीजा पर कनाडा गया था, वर्तमान में कनाडा का स्थायी निवासी का दर्जा मिल गया था। जानकारी के मुताबिक, 28 वर्षीय युवराज सेल्स एक्जिक्यूटिव था। उसके पिता राजेश गोयल लकड़ी का कारोबार करते हैं, वहीं मां शकुन गृहिणी हैं। युवराज का कोई क्रिमिनल रिकॉर्ड नहीं है न ही उसकी किसी से कोई दुश्मनी थी। कनाडा पुलिस हत्या की जांच में लगी हुई है। वहीं परिवारजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। 7 जून सुबह 8:46 बजे सरे पुलिस को एक कॉल आया, जिसमें पता चला कि 164 गली के 900 वें ब्लॉक में गोली चली है। जब पुलिस वहां पहुंची तो पता चला कि युवराज मर चुका है। हालांकि पुलिस चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें सरे से 23 वर्षीय मनवीर बसरम, 20 वर्षीय साहिब बसरा, 23 वर्षीय हरकीरत और ऑनटेरियो से काइलोन फ्रानकोइस को शनिवार को गिरफ्तार किया है। इन पर प्रथम डिग्री हत्या का आरोप है। युवराज गोयल की बहन चारू सिंघला ने बताया कि वह कार डीलरशिप कंपनी में काम करता था। चारू ने बताया कि उसके परिवार को कोई आइडिया नहीं है कि उसे क्यों मारा गया। उन्हें नहीं पता कि युवराज का किसी घटना से कोई संबंध है या नहीं। युवराज के जीजा भवदीप ने बताया कि गोली लगने से ठीक पहले युवराज ने फोन पर अपनी मां से बात की थी। भवदीप ने बताया कि युवराज अपनी दिनचर्या के अनुसार जिम से वापस लौटा था। उसे कार से बाहर निकालकर गोली मार दी गई। वहीं पुलिस ने बताया कि गोलीबारी के तुरंत बाद अधिकारियों को एक वाहन में आग लगने की सूचना मिली थी। पुलिस ने यह भी बताया कि प्रारंभिक साक्ष्यों से पता चलता है कि यह लक्षित गोलीबारी थी।



**चार गिरफ्तार**

**▸▸ पंजाब के लुधियाना से कनाडा में पढ़ने गए भारतीय छात्र की वहां गोली मारकर हत्या कर दी गई।**

# अभी नहीं मिलेगी गर्मी से राहत




**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** गर्मी से राहत की उम्मीद लगाए बैठे लोगों को मौसम विभाग ने बड़ा झटका दिया है। विभाग ने बताया कि अभी कई राज्यों में तापमान में एक बार फिर बढ़ोत्तरी देखने को मिलेगी और फिर से इन इलाकों में गर्म हवाएं चलेंगी। विभाग ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। गौरतलब है कि उत्तरी भारत के कई हिस्सों में कुछ दिनों से तापमान में गिरावट दर्ज की गई थी लेकिन फिर से इसके बढ़ने के आसार हैं। दक्षिणी राज्यों में मानसून की आहट के बीच उत्तर पश्चिम एवं पूर्वी भारत में हालात फिर से बिगड़ने वाले हैं। मौसम विभाग की मानें तो इन इलाकों में भीषण गर्मी का एक और दौर शुरू हो गया है और अगले पांच दिनों में तापमान में दो से तीन डिग्री की वृद्धि हो सकती है। आईएमडी ने एक बयान में कहा कि अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर-पश्चिम और पूर्वी भारत में लू से गंभीर लू चलने की संभावना है। मौसम कार्यालय ने कहा कि गर्मी की लहर का असर जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड, ओडिशा और गंगीय पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों पर देखा जा सकता है। इससे पहले भारत में अप्रैल और मई में तीव्र और लंबी गर्मी ने लोगों का जीना मुहाल किया था। यहां तक कि उत्तर प्रदेश, बिहार और ओडिशा सहित कई राज्यों से हीटवेव से लोगों की मरने की भी खबरें आई थीं। विशेषज्ञों का कहना है कि इसके लिए प्राकृतिक रूप से होने वाली अल नीनो घटना जिम्मेदार थी, जोकि मध्य और पूर्वी प्रशांत महासागर में समुद्री सतह की असामान्य गर्मी और वातावरण में ग्रीनहाउस गैसों की तेजी से बढ़ते कंसंट्रेशन के परिणामस्वरूप होती है।

**चेतावनी**

**▸▸ कई राज्यों में फिर बढ़ेगा पारा, मौसम विभाग ने दी लू चलने की चेतावनी**

**जलभराव** मुंबई के कुछ स्थानों पर 62-87 प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना है, भारी बारिश के कारण सड़कों पर गाड़ियां डूब गई

# मानसून की दस्तक के बाद भारी बारिश से मुंबई पानी-पानी, लोग परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुंबई में रविवार को भारी बारिश के कारण कई जगहों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। मौसम विभाग के अनुसार, मुंबई के कुछ स्थानों पर 62-87 प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के चलने की संभावना है।

भारी बारिश के कारण सड़कों पर गाड़ियां डूब गई। मौसम विभाग ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। बीएमसी के एक अधिकारी ने कहा कि मुंबई के पूर्वी हिस्सों में 61.29 मिमी और पश्चिमी क्षेत्रों में 73.78 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग ने कहा, "अगले तीन से चार दिनों के भीतर मुंबई, ठाणे और रायगढ़ जिलों के विभिन्न स्थानों पर 62-87 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाओं के साथ बिजली गिरने और भारी बारिश होने की संभावना है।" बृहन्मुंबई नगर निगम के अनुसार, "रविवार रात 11 से 12 बजे तक एक घंटे की अवधि में 55-77 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई।"

**मछुआरों को उत्तरी-दक्षिणी महाराष्ट्र के पास न जाने की सलाह:** पूर्वी उपनगरों में 28-40 मिलीमीटर तक बारिश हुई, जबकि पश्चिमी उपनगर में 48-77 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। बारिश की स्थिति को देखते हुए मछुआरों को नौ से 13 जून तक उत्तरी और दक्षिणी महाराष्ट्र के पास जाने से मना किया गया है। मौसम विभाग ने कहा, "नौ से 13 जून को उत्तर महाराष्ट्र तट और उसके आसपास 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवा चलने की संभावना है। इस दौरान मछुआरों को सलाह दी जाती है कि वे इस समय उत्तर महाराष्ट्र तट पर और उसके बाहर न जाएं।" मौसम एजेंसी ने बताया कि महाराष्ट्र की अनुकूल परिस्थिति के कारण दक्षिण-पश्चिम मानसून 11 जून की अपनी सामान्य अवधि से दो दिन आगे बढ़ गया है। बता दें कि मानसून आमतौर पर 11 जून तक आता है, लेकिन पिछले साल अरब सागर के ऊपर चक्रवात बिपरजॉय के कारण इसकी शुरूआत 24 जून को हुई थी। मौसम एजेंसी ने महानगरों के लिए यलो अलर्ट जारी कर दिया है।"। इसी के साथ मौसम विभाग ने स्थानीय लोगों को आज अपने घरों से बाहर निकलते समय सावधानी बरतने की सलाह भी दी है।



**यलो अलर्ट**

**▸▸ बारिश के कारण रेड अलर्ट, रत्नागिरी के लिए ऑरेंज अलर्ट और रायगढ़ के लिए यलो अलर्ट जारी**